kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-297 | बुधवार, 27 नवम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



जिस प्रकार से संविधान सभा में अलग अलग विचार धारा वाले विद्वानों ने एक एक अनुच्छेद पर विचार मंथन करके पूरी गरिमा एवं मर्यादा से सहमति या असहमति व्यक्त की, हमें भी उसी उत्कृष्ट परंपरा को सदनों में अपनाना चाहिए।

ओम बिरला

मुंबई से सौ ट्रेनें, 300 लोकल ट्रेनें ज्यादा चल सकेंगी : वैष्णव 11
भारत का संविधान सुदृढ़ एवं लोक कल्याणकारी दस्तावेज: राज्यपाल 12

## संक्षेप

### मुख्तार अंसारी की पत्नी का ओमेक्स हाइट में फ्लैट कुर्क

**लखनऊ।** गाजीपुर जिलेकी पुलिस ने मंगलवार को लखनऊ के विभूति खंड स्थित ओमेक्स अपार्टमेंट के चेल्सिया टावर में मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशां का फ्लैट नंबर-1402 कुर्क कर दिया। इस फ्लैट की कीमत करीब 54 लाख रुपये आंकी गई है। गाजीपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत यह कार्रवाई की है। अफशां पर गाजीपुर और मऊ जिले की पुलिस ने 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। अफशां अंसारी को पुलिस मुख्तार की मौत से पहले से ही ढूंढ़ रही है। उसके खिलाफ विभिन्न जिलों में 11 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गाजीपुर पुलिस ने मंगलवार सुबह विभूतिखंड कोतवाली मे इस कार्रवाई के बारे में बताया। इस पर विभूतिखंड थाने से भी पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। यहां मौजूद कुछ लोगों ने पहले कार्रवाई का विरोध किया लेकिन पुलिस की सख्ती के आगे उनकी नहीं चली। उन्हें बताया गया कि अफशां पर यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की जा रही है। उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज है। अफशां मूल रूप से यूसुफपुर मोहम्मदाबाद के दर्जी मोहल्ला की रहने वाली हैं। गाजीपुर और मऊ पुलिस उसे लगातार ढूंढ़ रही है। उसकी तलाश में कुछ समय पहले एसटीएफ ने भी कई जगह दबिश दी थी पर उसे अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है।

### बंगलादेश में अपराधी खुलेआम, शांतिपूर्ण मांग करने वाले को जमानत तक नहीं : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने बंगलादेश में हिन्दू प्रतिरोध व्यक्त करने वाले अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कान) के संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और जमानत से इनकार किये जाने पर आज गहरी चिंता जताई और बंगलादेश की सरकार से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की अपील की। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा, हमने श्री चिन्मय कृष्ण दास, जो बंगलादेश सम्मिलित सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता भी हैं, की गिरफ्तारी और जमानत से इनकार पर गहरी चिंता व्यक्त की है। यह घटना बंगलादेश में चरमपंथी तत्वों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर कई हमलों के बाद हुई है।
विदेश मंत्रालय ने कहा कि अल्पसंख्यकों के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आगजनी और लूटपाट के साथ-साथ चोरी और तोड़फोड़ तथा देवताओं और मंदिरों को अपवित्र करने के कई मामले दर्ज कराये गये हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन घटनाओं के अपराधी बड़े पैमाने पर खुले घूम रहे हैं जबकि शांतिपूर्ण माध्यम से वैध मांग करने वाले एक धार्मिक नेता के खिलाफ आरोप लगाए जा रहे हैं।
विदेश मंत्रालय ने कहा, हम श्री दास की गिरफ्तारी के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अल्पसंख्यकों पर हमलों पर भी चिंता व्यक्त करते हैं।

# संविधान लोकतांत्रिक गणतंत्र की सुदृढ़ आधारशिला : मुर्मू

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को देश का सबसे पवित्र ग्रंथ बताते हुए मंगलवार को कहा कि राष्ट्र ने संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के अनेक बड़े लक्ष्यों को प्राप्त किया है।

मुर्मू ने संविधान दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), नारी शक्ति वंदन अधिनियम और तीन आपराधिक कानूनों को लागू किए जाने का भी उल्लेख किया। संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा, ''हमारा संविधान, हमारे लोकतांत्रिक गणतंत्र की सुदृढ़ आधारशिला है। हमारा संविधान, हमारे सामूहिक और व्यक्तिगत स्वाभिमान को सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा, ''बदलते समय की मांग के अनुसार नए विचारों को अपनाने की व्यवस्था हमारे दूरदर्शी संविधान निर्माताओं ने बनाई थी। हमने संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के अनेक बड़े लक्ष्यों को प्राप्त किया है। उन्होंने संविधान सभा के अध्यक्ष एवं प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद और संविधान के रचनाकार डॉ बाबासाहब भीमराव आंबेडकर के योगदान का भी उल्लेख किया। मुर्मू ने कहा, ''बाबासाहब आंबेडकर की प्रगतिशील और समावेशी सोच की छाप हमारे संविधान पर अंकित है। संविधान सभा में बाबासाहब के ऐतिहासिक संबोधनों से यह तथ्य स्पष्ट होता है कि भारत, लोकतंत्र की जननी है। राष्ट्रपति ने संविधान सभा की 15 महिला सदस्यों के योगदान का भी स्मरण किया। उन्होंने कहा, ''हमारी संविधान सभा में हमारे देश की विविधता को अभिव्यक्ति मिली थी। संविधान सभा में सभी प्रान्तों और क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति से, अखिल भारतीय चेतना को स्वर मिला था। मेरा मानना है कि संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित आदर्श एक दूसरे के पूरक हैं। राष्ट्रपति ने कहा, ''समग्र रूप से, ये सभी आदर्श ऐसा वातावरण उपलब्ध कराते हैं जिसमें हर नागरिक को फलने-फूलने, समाज में योगदान देने, तथा साथी नागरिकों की मदद करने ● शेष पेज 11 पर

## इतिहास

- संविधान अब संस्कृत और मैथिली में भी, पुरानी संसद में एक मंच पर दिखे पीएम मोदी और राहुल गांधी
- राष्ट्र ने संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लक्ष्य हासिल हुए: राष्ट्रपति

### संविधान ने देश में बदलाव लाने में मदद की: प्रधान न्यायाधीश

**नयी दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मंगलवार को कहा कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र और भू-राजनीतिक नेता के रूप में उभरा है तथा यह बदलाव लाने में देश के संविधान ने उल्लेखनीय मदद की है।
प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारत की यात्रा परिवर्तनकारी रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने विभाजन और उसके बाद की भयावहता के बीच बड़े पैमाने पर निरक्षरता, गरीबी और संतुलन सुनिश्चित करने वाले मजबूत लोकतांत्रिक प्रणाली के अभाव से लेकर अब नेतृत्व करने वाला एवं आत्मविश्वास से भरा देश बनने तक का सफर तय किया है। न्यायमूर्ति खन्ना ने उच्चतम न्यायालय में 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन' (एससीबीए) द्वारा आयोजित संविधान दिवस समारोह में कहा, ''लेकिन इसके (इस यात्रा के) पीछे भारत का संविधान है, जिसने यह परिवर्तन लाने में मदद की है। यह आज जीवन जीने का एक तरीका है, जिसका पालन किया जाना चाहिए। संविधान सभा द्वारा 1949 में भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने की याद में 2015 से हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इससे पहले इस दिन को विधि दिवस के रूप में मनाया जाता था। अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणि और एससीबीए अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने भी सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में न्यायमूर्ति खन्ना ने 'बार' के महत्व और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा, ''हम अक्सर न्यायपालिका को न्यायाधीशों के रूप में संदर्भित करते हैं, लेकिन न्यायपालिका 'बार' का भी समान रूप से प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा, ''मैं ऐसी न्यायपालिका की कल्पना नहीं कर सकता, जहां 'बार' के सदस्य इसका अभिन्न अंग न हों। आप भी न्यायपालिका का उतना ही हिस्सा हैं जितना कि न्यायाधीश। सीजेआई ने कहा कि वह 1983 से 2005 तक 'बार' के सदस्य थे और इसके बाद उन्हें न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। उन्होंने कहा कि 'बार' के सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल न्यायाधीश के रूप में ● शेष पेज 11 पर

## संविधान के मार्गदर्शन में हो रहा है विकसित भारत का निर्माण: मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। नरेंद्र मोदी ने संविधान को वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक बताते हुए मंगलवार को कहा कि इसकी मूल भावना के अनुसार ही उनकी सरकार विकसित भारत का निर्माण कर रही है।

संविधान दिवस के अवसर पर उच्चतम न्यायालय की ओर से आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा,ल्लहमारा संविधान हमारे वर्तमान और हमारे भविष्य का मार्गदर्शक है। आज हर देशवासी का एक ही ध्येय है- विकसित भारत का निर्माण। सरकार लगातार इसी दिशा में काम कर रही है। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे 53 करोड़ लोगों के बैंक खाते खोले गए, जिन्हें आजादी के बाद से अब तक यह सुविधा नहीं मिली थी। पिछले 10 वर्षों में चार करोड लोगों को पक्का मकान दिए गए जो खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर थे। इसी प्रकार 10 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन दिए गए। श्री मोदी ने कहा कि पिछले 5-6 वर्षों में 12 करोड़ से अधिक लोगों को नल से जल पहुंचने की व्यवस्था की गई। आजादी के बाद इससे पहले मात्र तीन करोड़ लोगों के पास नल से जल की व्यवस्था थी। उन्होंने कहा दिव्यांग और थर्ड जेंडर लोगों के लिए कई प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। डेढ़ करोड़ से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था इस सरकार ने की, जबकि 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को मुफ्त इलाज दी जा रही है। उन्होंने ने कहा कि अब सभी के लिए 80 प्रतिशत तक की छूट के साथ दवाईयां उपलब्ध है। पूरे देश में टीकाकरण शत प्रतिशत किया जा रहा है। पिछड़े जिलों में विकास की गति तेज की गई है। उन्होंने कहा कि ढाई करोड़ घरों को बिजली के मुफ्त कनेक्शन दिए गए। आजादी के बाद पहली बार 'जमीन बैंक' की व्यवस्था की गई जिसमें जमीन से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान की मूल भावना के अनुसार लोगों को न्याय दिलाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने कहा, हमारे संविधान निर्माता ये जानते थे कि भारत की आकांक्षाएं, भारत के सपने समय के साथ नई ऊंचाई पर पहुंचेंगे। वो जानते थे कि ● शेष पेज 11 पर

## सैन्य-कूटनीति में तालमेल जरूरी : सेना प्रमुख

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सैन्य-कूटनीतिक तालमेल के महत्व पर जोर देते हुए बाहरी खतरों का मुकाबला करने के लिए परिचालन तत्परता और रणनीतिक समन्वय को जीत का आधार बताया है।

जनरल द्विवेदी ने मंगलवार को पुणे में गिरिनगर स्थित सैन्य प्रोद्योगिकी संस्थान (एमआईएलआईटी) के प्रतिष्ठित मेहरा ऑडिटोरियम में रक्षा सेवा तकनीकी स्टाफ कोर्स (डीएसटीएससी) में प्रशिक्षण ले रहे सेना के युवा सैन्य कमांडरों और अगली पीढ़ी के सैन्य अधिकारियों को संबोधित किया। सेना प्रमुख ने युद्ध के उभरते तौर तरीकों पर विस्तार से चर्चा की और परिवर्तन की निरंतर गति तथा समय के साथ आगे चलने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत के संदर्भ में उभरते खतरों और चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए जनरल द्विवेदी ने सेना द्वारा की जा रही




परिवर्तनकारी पहलों पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से परिवर्तन अभियान के अनुरूप बहुमुखी प्रतिभा, अनुकूलनशीलता और दृढ़ संकल्प की भावना को अपनाने का आग्रह किया। सैन्य-कूटनीतिक तालमेल के महत्व पर जोर देते हुए, सेना प्रमुख ने बाहरी खतरों का मुकाबला करने के लिए एकता की शक्ति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि परिचालन तत्परता और समन्वय, एक अजय सेना का आधार हैं। सैन्य सोच में बड़े बदलाव का आह्वान करते हुए उन्होंने अधिकारियों से युद्ध के हथियारों और तकनीकों की फिर से कल्पना करने और पुनर्निर्माण का आग्रह किया। ● शेष पेज 11 पर

# जीतें तो ठीक, आप हार जाएं तो ईवीएम खराब

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बजाय चुनावों में बैलेट पेपर के इस्तेमाल की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और पीबी वराले की पीठ ने कहा, 'जब आप चुनाव जीतते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं होती है। जब आप चुनाव हार जाते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ हो जाती है।

याचिकाकर्ता केए पॉल ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए मतपत्रों को फिर से लागू करना जरूरी है और ईवीएम से छेड़छाड़ की आशंका है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने दावा किया है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। उन्होंने एलन मस्क के इस दावे का भी हवाला दिया कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है। हालांकि, पीठ ने कहा, 'जब चंद्रबाबू नायडू या रेड्डी हारते हैं, तो



- बैलेट पेपर से चुनाव कराने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज

वे कहते हैं कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जाती है। जब वे जीतते हैं, तो वे कुछ नहीं कहते। हम इसे कैसे देख सकते हैं? हम इसे खारिज कर रहे हैं।' जस्टिस नाथ ने कहा, 'यह वह जगह नहीं है जहां आप इस सब पर बहस कर सकते हैं।

वैलेट पेपर से मतदान के अलावा, याचिका में कई दिशा-निर्देशों की मांग की गई है, जिसमें चुनाव आयोग को यह निर्देश देने की भी मांग की गई कि यदि कोई उम्मीदवार चुनाव के दौरान मतदाताओं को धन, शराब या अन्य भौतिक प्रलोभन वितरित करने का दोषी पाया जाता है, तो उसे कम से कम पांच साल के लिए अयोग्य घोषित किया जाए। जब याचिकाकर्ता के.ए. पॉल ने कहा कि उन्होंने जनहित याचिका दायर की है, तो पीठ ने कहा, 'आपके पास दिलचस्प जनहित याचिकाएं हैं। आपको ये शानदार विचार कहां से मिले?' याचिकाकर्ता ने कहा कि वह एक ऐसे संगठन के अध्यक्ष हैं जिसने तीन लाख से अधिक अनाथों और 40 लाख विधवाओं को बचाया है। पीठ ने पलटवार करते हुए कहा, 'आप इस राजनीतिक क्षेत्र में क्यों उतर रहे हैं? आपका कार्य क्षेत्र बहुत अलग है। याचिकाकर्ता केए पॉल ने बताया कि वे 150 से अधिक देशों की यात्रा कर चुके हैं, तो पीठ ने उनसे पूछा कि क्या प्रत्येक देश में बैलेट पेपर से मतदान होता है या इलेक्ट्रॉनिक मतदान का प्रयोग होता है। याचिकाकर्ता ने कहा ● शेष पेज 11 पर

## चार राज्यों में राज्यसभा की छह सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को चार राज्यों में राज्यसभा की रिक्त छह सीट के लिए 20 दिसंबर को उपचुनाव कराने की घोषणा की है।

आंध्र प्रदेश में तीन रिक्तियां तब पैदा हुई थीं, जब वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सदस्य वेंकटरमण राव मोपीदेवी, बीड़ा मस्तान राव यादव और रयागा कृष्णैया ने अगस्त में उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। राज्यसभा सदस्य के रूप में यादव और कृष्णैया का कार्यकाल 21 जून, 2028 को समाप्त होना था, जबकि मोपीदेवी को 21 जून, 2026 को सेवानिवृत्त होना था। ओडिशा में एक रिक्ति तब हुई, जब सुजीत कुमार ने अपनी सीट छोड़ दी। इसके बाद उन्हें बीजू जनता दल द्वारा निष्कासित कर दिया गया था। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल, 2026 को समाप्त होना था। तृणमूल कांग्रेस के जवाहर सरकार ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के बाद अप्रैल में इस्तीफा दे दिया था। वह अप्रैल 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले थे। भारतीय जनता ● शेष पेज 11 पर

## पहले साक्ष्य जुटाए जाएंगे, फिर अपराधियों को कटघरे में खड़ा किया जाएगा : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेकहा है कि सपा सरकार में अंधकार युग था। उस समय एक भू-माफिया नेलखनऊ में बने इस फारेंसिक इंस्टीटयूट की जमीन पर कब्जा कर लिया था। उनकी सरकार में भू-माफिया पर कार्रवाई कर जमीन को खाली कराया गया। अब इस जमीन पर इतना भव्य इंस्टीटयूट का संचालन हो रहा है। उन्होंने विपक्षियों पर हमला बोलते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति क्या थी, यह किसी से छिपा नहीं है। तब कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी थी। गुंडागर्दी चरम पर थी। शरीफ व्यक्ति घर से बाहर आने से डरता था। माफिया अपनी समानान्तर सरकार चलाते थे। अब सब कुछ बदल गया है। अपना प्रदेश दंगा, गुंडा और माफिया से मुक्त हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने ये बातें मंगलवार को संविधान की 75 वीं वर्षगांठ पर उत्तर प्रदेश फोरेंसिक साइंस इंस्टीट्यूट में शुरू हुए दो

- तीनों नए कानून का उद्देश्य अपराध व दंड नहीं बल्कि न्याय दिलाना है
- साइबर अपराध को रोकने के लिए तकनीक का सकारात्मक इस्तेमाल करने की जरूरत
- मुख्यमंत्री ने इंस्टीटयूट में आडिटोरियम का किया उद्घाटन
- नए कानूनों के तहत न्याय प्रक्रिया में फोरेंसिक साइंस व साइबर सिक्योरिटी की भूमिका पर सेमिनार शुरू

दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि कहे। यह सेमिनार नए आपराधिक कानूनों के तहत 'न्याय प्रक्रिया में फोरेंसिक साइंस और साइबर सुरक्षा की भूमिका के विषय पर हो रहा है। पहलेसाक्ष्य जुटाए जाएंगे, फिर अपराधियों को कटघरे में खड़ा किया जाएगा मुख्यमंत्री ने कहा कि नए बने तीनों कानून का भाव आपराधिक संहिता और दंड संहिता नहीं है बल्कि न्याय संहिता है। यह नागरिकों की ● शेष पेज 11 पर

कांग्रेस ने संविधान का गला घोंटा, अंबेडकर के संविधान में नहीं थे 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' : योगी आदित्यनाथ

# संविधान का गला घोंटने वालों को जनता ने सिखाया सबक

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। संविधान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित समारोह में संविधान की उद्देशिका का पाठन कराया और संविधान निर्माताओं को नमन किया। मुख्यमंत्री ने भारत के संविधान को दुनिया का सबसे विस्तृत और सशक्त संविधान बताते हुए कहा कि बाबा साहब ने सबसे पहले संविधान के रूप में एक भारत श्रेष्ठ भारत की आधारशिला रखी। इस दौरान सीएम योगी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संविधान की उद्देशिका से छेड़छाड़ कर कांग्रेस ने भारत के संविधान का गला घोंटा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान 26 नवंबर 1949 को दिया था 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्द नहीं थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह दिन हमें अपने लोकतंत्र और संविधान की महानता का स्मरण कराता है।



उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत का सच्चा सपूत बताते हुए कहा कि उनकी अगुवाई में बनी संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी ने न्याय, समता और बंधुता जैसे मूल्यों को संविधान में शामिल कर देश को एक सशक्त भविष्य दिया।

उन्होंने बताया कि 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के बाद 1946 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मांग पर संविधान सभा का गठन हुआ था। संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर 1946 को हुई, जिसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद को अध्यक्ष चुना गया। 13 समितियों के माध्यम से संविधान निर्माण का कार्य किया गया, जिसमें ड्राफ्टिंग कमेटी का नेतृत्व बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने किया। संविधान निर्माण के लिए 13 कमेटियों के बहस और फिर उसके महत्वपूर्ण अंशों को संविधान में शामिल किया गया, मुख्यमंत्री ने इन बहसों को संविधान का सार बताते हुए कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को इनसे मार्गदर्शन लेना चाहिए।

- लोकभवन में आयोजित समारोह में सीएम ने दी संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि, बच्चों को किया सम्मानित
- भारत का संविधान 140 करोड़ देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधता है : मुख्यमंत्री
- दुनिया में सबसे पहले भारत ने महिलाओं को दी मताधिकार की शक्ति
- सीएम योगी ने संविधान के आदर्शों को आत्मसात करने का किया आह्वान
- नागरिक अधिकार और कर्तव्य दोनों ही लोकतंत्र के दो महत्वपूर्ण स्तंभ : योगी

सीएम योगी ने भारत के लोकतंत्र की तारीफ करते हुए कहा कि भारत का संविधान हर जाति, मत और मजहब के व्यक्ति को समान मताधिकार देता है। जब दुनिया के अन्य लोकतंत्रों में भेदभाव जारी था, भारत ने पहले ही आम चुनाव में हर वयस्क नागरिक को वोट देने का अधिकार दिया। यह बाबा साहब अंबेडकर और संविधान सभा की दूरदर्शिता का परिणाम है। संविधान दिवस का यह आयोजन प्रदेशवासियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों की महत्ता को समझाने और लोकतंत्र के प्रति उनकी आस्था को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संविधान की उद्देशिका से छेड़छाड़ कर कांग्रेस ने संविधान का गला घोंटा है। कांग्रेस ने संविधान के मूल स्वरूप को बदलने का प्रयास किया और देश की जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाई। यह भाजपा की सरकार है जिसने संविधान के प्रति लोगों की आस्था को मजबूत किया। सीएम योगी ने कहा कि जिन लोगों ने भारत के संविधान का गला ● शेष पेज 11 पर

# भाजपा के लोग मन विधान से चलना चाहते हैं देश : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश संविधान से चलना चाहिए, 'मन-विधान' से नहीं। भाजपा के लोग मन विधान से देश चलाना चाहते हैं संविधान से नहीं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि संविधान हमारा कर्म ग्रंथ है। संविधान को मानना और उसके दिखाए रास्ते पर चलना ही सबसे बड़ा उत्सव है। ये हर दिन सच्चे मन से निभाने वाला फ़र्ज़ है, कोई दिखावटी सालाना जलसा नहीं। एक तरफ़ भाजपा संविधान को ताक पर रखकर मनमानी करना चाहती है, तो दूसरी तरफ़ दिखावा करना चाहती है। भाजपा का ये राजनीतिक दोहरापन देश और देशवासियों के लिए घातक है। जब संविधान के मान-सम्मान और उसे व्यवहार में लाने के संबंध में हालात बद से बदतर हो रहे हैं, संविधान का हर दिन तिरस्कार-अपमान हो रहा है, ऐसे में उत्सव मनाना हमारे सिद्धांतों के ख़िलाफ़ है। अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान ही संजीवनी है। संविधान हमारी रक्षा करता है। समाजवादी सच्चे संविधानवादी हैं। संविधान ही ढाल है। संविधान है तो सुरक्षा है। संविधान है तो शक्ति है। संविधान ही पीडीए का प्रकाश स्तंभ है। अखिलेश यादव ने कहा कि संभल में हजारों लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। वहां के सांसद,विधायक व उनके पुत्र पर मुकदमे लगाये जा रहे हैं। पूरी गलती सरकार की है। सर्वे के खिलाफ नहीं थे। लेकिन सर्वे टीम के पीछे जो नारे लगा रहे थे। क्या उनके खिलाफ कोई कार्यवाई हुई। विपक्ष न जाये वहां पर। वहां पर लोग परेशानी में हैं। वहां इंटरनेट बंद है। कोई जा नहीं सकता। हमारे सभी सांसद संभल जाना चाहते हैं। दोनों को जाने की अनुमति नहीं हैं। अगर हम भी जाना चाहें तो नहीं जा सकते।

# हाई कोर्ट ने मेरठ के खनन माफिया के दो बेटों की जमानत याचिका खारिज की

❐ कोर्ट ने कहा, उनके भागने का खतरा, पिता पहले ही देश छोड़कर भाग चुका है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल ही में मेरठ क्षेत्र के खनन माफिया कहे जाने वाले हाजी इकबाल के दो बेटों को उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और असामाजिक क्रियाकलाप (रोकथाम) अधिनियम, 1986 के तहत एक मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया है। हाजी इकबाल पर अपने बेटों के साथ मिलकर एक अंतरराज्यीय आपराधिक गिरोह चलाने का आरोप है, जो विभिन्न वित्तीय और शारीरिक अपराधों में शामिल है। जस्टिस कृष्ण पहल ने आलीशान की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए पाया कि प्रारम्भिक एफआईआर के बाद, आवेदक और सह आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ अतिरिक्त एफआईआर भी दर्ज की गई हैं। न्यायालय ने आवेदकों, आलीशान एवं जावेद के खिलाफ पारित दो अलग-अलग आदेशों में टिप्पणी करते हुए कहा कि 'यह मामला अधिनियम के दुरुपयोग का नहीं लगता है। क्योंकि आवेदक का आपराधिक इतिहास काफी पुराना है और उसने तत्काल एफआईआर दर्ज होने के बाद भी अपराध किया है। कोर्ट ने कहा कि अदालत को यह मानने के लिए कोई उचित आधार नहीं है कि आवेदक ऐसे किसी अपराध के दोषी नहीं हैं और उनका जमानत पर रहते हुए भविष्य में कोई अपराध करने की सम्भावना नहीं है। जैसा कि यूपी गैंगस्टर्स अधिनियम की धारा 19(4) के तहत अपेक्षित है। आवेदन आलीशान एवं अन्य के खिलाफ थाना मिर्ज़ापुर, सहारनपुर में यूपी गैंगस्टर्स एक्ट में मुकदमा दर्ज है। एकल न्यायाधीश ने यह भी माना कि सह आरोपित व्यक्ति हाजी इकबाल, जो आवेदकों का पिता है, पहले ही देश छोड़कर भाग चुका है और दुबई में रह रहा है। ऐसे में, आवेदकों के भागने का खतरा है। कोर्ट ने इस कारण उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। मामले के अनुसार आवेदक (जावेद और अलीशान) पर एक एफआईआर दर्ज है। इसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपित व्यक्ति, हाजी इकबाल गिरोह का नेता है और आवेदक, पांच अन्य नामित आरोपितों के साथ एक अंतरराज्यीय जिला गिरोह संचालित कर रहा है जो लोगों को उनकी जान लेने की धमकी देने, जबरन वसूली करने और अवैध धन निकालने में शामिल है। एफआईआर में यह भी आरोप लगाया गया है कि वे लकड़ी की तस्करी, अवैध खनन और सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे में शामिल हैं। इस तरह से उन्होंने आम जनता में आतंक, भय और असुरक्षा की भावना पैदा की है।

मामले में जमानत की मांग करते हुए, आवेदकों के वकील ने तर्क दिया कि वर्तमान एफआईआर गैंगस्टर अधिनियम के प्रावधानों का दुरुपयोग है। क्योंकि आवेदक को गैंग चार्ट में उल्लिखित दो मामलों के आधार पर ही इस मामले में फंसाया गया है। जमानत का विरोध करते हुए कहा गया कि आवेदक के भागने का खतरा है क्योंकि उसके पिता हाजी इकबाल पहले ही देश छोड़कर भाग चुके हैं और वह मुख्य आरोपित हैं।

# लाखों की हुई साइबर ठगी मामले में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, वापस हुई पूरी धनराशि

एजेंसी



कानपुर। पांच दिन पूर्व व्यापारी से हुई दस लाख से अधिक की साइबर ठगी मामले में कानपुर साइबर थाने की पुलिस टीम की सक्रियता के चलते मंगलवार को पूरी धनराशि वापस कराने में कामयाब हो गई। यह जानकारी मंगलवार को सहायक पुलिस आयुक्त साइबर क्राइम मो. मोहसिन खान ने दी। उन्होंने बताया कि कानपुर नगर के तिलक नगर निवासी पूजा माथुर पत्नी माधव माथुर ने 20 नवम्बर को साइबर थाना कानपुर में तहरीर देकर बताया कि साइबर ठगों ने उनकी फर्म के चालू खाते की नेटबैंकिंग से छेड़छाड़ कर फर्म के चालू खाते से कुल 10 लाख 95 हजार 888 रूपए उड़ा दिये। इस संबंध में साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा ने तत्काल मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी और जांच के दौरान प्रकाश में आया कि साइबर ठगों द्वारा ठगी की सम्पूर्ण धनराशि से ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफार्म पर आनलाइन शापिंग कर ली गयी। जिसके बाद साइबर क्राइम सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आनलाइन शापिंग के मर्चेंटस को जरिए ईमेल पत्राचार किया गया तथा साइबर क्राइम कानपुर नगर के उच्चाधिकारियों द्वारा मर्चेंट के जरिए ईमेल पत्राचार किया गया तथा साइबर क्राइम कानपुर के अधिकारियों ने मर्चेंट्स कम्पनी दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू स्थित मुख्यालय के नोडल अधिकारियों से वार्ता करके समन्वय कर बताया कि यह ऑनलाइन शॉपिंग साइबर ठगों द्वारा की गई है, इसको तत्काल रोकते हुए उक्त धनराशि पीड़ित के खाते वापस की जाए। जिसके बाद मंगलवार को पीड़ित के खाते में उसकी पूरी धनराशि वापस आ गई।

# सत्ताधर पार्टियों ने संविधान को जनकल्याणकारी मंशा के हिसाब से लागू नहीं किया: मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। संविधान दिवस के अवसर पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सत्ता में रहने वाली खासकर कंग्रेस व भाजपा ने संविधान को इसकी असली जनकल्याणकारी मंशा के हिसाब से लागू नहीं किया जो अति-दुखद। मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि देश का संविधान कोई दिखावटी चीज नहीं बल्कि इसको दिल से अंगीकार करके उसके अनुरूप व्यवहार करना भी बहुत जरूरी है। ख़ासकर भारतीय संविधान 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के मानवतावादी व कल्याणकारी उद्देश्यों को लेकर है ताकि यहां जात-पात मुक्त समतामूलक समाज की स्थापना हो व देश महान बने।


उन्होंने कहा कि देश में संविधान लागू होने के इतने दशकों के बाद भी जमीनी स्तर पर सही व सच्चे सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक लोकतंत्र का अभाव यह साबित करता है।

कि यहां सत्ता में रहने वाली खासकर कंग्रेस व भाजपा ने संविधान को इसकी असली जनकल्याणकारी मंशा के हिसाब से लागू नहीं किया जो अति-दुखद।

मायावती ने कहा कि 'संविधान दिवस' पर बसपा संविधान की भूरि-भूरि प्रशंसा करती हैं, किन्तु इसके मुख्य शिल्पी परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी संभव होगी जब उनके करोड़ों शोषित-उपेक्षित अनुयाइयों के जीवन में आरक्षण आदि के जरिए बेहतरी आएगी। इसके लिए बसपा ही समर्पित। दरिद्रता झेल रहे लगभग 140 करोड़ लोगों के भारत देश की पूंजी में विकास के जरिए जनता की गरीबी, बेरोजगारी एवं पिछड़ापन दूर करने का अपार जनहित व जनकल्याण का कार्य नहीं होना।

बल्कि कुछ मुट्ठीभर लोगों का विकास होना यहाँ हर संतुलन को बिगाड़ने वाला, जिससे बहु-अपेक्षित जनविकास कैसे संभव ।

## जमुनापार के कौंधियारा मे निपुण एसेसमेंट टेस्ट हुआ संपन्न



**प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों के तहत प्रयागराज जनपद के कक्षा 1 से 8 के सभी परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के बच्चों का निपुण एसेसमेंट टेस्ट 25 और 26 नवंबर को संपन्न कराया गया. खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार अवस्थी के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में विकासखंड के सभी 98 विद्यालयों में एआरपी शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ला, अनिल कुमार सिंह, अनुराग पांडे एवं विनोद कुमार मल्ल द्वारा अनुश्रवण एवं अपेक्षित सहयोग से सकुशल संपन्न करते हुए ओएमआर द्वारा स्कैन कर डाटा पोर्टल पर भेजा गया, प्रथम दिन कक्षा 1 से 3 के नामांकित 4891 बच्चों के सापेक्ष 4825 बच्चे और द्वितीय दिवस कक्षा चार से आठ के नामांकित 6366 बच्चों के सापेक्ष 6274 बच्चे उपस्थित रहे. कक्षा 1 से 3 में 98.7% और 4 से 8 मे 98.6 % उपस्थिति के साथ विकासखंड कौंधियारा जनपद में विशेष स्थान पर रहा. अरुण कुमार अवस्थी और चारों एआरपी द्वारा उक्त सफलता में सभी शिक्षकों के सहयोग की सराहना की गई।

## किसान यूनियन भानु का हुई बैठक दर्जनों लोगो ने ली सदस्यता



**कोरांव प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को कोरांव मांडा वाली रोड डी आर एजेंसी पर डॉ बीके सिंह प्रदेश महासचिव भारतीय किसान यूनियन भानु ने दर्जनों लोगो किसान संघ मे सदस्यता दिलाते हुये संघ को और मजबूत बनाने का काम किया है जिससे किसानो की लड़ाई मजबूती सें लड़ा जा सके बैठक मे प्रदेश सचिव के अलावा नागेंद्र प्रताप सिंह, रत्नाकर सिंह, ज्योती प्रकाश सिंह, राजेश सिंह आरपी सिंह, राकेश कुमार सिंह, शिवम सिंह, विनय सिंह, दिलीप सिंह प्रभाशंकर पाण्डेय, राम नारायण वर्मा,, सत्येंद्र सिंह, मौजूद रहे

## पढ़ने पर ही मिलेगा सबको संवैधानिक अधिकार : जस्टिस वीरेंद्र सिंह

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सामाजिक चेतना फाउंडेशन न्यास द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर आम नागरिक के जीवन मे संविधान की भूमिका विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन कैफ़ी आज़मी सभागार, पेपर मिल कॉलोनी लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. बी. पी. अशोक, आईपीएस व जस्टिस वीरेंद्र सिंह यादव द्वारा संविधान की उद्देशिका पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. बी. पी. अशोक ने कहा कि भारत का संविधान सभी को साथ लेकर चलता है चाहे वह किसी भी धर्म-जाति का हो, चाहे वह अमीर हो या गरीब, संविधान सभी को समान अधिकार देता है। विशिष्ट अतिथि प्रो. रोमा स्मार्ट व संगीता थापर ने कहा कि भारत का संविधान ने सभी को एकता के सूत्र में बांध रखा है। इसलिये हमे संविधान को सर्वोपरि मानना होगा। मुख्य न्यासी जस्टिस वीरेंद्र सिंह ने कहा कि आज हमें संविधान का पालन कराने के लिये संघर्ष करना पड़ेगा क्योंकि हमारा संविधान सभी को समान अधिकार देता है चाहे वह शिक्षा का अधिकार हो या फिर रोजगार का। इसलिये संविधान का पालन कराने के लिये हमें शिक्षा प्राप्त करनी होगी। पढ़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे, हमें इस नारे के साथ आगे बढ़ना होगा। वरिष्ठ पत्रकार आलोक त्रिपाठी ने कहा कि आज वर्तमान समय की राजनीति ने माहौल को दूषित किया है। इसके लिये हम सभी को मिलजुल रहना होगा। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से महेंद्र मंडल व जस्टिस बी. डी. नकवी ने किया। इस अवसर पर कई वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवेंद्र सिंह एडवोकेट, इंजीनियर आशीष यादव, मनीष यादव, गुरमेज सिंह, गौरव आनंद, संजय कुमार एडवोकेट, मोबीन अजरा, मो. अजीज आदि उपस्थित रहे।

संविधान दिवस पर बाबा साहब को नमन, उनके योगदान को सराहा

मीरजापुर, 26 नवम्बर (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पं. दीनदयालपुरम कॉलोनी, बरौधा कचार में मंगलवार को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके जीवन और संविधान निर्माण में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के उपसभापति विपुल सिंह ने बाबा साहब को भारत के वंचित और पिछड़े वर्गों को समानता और सम्मान दिलाने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि संविधान के माध्यम से बाबा साहब ने सभी धर्मों और नागरिकों के अधिकारों को सुनिश्चित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने की और संचालन जिलामंत्री भाजपा हेमंत त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री दिनेश वर्मा, जिलामंत्री कौशल श्रीवास्तव, पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकुमार विश्वकर्मा, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नागेश्वर तिवारी सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे की जानकारी के साथ हुआ।

## हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**जालौन।** हत्या के मामले में दोष साबित होने पर न्यायाधीश ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और दस हजार रूपये जुर्माना लगाया। शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार गुर्जर ने बताया कि कोंच कोतवाली के कस्बा आराजी लाइन निवासी कल्लू ने कोंच कोतवाली पुलिस को को तहरीर देकर बताया था। कि इकराम को 14 जून 2020 को विनोद व दीनो निवासी कोंच और उसके मामा मूंगा निवासी एधा व एक अज्ञात व्यक्ति उसके घर आए उसके इकराम से बोले हमारे जानवर को दर्द हो रहा है उसको चलकर देख लो उसके देखने इकराम उन लोगों के साथ चले गए उन लोगों ने खेत में ले जाकर हत्या कर दी। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। विवेचना में दो लोगों के खिलाफ कोई सबूत नहीं पाया गया जबकि विनोद अहिरवार के खिलाफ सबूत पाया गया जिस पर पुलिस न चार्जशीट दाखिल कर दी। कोर्ट में ट्रायल के बाद सुनवाई पूरी हुई जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश ई, सी, एक्ट, पारुल पावर ने सबूतों के आधार पर विनोद अहिरवार को हत्या में दोषी पाते हुए अजीवन कारावास की सजा सुनाई और दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

## चूल्हा चौका छोड़ महिलाएं भी पहुंची खाद लेने

**हमीरपुर।** मंगलवार को बिंवार कस्बा में बनीं बिवाँर व भुजपुर-रूरीपारा सहकारी समितियों में पहुँची कृषक महिलाओं की दोनों समितियों के सचिवों से खूब नोकझोंक हुई। बताते चलें कि पलेवा करने के बाद किसान बुवाई के लिए डीएपी खाद की जुगत लगा रहे हैं ,लेकिन बड़ी मारामारी के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है ,मिलती भी है तो एक या दो बोरी। बाँधुर खुर्द के किसान सुदीप पालीवाल ,भुजपुर के आशुतोष ,बिवाँर की जगदेवी आदि ने बताया कि खाद इतनी कम मात्रा में मिल रही है जिससे खेतों की बुवाई हो पानी मुश्किल है। वहीं समिति पहुँची महिलाओं को पुलिस ने जैसे-तैसे समझाकर लौटाया। दूसरी तरफ बिवाँर समिति के सचिव रामफल के और भुजपुर-रूरी पारा के इंचार्ज झंडूलाल ने बताया कि कम मात्रा में डीएपी आ पा रही है इसलिए लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# प्रयागराज-मानिकपुर की तीसरी लाइन एवं निर्माण सहित तीन परियोजनाओं को मिली मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज लगभग 7,927 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली रेल मंत्रालय की तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी है। रेलवे कैबिनेट ने कनेक्टिविटी बेहतर करने, यात्रा आसान बनाने, लॉजिस्टिक्स लागत एवं तेल आयात कम करने और कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन कम करने के लक्ष्य से भारतीय रेलवे की तीन मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से खंडों की मौजूदा लाइन क्षमता में वृद्धि और परिवहन नेटवर्क बढ़ाकर लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार होगा। जिसके परिणामस्वरूप सुव्यवस्थित आपूर्ति श्रृंखला और त्वरित आर्थिक विकास होगा। मंगलवार को डीआरएम कार्यालय में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उक्त जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि तीनों परियोजनाओं की लागत 7,927 करोड़ रुपये (लगभग) है और इन्हें चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। निर्माण अवधि के दौरान परियोजनाओं से लगभग एक लाख मानव दिनों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा।

इन परियोजनांओं में जलगांव-मनमाड चौथी लाइन (160 किमी), भुसावल-खंडवा तीसरी और चौथी लाइन (131 किमी) एवं प्रयागराज (इरादतगंज)-मानिकपुर तीसरी लाइन (84 किमी) है। प्रस्तावित मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं से परिचालन आसान होगा और भीड़भाड़ कम होगी, जिससे मुम्बई और प्रयागराज के बीच सबसे व्यस्त खंडों पर बहुत जरूरी बुनियादी ढांचागत विकास होगा। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के विजन के अनुरूप हैं। जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को ह्लआत्मनिर्भरङ्क बनाएगा, जिससे उनके रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। तीन राज्यों यानी महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के सात जिलों को कवर करने वाली तीन परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 639 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएं दो आकांक्षी जिलों (खंडवा और चित्रकूट) तक कनेक्टिविटी बढ़ाएंगी, जो लगभग 1,319 गांवों और लगभग 38 लाख आबादी को सेवा प्रदान करेंगी। प्रस्तावित परियोजनाओं से मुम्बई-प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर अतिरिक्त यात्री ट्रेनों के संचालन को सक्षम करके कनेक्टिविटी बढ़ेगी। जिससे नासिक (त्र्यंबकेश्वर), खंडवा (ओंकारेश्वर) और वाराणसी (काशी विश्वनाथ) में ज्योतिर्लिंगों के साथ-साथ प्रयागराज, चित्रकूट, गया और शिरडी में धार्मिक स्थलों की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों को लाभ होगा।

# छात्रा की अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने का आरोपित शिक्षक निलंबित

एजेंसी

मुरादाबाद। बीमारी के चलते चिकित्सक को दिखाने के लिए छात्रा की अश्लील फोटो व वीडियो प्रसारित करने के मामले में मुकदमा दर्ज होने के अगले दिन ही आरोपित शिक्षक को स्कूल प्रबंधन ने निलंबित कर दिया। प्रबंधन ने तर्क दिया कि यदि पुलिस की जांच में आरोपित शिक्षक दोषी पाया जाता है तो उसे नौकरी से भी निकालने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं आरोपित टीचर फरार हैं और उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। थाना मझोला के ट्रांसपोर्टनगर चौकी क्षेत्र निवासी 14 वर्षीय किशोरी दिल्ली रोड स्थित पब्लिक स्कूल में 9 वीं कक्षा की छात्रा है। छात्रा के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बेटी के ब्रेस्ट में कुछ परेशानी हो रही थी, जिसे प्राइवेट पार्ट होने के कारण वह डॉक्टर को उनके सामने दिखाने में शर्मा रही थी। छात्रा ने डॉक्टर को दिखाने के लिए अपने मोबाइल में ब्रेस्ट व उसके आसपास की एक वीडियो और कुछ फोटो बना ली थीं। छात्रा के वीडियो और फोटो की जानकारी उसकी कक्षा में पढ़ने वाली दूसरी छात्रा को लग गई। पिता का आरोप है कि लगभग 15 दिन पूर्व बेटी के स्कूल में एक कार्यक्रम था। उसी दौरान उसकी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा ने बहाने से बेटी का मोबाइल लेकर उसकी आपत्तिजनक वीडियो और फोटो अपने मोबाइल में ट्रांसफर कर ली। इतना ही नहीं उसने फोटो को अपने बहुत से दोस्तों में वायरल कर दिया। मंगलवार को स्कूल प्रबंधन ने आरओपित शिक्षक को निलंबित कर दिया। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि स्कूल में किसी भी छात्र-छात्रा को मोबाइल प्रतिबंधित है। इसलिए स्कूल में किसी तरह का कोई वीडियो या फोटो बनने का मतलब नहीं है। वीडियो और फोटो की पुलिस जांच कर रही है। उसकी जांच में सारी स्थिति साफ हो जाएगी। जांच में स्कूल प्रबंधन पूरा सहयोग करेगा। मामले में थाना मझोला इंस्पेक्टर मोहित चौधरी ने आज बताया कि सोमवार को तहरीर के आधार पर छात्रा की सहेली और फोटो वायरल करने वाले शिक्षक कामरान के खिलाफ मझोला थाने में पॉक्सो और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करके जांच कर दी थी। आरोपित की तलाश में दबिश भी दी जा रही है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इंस्पेक्टर ने बताया कि मंगलवार को स्कूल प्रबंधन ने आरोपित शिक्षक को निलंबित कर दिया हैं और जांच में सहयोग के लिए कहा है।

# कुम्भ मेला-2025 के मद्देनजर चार एक्सप्रेस ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त अनारक्षित सामान्य कोच



एजेंसी

मुरादाबाद। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि कुम्भ मेला-2025 को ध्यान में रखते हुए रेलगाड़ी संख्या 14308/14307 बरेली-प्रयागराज संगम-बरेली एक्सप्रेस एवं 14229/14230 प्रयागराज संगम-योगनगरी ऋषिकेश- प्रयागराज संगम एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से अतिरिक्त अनारक्षित (सामान्य ) कोच लगाये जाएंगे। सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि गाड़ी संख्या 14308 बरेली-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस में बरेली स्टेशन से चार सामान्य (अनारक्षित ) कोच आगामी 10 जनवरी से 28 फरवरी तक तथा गाड़ी संख्या14307 प्रयागराज संगम-बरेली एक्सप्रेस में प्रयागराज संगम स्टेशन से चार सामान्य (अनारक्षित ) कोच 13 जनवरी से 3 मार्च तक लगाये जाएंगे।

सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि गाड़ी संख्या 14229 प्रयागराज संगम-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस में प्रयागराज संगम स्टेशन से छह सामान्य (अनारक्षित) कोच 12 जनवरी से 27 फरवरी तक तथा रेलगाड़ी संख्या 14230 योगनगरी ऋषिकेश-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस में योगनगरी ऋषिकेश स्टेशन से 13 जनवरी से 28 फरवरी तक छह सामान्य (अनारक्षित ) कोच लगाये जाएंगे।

# हमें भारत के संविधान पर सभी को गर्व होना चाहिए: इन्द्र विक्रम सिंह

एजेंसी



गाजियाबाद। जिले में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में तो नगर निगम सभागार में महापौर सुनीता दयाल के अध्यक्षता में संविधान दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया और अधिकार एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का लाइव कार्यक्रम भी देखा गया। लाईव प्रसारण के बाद जिलाधिकारी समेत सभी गणमान्य अधिकारी/कर्मचारियों ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर के की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद जिलाधिकारी ने संविधान की उद्देशिका पाठन किया गया जिसमें उन्होने कहा कि ''हम, भारत के लोग, भारत को एक (सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य) बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को : सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और (राष्ट्र की एकता और अखण्डता) सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प हैं। इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि हमें भारत के संविधान पर गर्व है और सभी को गर्व होना भी चाहिए। संविधान की उद्देशिका, भारत के संविधान की आत्मा है। इसके शब्दों में पूर्ण संविधान का सार है। यदि हम संविधान की उद्देशिका को अंगीकृत और आत्मार्पित करते हैं तो समझ ?लिजिए की हमने पूर्ण संविधान को ही अंगीकृत कर लिया है। उधर गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय के साथ-साथ सभी नगर निगम के विद्यालयों में भी संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।। महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में महापुरुषों तथा शहीदों को याद करते हुए हर्ष उल्लास के साथ संविधान दिवस मनाया गया। महापौर ने सभी उपस्थित जनों को शुभकामनाएं दी गई। अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत हर्ष उल्लास से संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए, स्कूलों में भी संविधान दिवस मनाया गया। बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी की गई। विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में प्रधानाचार्य तथा अध्यापिकाओं ने भी अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ ली।

# बंथरा में नहीं थम रहा प्रतिबंधित पेड़ों का कटान

## लकड़हारे अवैध तरीके से पेड़ काटकर सरकार की पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को लगा रहे पलीता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में एक लकड़ी का ठेकेदार आधा दर्जन गूलर के पेड़ काटकर उठा ले गया। इसकी जानकारी होने पर जब दूरभाष पर बात की गई तो ठेकेदार ने रेंजर के ड्राइवर को पैसे देकर पेड़ कटाए जाने की बात कही है। बीते सोमवार को बंथरा थाना क्षेत्र की ग्राम सभा लोनहा में रेलवे क्रॉसिंग के लगभग सौ मीटर की दूरी पर हरे भरे गूलर के पेड़ों को काटकर उजाड़ दिया गया। इस संबंध में एक व्यक्ति ने दूरभाष पर बात की तो ठेकेदार ने अपना नाम विकास ग्राम सभा लोनहा थाना बंथरा बताया और कहा रेंजर के ड्राइवर मनोज से इस संबंध में बात हुई है और उनको रुपए भी दिए हैं। ठेकेदार ने रेंजर के ड्राइवर मनोज का नंबर भी बात करने के लिए उपरोक्त व्यक्ति को दिया गया। जिस तरीके से ठेकेदार विकास ने बेहिचक रेंजर के ड्राइवर मनोज का नाम लेकर गूलर के छः पेड़ों को कटवाने के लिए पैसे देने के लिए कहा जा रहा है, उससे यह जरूर प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं इसमें विभागीय कोई ना कोई जरुर शामिल हैं। ठेकेदार की बात सुनकर तो यही लग रहा है कि विभागीय अमला और लकड़ी माफियाओं की गठजोड़ अच्छी तरीके से हो चुकी हैं। जिसके चलते निडर होकर आए दिन लड़ककटे प्रतिबंधित और हरे भरे फलदार पेड़ों पर भी आरा चलाने से परहेज नहीं कर रहे हैं।

> इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है मैं अभी मौके पर टीम भेज कर मामले की जांच करवाता हूं, मामला सही पाए जाने पर दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।
>
> **डीसी पंत रेंजर**
> **सरोजनीनगर लखनऊ**

# ऊदा देवी की प्रतिमा से लेकर अंबेडकर प्रतिमा तक निकाली गई संविधान यात्रा




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ।भारतीय संविधान दिवस के मौके पर वीरांगना ऊदा देवी की प्रतिमा से डा अंबेडकर की प्रतिमा तक संविधान यात्राएं का आयोजन किया गया। संविधान दिवस की 75 वी वर्ष गांठ 26 नवंबर 2024 को मनायी गई।इस मौके पर अंग्रेजों की गुलामी व अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 से अंग्रेजों से आजादी के बाद 26 नवम्बर 1949 भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया।इस मध्य संघर्षों को याद दिलाने वाली संविधान यात्रा का आयोजन पारख महासंघ के तत्वाधान में वीरांगना उदा देवी की प्रतिमा सिकंदरा बाग चौराहा से डा अंबेडकर की प्रतिमा हजरत गंज तक आयोजित की गई। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार कौशल किशोर, विधायक मोहन लाल गंज अमरेश कुमार रावत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा अवध क्षेत्र उत्तर प्रदेश वीरेन्द्र कुमार रावत, विकाश किशोर, आशु, ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा, दिनेश पासी, राजा रावत, विजय पाल सिंह, अनीता रावत, माता प्रसाद पेंटर ,ब्लॉक प्रमुख रामबिलास रावत, अवधेश प्रताप सिंह, जितेन्द्र रावत, मनोज प्रजापति, सूरज रावत, गया प्रसाद , के अलावा कार्यक्रम में लगभग 100 लड़कियां भी वीरांगना उदा देवी के भेष में मौजूद रही।

# गुर्जर गैंग के दर्जनो दबंगों का ताडंव, मुकदमा दर्ज


**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलाल गंज कोतवाली क्षेत्र के बैरी सालपुर गांव में एक तिलक समारोह में डांस को लेकर हुए विवाद में दबंग गुर्जर गैंग के आधा दर्जन से अधिक युवकों ने घर वालो एवं शादी समारोह मे आये लोगो से गाली गलौज व मारपीट करते हुए गाड़ियों में तोड़फोड़ की पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नाम जद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है । मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के बैरी सालपुर निवासी दिलीप चौरसिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते सोमवार की रात मेरे बेटे प्रांशु का तिलक समारोह चल रहा था तभी डीजे पर डांस के दौरान बैरी सालपुर निवासी रोहित ने लोगों से अभद्रता करने पर जब मेरे बेटे हिमांशु ने विरोध किया तो उसने अपने साथी बउआ , विकास , सत्यम , शिवकरन समेत मेरे बेटे हिमांशु व साले मोहित चौरसिया को मारा पीटा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल मोहित को हम लोगों ने एक पिकअप पर बैठाकर अस्पताल ले जाने लगे तो विपक्षी गणों ने लाठी डंडों से पिकअप गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया । इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि दिलीप की तहरीर पर युवकों के विरुद्ध नाम जद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है ।

# डेयरी पर दूध देने गए युवक पर दबंग ने सिर पर किया वार, हालत गंभीर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**नगराम के हरदोइया बाजार स्थित ममता दूध डेयरी की घटना**

नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के हरदोइया बाजार स्थित ममता डेयरी पर बीते रविवार की शाम दूध देने गए युवक को एक दबंग ने जमकर पीट दिया , मामले में पुलिस ने भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगराम क्षेत्र के दौरिया मजरा हरदोइया निवासी राकेश ने मंगलवार को मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका छोटा भाई राजेश बीते रविवार की शाम हरदोइया बाजार खरगापुर मार्ग स्थित ममता डेयरी पर दूध देने गया था तभी खरगापुर निवासी विक्रम शराब के नशे में आकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगा विरोध करने पर पीटा और जमीन गिरा दिया आरोप है कि इसी बीच विक्रम ने उसके भाई राजेश उर्फ कल्लू के सिर पर ईंट से वार कर दिया जिससे व बेहोश हो गया , ग्रामीणों को आता देख विक्रम राजेश को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। पड़ोसियों की मदद से परिजन राजेश को घायलावस्था में सीएचसी गोसाईगंज लें गये जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया परिजनों के मुताबिक राजेश की हालत गंभीर बनी हुई है। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़ित के भाई राकेश की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है मामले की जांच की जा रही है।

## साइबर क्राइम करने वालों को नही हो रहा पुलिस का खौफ

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। साइबर क्राइम की इन दिनों धूम मची है फोन काल पर लोगों को कंगाल करने वालों का आंकड़ा दिनों दिन बढ़ता जा रहा है ये ऐसा जाल बिछाते हैं जिससे बच पाना बहुत मुश्किल होता है ऐसा ही एक वाक्या राजधानी लखनऊ के नक्खास क्षेत्र भदेवा में रहने वाले मोहम्मद अरशद खान नाम के व्यक्ति के साथ हुआ अरशद के मोबाईल फोन पर क्राइम ब्रांच बनकर फोन आता है और बताया जाता है कि तुम अश्लील फिल्में देखते हो क्रोम ब्राउजर पर वह राजनीतिक व संपादक बातें भी उसे पर शेयर करते हो इसीलिए आपको अरेस्ट किया जाता है और आपको गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा इतना सुनकर अरशद सन्न रह जाता है क्योंकि वो इस तरह की किसी गतिविधि मे शामिल ही नही है ये सब सुनकर उसे महसूस हो गया कि वो साइबर क्राइम का शिकार होने वाला है तो उसने कुछ उलटे सवाल कर दिए जिससे उधर से गाली गलौज शुरु हो गई और तो और जेल मे भेजनें की बात तक कह डाली ताकि अगले को लगे ये वाकई क्राइम ब्रांच से ही होगा लेकिन अरशद उनके मंसूबो को भाँप गया तो उनकी एक ना चली मतलब साफ था कि क्राइम करने वाला चाह रहा था कि उसकी बातों मे आ कर पैसा ट्रांसफर करो नही तो गाली सुनो अब अरशद थोड़ा परेशान है कि उसके इस 70606 44561 पर किसकी कॉल थी कौन है वो जिसे पुलिस का खौफ नही है और जो लोगों को इस तरह अपना शिकार बना रहा है।उम्मीद है साइबर सेल को अरशद के सभी सवालों का जवाब देना चाहिए और आश्वस्त करना चाहिए कि ऐसे क्राइम करने वालों का सारा हिसाब किताब वो खंगाल कर उन्हे सख्त सज़ा भी दिलवायेंगे।

## गेस्ट हाउस से मोटरसाइकिल चोरी

सरोजनीनगर, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक पार्टी में शामिल होने आए व्यक्ति की मोटरसाइकिल अज्ञात चोर उठा ले गए। जिसका मुकदमा पीड़ित ने बंथरा थाने पर दर्ज कराया है। थाने की पुलिस अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गई मोटरसाइकिल का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पिंटू पुत्र राम चंदर दरोगा खेड़ा थाना सरोजनीनगर ने बताया कि बीती 24 नंबर को मैं अपनी पत्नी रत्ना के नाम रजिस्टर्ड ब्लैक कलर लाल पट्टीदार हांडा साइन मोटरसाइकिल नं यूपी 32 पीक्षके 7101 से बंथरा स्थित आजाद गेस्ट लेकर निमंत्रण में गया था, रात लगभग नौ बजे गेस्ट हाउस के बाहर पार्किंग में मोटरसाइकिल लाक कर खड़ी कर मैं अंदर जाकर पार्टी में खाना खाकर करीब एक घंटे बाद घर जाने के लिए हुआ तो मेरी मोटरसाइकिल वहां से गुम थी। पिंटू का कहना है कि मैंने मोटरसाइकिल की काफी खोजबीन इधर-उधर की लेकिन कहीं पता नहीं चला, इसकी सूचना मैंने डायल 112 पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन करके वापस चली आई।

## संस्कृति मंत्रालय द्वारा गठित समिति में लखनऊ विवि के कुलपति बने सदस्य

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा गठित समिति में सदस्य के रूप में लखनऊ विवि के कुलपति प्रोफ़ेसर आलोक कुमार राय का चयन किया गया है। इसकी अध्यक्षता गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। यह उच्च-स्तरीय समिति डॉ. हरेकृष्ण महताब की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में गठित की गई है। डॉ. हरेकृष्ण महताब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख व्यक्तित्व, और ओडिशा के मुख्यमंत्री (1946 से 1950 और 1956 से 1961 तक) रहे हैं। उन्हें ''उत्कल केसरी'' के नाम से लोकप्रिय रूप से जाना जाता है। समिति की जिम्मेदारियों में इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के लिए कार्यक्रमों की योजना बनाना, उनकी निगरानी करना, और उनके सफल क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन व निरीक्षण प्रदान करना शामिल है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ, प्रोफ़ेसर आलोक कुमार राय को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की महासभा के सदस्य के रूप में भी नामित किया गया है। यह कार्यकाल 5 नवंबर से शुरू होकर तीन वर्षों तक चलेगा। यह नामांकन भारत सरकार के शिक्षा मंत्री द्वारा संघ के नियम 3(द्वप) और 3 के प्रावधानों के तहत किया गया है। प्रोफ़ेसर आलोक कुमार राय के दूरदर्शी नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। विश्वविद्यालय ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय श्रेणी में 97वां स्थान प्राप्त किया है। राज्य-वित्तपोषित सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में इसे 32वां स्थान और विधि के क्षेत्र में प्रभावशाली 23वां स्थान प्राप्त हुआ है। यह उत्तर प्रदेश का पहला गैर-विशेषज्ञ (सामान्य) राज्य विश्वविद्यालय है जिसने नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों की सूची में स्थान प्राप्त किया है। प्रोफ़ेसर राय के नेतृत्व में, विश्वविद्यालय ने देश में पहली बार नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) को सत्र 2020 से लागू किया है। इसमें चौथे वर्ष के यूजी बैच की शुरुआत, क्रेडिट ट्रांसफर प्रणाली, बहु-प्रवेश और निकास विकल्प, और एक वर्षीय पीजी कार्यक्रम का आरंभ शामिल है।

# एसआर ग्लोबल स्कूल में अभिव्यक्ति क्लास प्रेजेंटेशन का भव्य शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**






बीकेटी,लखनऊ। लखनऊ के बीकेटी स्थित एसआर ग्लोबल स्कूल में 'अभिव्यक्ति'क्लास प्रेज़ेंटेशन का भव्य शुभारंभ हुआ।यह प्रेज़ेंटेशन अपने आप में अनूठा और खास है,क्योंकि इसमें कक्षा के हर विद्यार्थी को सक्रिय भागीदारी का मौका दिया जाता है।अभिव्यक्ति के आयोजन की खासियत यह है कि जहां सामान्य वार्षिकोत्सव या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कुछ ही बच्चों को मंच पर प्रस्तुति का अवसर मिलता है,वहीं इस प्रेज़ेंटेशन में कक्षा के सभी विद्यार्थियों को संवाद,नृत्य और अभिनय जैसे माध्यमों से अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।कार्यक्रम की अवधि लगभग एक से डेढ़ घंटे होती है और केवल संबंधित कक्षा के अभिभावकों को आमंत्रित किया जाता है।विद्यालय के चेयरमैन और सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान ने कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि'अभिव्यक्ति' का उद्देश्य विद्यार्थियों को मंच पर प्रदर्शन का आत्मविश्वास प्रदान करना और नई शिक्षा नीति के अनुरूप शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से उन्हें सीखने का अवसर देना है।कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों से संवाद करते हुए पवन सिंह चौहान ने कहा हमारा ध्येय कम से कम शुल्क में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है।इस शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ,आदर्श और स्वावलंबी नागरिक बनाना है,जिन पर माता-पिता और समाज गर्व कर सकें।''अभिव्यक्ति' के इस सफल आयोजन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और विद्यालय के बीच सशक्त सामंजस्य स्थापित किया और यह शिक्षा तथा संस्कृति का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## वाहनों को सार्वजनिक खड़ा कराने पर दुकानदारों को नगर निगम की नोटिस

लखनऊ। लालबाग के नावेल्टी चौराहे पर आटो पार्ट, कार सजावट, खाने आदि की दुकानों के सामने दो पहिया या चार पहिया वाहनों को सार्वजनिक खड़ा कराने पर दुकानदारों को नगर निगम ने धारा 296 व अन्य के तहत नोटिस भेजा है। नगर निगम की ओर से दुकानों के बाहर नोटिस चस्पा भी कर दिया गया है। नगर निगम के नोटिस पर दुकानदारों में आक्रोश है। दुकानदार किशोरी लाल ने कहा कि नगर निगम ने नोटिस देकर लालबाग के नावेल्टी चौराहे को जाम से मुक्त करने के लिए दुकानदारों को वाहनों को खड़ा होने से रोकने के लिए कहा है। खरीदारी करने वाले लोगों को वाहन खड़ा करने पर रोकने से वे नहीं मानते हैं। अपनी खरीदारी के दौरान ग्राहक सड़क किनारे ही वाहन खड़ी करता है। ऐसे में दुकानदार क्या करें, उसे नोटिस भेजना बेहद गलत है। किशोरी लाल ने कहा कि यहां समोसा चाय, दवा, आटो पार्टस, मोबाइल सामग्री की दुकानें है। इसमें आटो पार्टस लगवाने आने वाले लोगों के वाहन ही कुछ देर तक सड़क पर खड़े रहते है। बाकि दुकानदारों के यहां तो लोग अपने सामग्री को लेकर चले जाते हैं।

# इटौंजा थानांतर्गत महोंना में गन्ना लदे ट्रक ने स्कूली छात्र को रौंदा, प्रदर्शन




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बीकेटी,लखनऊ । इटौंजा थानांतर्गत पुलिस सहायता केंद्र महोंना के पास इटौंजा कुर्सी मार्ग पर स्कूल से परीक्षा देकर वापस साईकिल से घर जा रहे हैं छात्र को गन्ना लदे ओवरलोड ट्रक ने रौंद दिया,जिससे छात्र ने मौक़े पर ही दम तोड़ दिया और मौक़े पर ही ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया,मृतक छात्र के परिजन घटना से आक्रोशित होकर मार्ग को जाम कर दिया और फरार चालक की तुरंत गिरफ्तारी व मुआवजे के लिए विधायक को बुलाने पर अड़ गए।वहीं प्रदर्शन के कारण रोड पर जाम लग जाने के कारण यातायात ठप हो गया और कई किलोमीटर तक वाहनों की लाइनें लग गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले तो प्रदर्शनकारियों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन जब बात नहीं बनी तो मामला बढ़ता देख स्थिति को संभालने के लिए कई थानों की पुलिस को मौक़े पर बुलाया गया और खुद सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी ऋषभ रूणवाल मौजूद रहें।वही घटना की सूचना पर बीकेटी विधायक योगेश कुमार शुक्ला मौक़े पर पहुंचे और मृतक छात्र के परिजनों को समझा बुझाकर हरसंभव मदद व मुआवजा देने का आश्वासन दिया तब जाकर मृतक छात्र के परिजन प्रदर्शन को ख़त्म किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार इटौंजा थानांतर्गत महोंना वार्ड न010 कसाई टोला निवासी मोहित लोधी का बड़ा बेटा अंश उर्फ़ नंदू(13)वर्ष प्राथमिक विद्यालय महोना में कक्षा-4 का छात्र था वह अपने स्कूल से मंगलवार दोपहर को परीक्षा देकर साइकिल से घर वापस जा रहा था तभी महोना चौराहे के पास बाराबंकी जा रहे गन्ना लदे ट्रक यूपी 43एटी0862 ने छात्र को रौंद दिया जिससे उसकी मौक़े पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया था।घटना स्थल पर पहुंचे छात्र के परिजन अक्रोशित होकर सड़क जामकर प्रदर्शन किया,वही क्षेत्रीय विधायक योगेश कुमार शुक्ला ने मौक़े पर

## रोड़ कम चौड़ी व सड़क के किनारे पटरी न होना बन रहा हादसों का मुख्य कारण

इटौंजा कुर्सी मार्ग पर प्राइवेट से लेकर कामर्शियल वाहनों का हजारों की संख्या में प्रतिदिन आवागमन होता है तथा छात्र छात्राएं भी साइकिल से स्कूल शिक्षा ग्रहण करने जाते है, लेकिन रोड़ कम चौड़ा तथा रोड़ के किनारे सड़क पटरी न होने के कारण कई बार बड़े हादसे हो चुके है,जिसमें दर्जनों की संख्या में पुरुष से लेकर महिलाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है,लेकिन फिर भी संबंधित विभाग इन समस्याओं के निदान दिलाने में अपनी रुचि नहीं दिखा रहा है,आख़िर कब तक इसी तरह लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा।इससे पहले भी लगभग दो वर्ष पूर्व ट्रैक्टर ट्रॉली से एक परिवार अपने रिश्तेदारों के साथ मुंडन करने जा रहा था तभी इसी थानांतर्गत भिखारीपुर गांव के पास रोड़ कम चौड़ी तथा सड़क के किनारे रोड़ पटरी न होने कारण ओवरटेक के चक्कर में ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क के किनारे खाई में पलट गई थी जिसमें दर्जनों लोगों की मौतें हो गई थी,लेकिन संबंधित विभाग की आंखे अभी तक नही खुली है कही न कहीं यह एक जांच का विषय है।

## तेज़ रफ़्तार से कस्बे से होकर निकलते है कमर्शियल वाहन

इटौंजा कुर्सी मार्ग पर इटौंजा,महोंना तथा कुम्हरावां कस्बा पड़ता है,जहां काफ़ी चहल पहल सुबह से लेकर रात तक बनी रहती है,लेकिन ट्रक,डंफर,बस सहित अन्य कमर्शियल वाहन कस्बे से होकर तेज़ रफ़्तार में निकलते है,जिस कारण हमेशा हादसे होने का डर बना रहता है और कई सड़क हादसे भी हो चुके है,लेकिन न तो लोकनिर्माण विभाग इस समस्या पर ध्यान दे रहा है और न ही क्षेत्रीय पुलिस इन तेज़ रफ्तार वाहनों पर कोई कड़ी कार्यवाही कर रही है,अगर इन तेज़ रफ़्तार वाहनों पर कोई कड़ी कारवाई पुलिस द्वारा की जाए तो काफ़ी हद तक सड़क हादसों पर लगाम लग सकता है।

## डेनमार्क राजदूत फ्रेडी स्वेन ने स्वतंत्रदेव सिंह से की भेंट, जल जीवन मिशन के कार्यो की जमकर की सराहना

लखनऊ। भारत में डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन ने अपने विदाई कार्यक्रम से पहले मंगलवार को उत्तर प्रदेश में पुराने परिचितों से भेंट मुलाकात की। राजदूत फ्रेडी स्वेन ने उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह से शिष्टाचार भेंट करते हुए जल जीवन मिशन के कार्यो की जमकर सराहना की। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन को स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप देकर उनका अभिवादन किया। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने डेनमार्क के राजदूत से हुई चर्चा के संबंध में हिन्दुस्थान समाचार से बताया कि आज सुबह मेरे सरकारी आवास पर डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन पधारें और उनसे तमाम बिन्दुओं पर चर्चा हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश सहित देश में जल जीवन मिशन के कार्यो की चर्चा के दौरान उन्होंने जमकर सराहना किया। मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बताया कि मैंने राजदूत फ्रेडी स्वेन से महानगरों में बह रही ?नदियों की चर्चा की। जिसमें दिल्ली में यमुना और लखनऊ में गोमती नदियों के जल के दूषित होने पर फ्रेडी स्वेन से सुझाव मांगा।

## जिलाधिकारी ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग एवं वी0वी0 पैट भण्डारण कक्ष का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष एवं वी0वी0 पैट भण्डारण कक्ष (वेयर हाउस का वाह्य निरीक्षण) का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरे की जांच टी0वी0 स्क्रीन पर देखी एवं साफ-सफाई के निर्देश भी दिये।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन विभाग कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला कार्यालय पर मनाया गया संविधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया इस अवसर पर सर्वप्रथम भारत के प्रथम कानून मंत्री भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व पार्टी पदाधिकारीयों द्वारा पुष्पांजलि की गई।

इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया की 26 नवंबर 1949 को हमारे संविधान को स्वीकार किया गया था और इस दिन हम सब वास्तविक स्वायत्तता प्राप्त नागरिक बने थे इसके लिए भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का प्रारूप सभा के अध्यक्ष के रूप में विशेष योगदान रहा है और इस योगदान का




प्रत्येक भारतवासी आभारी है ।और ऋणी भी है भारतीय जनता पार्टी संविधान के पालन के लिए प्रतिबद्ध है और हमारे नेता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने हर विज़न में बाबा साहब की नीतियों और संविधान के नियमों के अनुपालन का व्रत लेकर कार्य करते हैं।

उन्होंने संविधान दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को बधाई भी दी। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भाजपा संविधान पालन को अपना धर्म समझती है जबकि देश का विपक्ष संविधान के सम्मान से बार-बार खिलवाड़ करता देखा गया है।

कांग्रेस पार्टी ने इमरजेंसी लगाकर जो कृत्य किया था।

वह कभी क्षमा नहीं किया जा सकता। लेकिन भारतीय जनता पार्टी संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

और निरंतर संविधान के सम्मान के लिए कार्यरत हैं हमारी पार्टी और संस्कृति का प्रत्येक कार्यकर्ता भारत माता की सेवा कर रहा हैं। ऐसे में संविधान हम सबको शक्ति प्रदान करता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्षा नेहा अवस्थी,विश्राम सागर राठौर, नैमिष रत्न तिवारी, रमेश भार्गव दीपू, सचिन मिश्रा, उदित बाजपेई, जया सिंह, अंकित दीक्षित, संदीप अवस्थी, श्वेताशु बाजपेई सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी व समर्थक उपस्थित रहे।

# डीएम ने गन्ना व धान क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण,दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज टेढ़वा चिलौला व धन्नाग में स्थित गन्ना क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने वहां पर गन्ना तौल कराने वाली गाड़ियों की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि तौलाई के दौरान किसी भी प्रकार की घटतौली न की जाये और किसानों से किसी प्रकार सुविधा शुल्क न लिया जाये। केन्द्रों पर शासन के निर्देशानुसार किसानों हेतु आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं वह पूरी तरह से सजग होनी चाहिये। क्रय केन्द्रों पर किसानों के लिये शुद्ध पेयजल एवं पशुओं के लिये भी पेयजल उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने धन्नाग क्रय केन्द्र पर आये कृषक के ट्रैक्टर पर रिफ्लेक्टर भी लगाया तथा कृषक से वार्ता करते हुये गन्ना की तौलायी मौके पर करायी एवं केन्द्रों पर रखे बाटों को देखा। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि यदि घटलौती की किसी भी केन्द्र से शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने परसेहरामाल व नेवादा में स्थित धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते हुये रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों को किये गये भुगतान की स्थिति एवं अभी तक हुये कुल खरीद की भी जानकारी ली। क्रय केन्द्र पर उपलब्ध उपकरणों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां के प्रभारियों को उपकरण चलाने हेतु प्रशिक्षण दिया जाये तथा जो भी प्रभारी कार्यों में लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जाये। उन्होंने कहा कि सभी क्रय केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की स्थितियों में सुधार लाया जाये। साथ ही ट्रांसपोर्ट की स्थिति की जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि ट्रांसपोर्ट के साथ समन्वय स्थापित करते हुये क्रय किये गये धान को मिलों तक पहुंचाया जाये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, जिला गन्ना अधिकारी एवं खाद्य विपणन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस प्रशासन व राजस्व विभाग के सहयोग से किसानों को मिली डीएपी




- भारतीय किसान यूनियन जनमंच के संघर्ष से समिति सांडा में किसानों को उपलब्ध हुई डीएपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन सीतापुर। अरसे से एक बोरी डीएपी उर्वरक की आस लगाए किसानों का सब्र उस वक्त टूट गया जब लगातार तीन दिन दौड़ने के उपरांत भी साधन सहकारी समिति सांडा के गोदाम का नहीं खुला ताला, थक हार सैकड़ों किसानों ने भारतीय किसान यूनियन जनमंच के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील राज को खाद दिलवाने के लिए प्रार्थना पत्र देकर सहयोग करने को कहा।भाकियू जनमंच यूनिट सकरन तहसील बिसवां के पदाधिकारियों ने किसानों के हितार्थ समिति के सम्मुख ही धरने पर बैठ गए,प्रशासन ने तत्काल संज्ञान ले समिति सचिव ,कृषि रक्षा इकाई के कर्मचारियों,राजस्व लेखपाल सहित नायब तहसीलदार बिसवां को उपस्थित किसानों को खाद उपलब्ध करवाने को आदेशित किया सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करते हुए पुलिस चौकी प्रभारी व हमराही पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर खाद वितरण कराई। जिसके लिए संगठन के पदाधिकारियों प्रमोद वर्मा तहसील अध्यक्ष, सुशील राज ब्लॉक अध्यक्ष, राममिलन यादव संगठन मंत्री,मीरा देवी उपाध्यक्ष महिला मोर्चा राम जती,रेशू भार्गव ब्लॉक अध्यक्ष महिला मोर्चा ने प्रशासन की भूरि भूरि प्रशंसा की।

## गौशाला में चल रहा गौ मांस व चमड़ी तस्करी का धंधा

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड रेउसा क्षेत्र की बरी गौशाला में गौवंशो के चमड़ी का फलफूल रहा कारोबार म्योगी सरकार में भी गौशालाओं में नही सुरक्षित गौवंश म्सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल अवध प्रान्त बिसवां के जिला संयोजक नीरज निगम ने बरी में बनी जनपद की सबसे बड़ी गौशाला के संचालक पर आरोप लगाते हुए थाना रेउसा में शिकायती पत्र देगे हुए बताया कि जब गौशाला का निरिक्षण किया गया तो गौशाला में गौवंश भूंख प्यास व बिना इलाज के तड़प तड़प कर दम तोड़ते नजर आए म्हद तो तब हो गयी जब गौशाला से कुछ दूरी पर देखा गया तो गौशाला में मृतक दर्जनो की संख्या में गौवंश बालू में छिपे पाए गए और गौवंशों के शरीर पर चमड़ी व मांस नही था जिससे यह स्पष्ठ होता हैं कि इस जनपद की सबसे बड़ी गौशाला में गौ मांस व चमड़ी का कारोबार भी किया जाता हैं आखिर किसी किसकी मिलीभगत से गौशाला में चल रहा चमड़ी का धंधाम् आखिर कौन हैं इसका जिम्मेदार म्योगी सरकार में गौवंशो पर अत्याचार करने वालो पर क्या होगी कार्यवाही य फिर यूँ ही मामले को बन्द बस्ते में किया जाएगा कैद।

## संविधान दिवस, दहेज प्रतिषेध दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित कर उनके आत्मविश्वास में वृद्धि के उद्देश्य

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिनाँक 26/11/2024 कों संविधान दिवस, दहेज प्रतिषेध दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागर सीतापुर में माननीय मुख्यमंत्री के लखनऊ से प्रसारित कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी महोदय के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित कर्मचारी व अन्य अतिथियों को संविधान की प्रस्तावना का पठन कराने के पश्चात बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित कर उनके आत्मविश्वास में वृद्धि के उद्देश्य से जनपद में कक्षा 10 व कक्षा 12 की परीक्षा में में सर्वोच्च दस स्थान प्राप्त करने वाली, कक्षा 10 एवं कक्षा 12 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली बालिका प्राची निगम, कशिश को 11000 की डेमो चेक ट्रैक सूट तथा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरक्त नव्या सिंह, स्वाति सिंह, वैष्णवी, अंशिका वर्मा, सोनम पाठक, वर्तिका सोनी, मानसी पोरवाल और अंशी मौर्य, कुलसुम जहां, गौरी सिंह, अगम्या वर्मा, लकी राज, रिया वर्मा, शिखा वर्मा, मंजू वर्मा, गोल्डी वर्मा, अपर्णा गुप्ता, शगुन पटेल, नंदिनी कुमारी, कशिश मौर्य, शीतल वर्मा, पलक मौर्य, साधना मौर्य, पलक मौर्य, अर्पिता सिंह, शिवानी वर्मा, अनु बंशवार, आफरीन बानो, मोनिका सिंह, एकता वर्मा को 5000 रूपए की डेमो चेक ट्रैकसूट, मेडल प्रदान कर मुख्य अतिथि श्रीमती नेहा अवस्थी, अध्यक्ष (न0पा0प0 सीतापुर) द्वारा सम्मानित किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुश्री प्रिया पटेल द्वारा सम्मानित बालिकाओं तथा अभिभावकों को बताया गया कि पुरस्कृत धनराशि बालिकाओं के खाते में प्रेषित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शासकीय भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के दिए निर्देश

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शहरी क्षेत्र के निकट ग्रामों में शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण हटवाए जाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण चिन्हित करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जाय। अभिलेखों का गहनतापूर्वक परीक्षण कराते हुए प्रकरण चिन्हित कराए जाय। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, संबंधित उपजिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर संविधान निर्माता को किया गया नमन

**जालौन।** संविधान दिवस पर मंगलवर को लोकभवन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण उपस्थित गणमान्य तथा अतिथियों ने यहां पर देखा व सुना। संविधान दिवस के अवसर पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का पाठन कराया और संविधान निर्माता को नमन किया। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत के लिए आज का दिन काफी खास है। आज ही के दिन हमारे देश ने संविधान को अपनाया था। बाबा साहेब भीमराव आंबे़डकर के नेतृत्व में हमारा संविधान बना जिसके बाद इसे आज तक सर्वोपरि माना जाता है। इस बात को आज 75 साल हो गए हैं। देश आज संविधान दिवस मना रहा है। भारत जैसे विशाल देश के लोकतंत्र की शक्ति हमारा संविधान ही है, जो हर व्यक्ति के लिए न्याय और समान अधिकार सुनिश्चित कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का मंत्र देता है।

# हिंदू शेर सेना अपने कार्यकर्ताओं को देगा दस लाख तक का नि:शुल्क बीमा

- सीतापुर अपने कार्यकर्ताओं की आकस्मिक मृत्यु पर परिवार को दस लाख देने वाला पहला संगठन बना हिंदू शेर सेना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। में हिंदू शेर सेना के प्रमुख विकास हिंदू ने कहा किसी भी पार्टी या संगठन के लिए उसके कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी शक्ति होते है लेकिन बहुत दुख होता है जब किसी पार्टी या संगठन का कोई कार्यकर्ता जो पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों की निभाता है।

और उसकी किसी बीमारी या दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो मैने देखा है कि सिर्फ संवेदना व्यक्त कर पार्टी या सांगठन अपना पल्ला झाड़ लेता है और उसके बाद उसके परिवार को भी लोग भूल जाते है।बस यही विचार मुझे कुछ दिन से आ रहा था ।और मैने अपने कार्यकर्ताओं के परिवार वालो को किसी के सामने अपना स्वाभिमान न खोना पड़े इसलिए मैने अपने अपने कार्यकर्ताओं की आकस्मिक मृत्यु पर दस लाख तक की सहायता राशि देने का वचन दिया है ।उसकी शुरुआत में अपने स्थापना दिवस चार जनवरी से करूंगा।मेरा कार्यकर्ता और उसका पूरा परिवार मेरा अपना परिवार है। और जैसा कि आपको पता है कि मेरे संगठन के नाम से ही पता चलता है ही मेरा पूरा जीवन हिंदुत्व को समर्पित है तो इसमें मेरे कार्यकर्ता भी सभी हिंदू ही होंगे ।मै अपनी अंतिम। सांस तक अपने लोगों को मजबूत करने का कार्य करता रहूंगा। यही अब मेरे लक्ष्य है, 18 से 40 वर्ष की आयु वाले लोगों को ही मिलेगा लाभ। आत्महत्या में नहीं मिल सकेगा इसका लाभ ।

# ठण्ड के मौसम में गरीब परिवारों को राहत पहुँचाने हेतु व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रैन बसेरा, कम्बल वितरण एवं अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। अलाव एवं रैन बसेरा हेतु स्थलों का चयन भी सुनिश्चित किया जाय। आवश्यक टेंडर समय से कराए जाने के निर्देश भी दिए।कर्मचारियों की ड्यूटी भी समय से लगाया जाना सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों पर पर्याप्त सुरक्षा मानकों के अनुसार गढ्ढा मुक्त सड़क, सड़कों के बीच एवं किनारों पर सफ़ेद मार्किंग आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। वाहनों पर रिफलेक्टर लगवाए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। गन्ने की ढुलाई में प्रयुक्त वाहनों पर रिफलेक्टर अवश्य लगवाया जाय। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठंड से बचाव हेतु सभी चिकित्सालयों में तैयारी कर ली जाय तथा दवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। एम्बुलेस की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। ठंड से जनहानि को रोकने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गौशालाओ में पशुओं हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। तिरपाल, अलाव, हरा चारा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिए। बीमार पशुओं का समुचित उपचार समय से सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया। नोडल अधिकारी गौआश्रय स्थलों का समय से निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। विशेष अभियान चलाकर बेसहारा गोवंश को गौआश्रय स्थलों में भेजने हेतु भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

# राष्ट्रीय कवि संगम पूर्वी उप्र क्षेत्रीय अधिवेशन में कमलेश मौर्य मृदु को मिला काव्य विभूषण सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां -सीतापुर । राष्ट्रीय कवि संगम के क्षेत्रीय अधिवेशन में जनपद के राष्ट्रवादी कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु राष्ट्रीय मंत्री राष्ट्रीय कवि संगम को ''काव्य विभूषण सम्मान'' से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय कवि संगम पूर्वी उत्तर प्रदेश का क्षेत्रीय अधिवेशन बख्शी का तालाब स्थित एस.आर. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन बी के टी के विवेकानन्द सभागार में आयोजित किया गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल परमार्थी, उपाध्यक्ष डा अशोक बत्रा, क्षेत्र अध्यक्ष शिव कुमार व्यास, अवधप्रांत अध्यक्ष अजय प्रधान काशी प्रांत अध्यक्ष अटल नारायण अटल आदि ने श्री मृदु जी को अंगवस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।इसी क्रम में जगदीश मित्तल परमार्थी उपाख्य बाबूजी को ''काव्य कलाधर सम्मान'' व डा अशोक बत्रा को ''काव्य गौरव सम्मान '' से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल परमार्थी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि .पवन सिंह चौहान, सदस्य विधान परिषद उ.प्र सरकार एवं चेयरमैन एस.आर. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन रहे तथा अति विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक बत्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु , दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र मिश्र -उपाध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी, लाल बहादुर , पूर्व विधायक मँझन पुर -काशी प्रान्त संरक्षक ,श्विक्रम सोनी अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता उत्तर प्रदेश सरकार -संरक्षक अवध - प्रान्त एवं शमशेर जमदग्नि - ज्वाइन्ट कमिश्नर सी जी एस टी की गरिमामई उपस्थित रही।कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन क्षेत्रीय अध्यक्ष पूर्वी उ प्र शिव कुमार व्यास जी ने किया।

श्री मृदु ने अतिथियों सहित सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया। अधिवेशन का उद्घाटन उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। बलरामुर इकाई के महामंत्री कन्हैया लाल वर्मा मधुर की वाणी वंदना से प्रारम्भ हुआ। अधिवेशन में बुंदेलखंड प्रांत,काशी प्रांत, गोरक्ष प्रांत और अवध प्रान्त के लगभग 100 कवियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि पवनसिंह चौहान ने अपने संबोधन में बताया कि कविता सैकड़ों वर्षों से हमारे समाज का मार्गदर्शन करती चली आ रही है और आज कवियों को समाज की विसंगतियों पर अपनी लेखनी चलाने की आवश्यकता है क्योंकि कवि समाज का मार्गदर्शक होता है। समाज आपको आशा भरी नजरों से देखता है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कि राष्ट्रीय कवि संगम आज कविता की वाचिक परंपरा का विश्व का सबसे बड़ा संगठन है।इस नाते आज हमारे पास एक बड़ी जिम्मेदारी भी है कि किस प्रकार हमारा संगठन देश की प्रगति में अपना हाथ बँटाए जिससे समाज और देश दोनों आगे बढ़ सकें। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार हमें आने वाले समय में संगठन के कार्य क्षेत्र का विस्तार करना है। प्रथम सत्र में काशी प्रांत के अध्यक्ष अटल नारायण के संचालन में 30 वर्ष से कम आयु के लगभग 35 कवियों ने अपना काव्यपाठ प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में 30 वर्ष से अधिक आयु वाले कवियों ने अवध प्रान्त के मंत्री रवि अवस्थी के संचालन में काव्यपाठ किया।

इस क्षेत्रीय अधिवेशन में संगठन की दृष्टि से चारों प्रांतों के अध्यक्ष ,उनके महामंत्री समेत सभी प्रान्तीय पदाधिकारी एवं जिलों के जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित रहे। इसमें प्रमुख रूप से अवध प्रांत के अध्यक्ष अजय प्रधान, महामंत्री रवि तिवारी , गोरक्ष प्रांत के अध्यक्ष राजेश मिश्र ,काशी प्रांत के अध्यक्ष अटल नारायण एवं बुंदेलखंड प्रांत के अध्यक्ष रोहित चौधरी , महामंत्री सुनील नवोदित की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के उपरांत राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री कमलेश मौर्य मृदु का 69वां जन्मदिवस समारोह पूर्वक मनाया गया तथा बाबूजी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में उपस्थित जनों ने उन्हें बधाई देते हुए शतायु होने की कामना की। कार्यक्रम का समापन अवध प्रांत के अध्यक्ष अजय प्रधान द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत हुआ।

# मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मछरेहटा सीतापुर। मछरेहटा की ग्राम पंचायत बीहट बीरम ,पैदापुर ग्राम पंचायतों में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया। बीहट बीरम में अमृत वाटिका का निरीक्षण किया जिसमें फैव्वारे के साथ बिजली लाइट लगवाने के निर्देश दिया साथ में ही वाटिका की पेंटिंग के भी निर्देश दिए। जिससे वाटिका आकर्षक लग सके।

वहीं सती माता अमृत सरोवर का निरीक्षण किया प्रधान व सचिव को ग्राम पंचायत में दूसरा अमृतसरोवर बने होने के कारण अमृतसरोवर के आसपास इंटरलॉकिंग ना कर करके अच्छा सा खड़ंजा लगा करके पौध रोपड़ करने के साथ साथ सरोवर के बाहर बैठने के लिए बेचों का निर्माण किया जाए सरोवर को इंद्रधनुषी आकार दिया जा सके।

खेल मैदान के चारों तरफ पौध रोपड़ किया जाए मैदान के चारों ओर जाली लगवाकर गेरुआ पेंटिंग की जाए।

इसके बाद ग्राम पंचायत पैंदापुर पहुंची प्रधान प्रतिनिधि अनुज सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत किया मुख्य विकास अधिकारी सबसे पहले कंपोजिट विद्यालय रघुनाथपुर पहुंची जिसमें विद्यालय का गेट, किचन सेड देख गदगद हो गई। गांव में लग रही इंटर लॉकिंग नाली का भी मुआयना किया। गांव में तैयार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया।

गांव को स्वच्छ रखने की ग्रामीणों से अपील की। ब्लाक की सबसे बड़ी रूद्रव्रत नंदी गौशाला पहुंची जहां गौशाला में गाय को केला खिलाया, नवनिर्मित पशु शेड का निरीक्षण किया। गौ आश्रय स्थल में पहले से स्थित छोटे तालाब को विकसित कर मत्स्य पालन की सलाह दी।

जिससे पंचायत की आय बढ़ाई जा सके। छत्रपति शाहूजी महाराज अमृत सरोवर का निरीक्षण किया जिसका निर्माण चल रहा अमृतसर के चारों तरफ पौध रोपड़, झूला लगवाकर विकसित सर्वोत्तम सरोवर बनवाकर मिशाल पेश की जा सके। मुख्य बिकास अधिकारी निधि बंसल ने कहा दो ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया है जिसमें अमृतसरोवर खेल मैदान, अमृत वाटिका, विद्यालय सभी कार्य आदर्श पाए गए हैं गांव को सुंदर कैसे बनाना है इसके निर्देश दिए गए हैं।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी के कार्य के प्रति सराहना की ,एडीओ पंचायत संदीप,सचिव रणविजय,राहुल सिंह,प्रधान परंतप शेखावत, तकनीकी सहायक प्रदीप मिश्रा के साथ साथ काफी संख्या में ब्लॉक के कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# डीएम व एसपी ने 75 वें संविधान दिवस पर अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाया संविधान की शपथ

❒ कलेक्ट्रेट सभागार व पुलिस लाइन में मनाया गया संविधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में विधायक हाटा, रामकोला के साथ जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठन किया गया।


विधायक हाटा मोहन वर्मा ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान लागू हुआ था। जिसे केंद्र व राज्य सरकार आज संविधान दिवस हर्षोल्लास से मना रही है। आज प्रदेश के सभी जनपदों में स्वच्छता के प्रति प्रशस्ति पत्र वितरण किया जा रहा है। जिसके क्रम में कुशीनगर जनपद में भी 6 सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौंड ने कहा कि हमारा संविधान भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। आज सभी भारतवासी स्वतंत्र रूप से श्वास ले रहे हैं। यह भीमराव अंबेडकर की ही देन है। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि आज ही के दिन 1949 को संविधान अर्पित की गई थी। हमारा संविधान आर्थिक समानता समरसता का व हर वर्ग, जाति को एक समान अधिकार देता है।

उन्होंने कहा कि आज गरीब से गरीब व्यक्ति भी देश का सबसे बड़े पद का सपना देख सकता है। यह हमारे संविधान की अभूतपूर्व भूमिका है। देश का विभाजन हुआ और हम लगातार आगे की तरफ बढ़ते गए और लोग हमसे जुड़ते रहे। डॉ0 भीमराव अंबेडकर का जो सपना था हम उसी भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सभी प्रकार की योजनाओं का क्रियान्वयन एक रुपता से कर रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों से अपेक्षा करते हुए कहा कि हम सभी को ध्यान रखना होगा कि हम लोगों के स्तर से कोई इस तरह का कार्य न हो जो संविधान के विपरीत हो। आज सामाजिक बदलाव हुआ है। हमे गरीब से गरीब व्यक्ति को योजनाओं से जोड़ना व उन्हें लाभान्वित करने का उद्देश्य प्राथमिकता में होना चाहिए। इस अवसर पर विधायक हाटा द्वारा भारतीय संविधान की उद्देशिका को पढ़ा गया। जिस पर सभागार में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों ने भी उद्देशिका को दोहराया तथा स्वच्छता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 06 सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार, उप जिलाधिकारी मु0 जफर, डीडीओ, परियोजना निदेशक, डीपीआरओ, जिला कृषि अधिकारी सहित कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सहित अन्य अधिकारी व कलेक्ट्रेट के कर्मचारी उपस्थित रहे।? इसी प्रकार पुलिस लाइन में संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस कार्यालय में समस्त अधिकारियो, कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी दी गई। संविधान में निहित मूल्यों, आदर्शों, उद्देशिका को स्मरण कराते हुए राष्ट्र की एकता व अखण्डता बनाये रखने की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना,कुशीनगर । पडरौना के राज दरबार में मंगलवार को पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री स्वर्गीय श्री सी.पी.एन. सिंह जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता, जनप्रतिनिधि, एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय श्री सी.पी.एन. सिंह जी के योगदान और व्यक्तित्व को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए एडवोकेट श्री आर.के. सिंह ने कहा, ''स्वर्गीय सी.पी.एन. सिंह जी एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे, जिन्होंने 1969 से 1989 तक सांसद रहते हुए अपने क्षेत्र के विकास को नई दिशा दी।

उनके नेतृत्व और दूरदर्शिता ने क्षेत्रीय विकास को मजबूती प्रदान की। पडरौना सदर विधायक श्री मनीष जायसवाल ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, ''स्वर्गीय सी.पी.एन. सिंह जी की दूरदृष्टि और जनता के प्रति उनकी निष्ठा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने पूर्वांचल के विकास के लिए जो प्रयास किए, वे सदैव स्मरणीय रहेंगे। सभा में शामिल लोगों ने भी अपनी भावनाओं को साझा करते हुए स्वर्गीय सीपीएन सिंह जी के योगदान को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर हाटा विधायक मोहन वर्मा, रामकोका विधायक विनय गोड़, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शिव कुमारी देवी, पडरौना ब्लॉक प्रमुख आशुतोष सिंह बहुगुणा, विशनपुरा ब्लॉक प्रमुख विंध्यवासिनी श्रीवास्तव, मोतीचक ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संदीप सिंह, राजकुमार सिंह, नरेंद्र तिवारी, ममता मणि त्रिपाठी, अरविन्द सिंह, अशोक मालवीय, गुड्डू मल्ल, संतोष श्रीवास्तव, प्रिंस प्रताप सिंह, राधेश्याम पासवान, अतुल मिश्र, पियूष सिंह, चंदन जायसवाल, प्रदीप मोदनवाल सहित अन्य संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# गन्ने की कटाई मशीन से कराएगी ढाढ़ा चीनी मिल: करन सिंह

❒ किसान 4 फुट की दूरी पर गन्ने की बुवाई करें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। गन्ने की खेती में मजदूरों की समस्या को देखते हुए अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड ढाढा हाटा चीनी मिल गन्ने की खेती को कृषि यंत्रों से जोड़ने का मिशन चला रही है। एक तरफ गन्ने की बुवाई ऑटोमेटिक कैन प्लांटर से करा रही है। जिसकी लाइन से लाइन की दूरी 120 सेमी या 4 फीट है ।

वहीं दूसरे तरफ 4 फीट पर बोए गए गन्ने की कटाई गन्ना काटने की मशीन से कराया जाएगा यह जानकारी हाटा चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच की पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता को चीनी मिल में दी। अधिशाषी निदेशक ने कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश गुप्ता को बताया कि मिल क्षेत्र के सभी गन्ना कृषको को एटीएसपी के माध्यम से गन्ना कृषि यंत्रो से जोड रही है।

जिसका उद्देश्य गन्ने की खेती में मजदूरो की समस्या को दूर करना, गन्ने की खेती मे उत्पादन लागत को कम करना, तथा गन्ने की औसत उपज बढ़ाकर किसानो में खुशहाली लाना है। अधिशाषी निदेशक ने आगे बताया कि ढाढ़ा चीनी मिल परिक्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने , चार फीट पर गन्ना बोने से लाभ, पेड़ी गन्ने का वैज्ञानिक प्रबंध, सहफसली खेती, प्रसार करें। जो किसान चार फुट पर गन्ने की बुवाई नहीं किए है उन कृषको को जो किसान आटोमेटिक केन प्लान्टर से गन्ने की बुवाई किए है, उनका गन्ना फसल दिखाया जाए तथा वह किसान उसका लाभ खेत पर बताए । जिससे किसान संतुष्ट हो जाए, जिन किसानों के पास 3 नाली बनाने वाले रेजर है यदि वे चाहते है कि एक रेजर निकाल कर चारफुट की दूरी पर सेट कर दिया जाए तो ढाढ़ा चीनी मिल इसमें सहयोग करेगी। ढाढ़ा चीनी मिल को 40 से 50 लाख कुन्तल गन्ने की कमी है। मिल क्षेत्र मे 41 मशीन गन्ने की बुवाई कर रही है , मशीन से गन्ने की कटाई शीघ्र ही करने जा रहे है। 4 फुट से कम दूरी पर बोए गए गन्ने की कटाई मशीन नही कर सकती हैद्य इसको ध्यान में रखकर चार फुट पर गन्ना बोने पर जोर दिया जा रहा है। चीनी मिल के उप महा प्रबंधक गन्ना डी. डी. सिंह ने बताया कि एक आंख का टुकड़ा काट कर एक करोण गन्ने का पौधा तैयार कराया जा रहा है जिसको दिखाया। श्री गुप्ता ने बताया कि आज किसान के सामने सबसे बड़ी समस्या है मजदुरों की कमी , खेती में सबसे अधिक लागत मजदूरों पर हो रहा, मिल नहीं रहे है।

## नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म व गर्भपात कराने के दोषी को उम्रकैद

**सोनभद्र।** करीब दो वर्ष पूर्व नाबालिग बेटी के साथ हुए दुष्कर्म और दवा खिलाकर गर्भपात कराने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह ने मंगलवार को दोषी पिता सुरेश कोल को आजीवन कारावास एवं 3.15 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 2.50 लाख रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, शाहगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने शाहगंज थाने में 27 अप्रैल 2023 को तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ उसके पति सुरेश कोल ने करीब 7-8 माह पूर्व दुष्कर्म किया था। जब गर्भ ठहर गया तो इसकी जानकारी उसे हुई तो पति ने मां-बेटी को जान से मारने की धमकी दी, जिससे डर गई और कहीं सूचना नहीं दी। उसने 18 अप्रैल 2023 को जबरन बेटी को गर्भनिरोधक दवा खिला दी।

## रविन्द्रालय से उठी पेंशनरों की आवाज

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के आयोजन में राज्य भर से आये हजारों सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों की आवाजाही से चारबाग का इलाका दिन भर व्यस्त नजर आया। रविन्द्रालय प्रेक्षागृह में जुटे पेंशनरों के कई अलग अलग संगठनों ने इस आयोजन में अपनी शक्ति दिख लाई ।



जिसमें गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफ़ेयर आर्गनाइजेशन, फ़ेडरेशन ऑफ यूपी पेंशनर्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर्स, विद्युत पेंशनर्स परिषद, पीसीएस रिटायर्ड आफिसर्स एसोसिएशन आदि संगठनों ने मिलकर परस्पर समन्वय स्थापित किए जाने के उद्देश्य से संगठन बनाने का निर्माण लिया जिसके अंतर्गत संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति अस्तित्व में आयी । समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व रक्षा सचिव योगेन्द्र नारायण के माध्यम से एक मांग पत्र सरकार के पास भेजा गया है जिसमें नौ सूत्रीय मुख्य मांगों के अतिरिक्त नौ अन्य संबंधित समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग भी उत्तर प्रदेश सरकार तक पहुचाई गयी। सह संयोजक ओमकार नाथ तिवारी ने पत्रकारों को बताया कि उत्तर के प्रत्येक जनपद मुख्यालय पर पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक सुसज्जित पेंशनर्स कक्ष का निर्माण किया जाने के अतिरिक्त पेंशनर्स सलाहकार समिति के गठन और 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस के रूप में आयोजित किये जाने संबंधी मांगें सरकार तक पहुचाई गयी हैं। पेंशनर समिति के संज्ञान में आया है कि मौजूदा पेंशन भुगतान की प्रक्रिया को बैंक के हवाले किये जाने की संभावना है जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए। आठवें वेतन आयोग का गठन और राज्य परिवहन निगम की बसों में राज्य पेंशनर्स के लिए सीट आरक्षित रखने जैसी महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं। ओमकार नाथ तिवारी ने बताया कि राज्य स्तरीय पेंशनर्स संगठनों के उच्च पदाधिकारियों को शासन तक अपनी बात पहुंचाने के लिए सचिवालय प्रवेश पत्र दिए जाने की मांग भी शासन तक पहुंचाई गई। इस अवसर पर पेंशनर्स कल्याण समिति के संयोजक एनपी त्रिपाठी और मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## लखीमपुर महोत्सव में दिखा विरासत और संस्कृति का संगम

**लखीमपुर खीरी।** गुलाबी ठंड के बीच पंजाबी सिंगर बी प्राक के रूह मेरी तड़पेगी जानी दिल भी रोयेगा... ने दर्शकों को गर्मजोशी से भर दिया। मौका था लखीमपुर खीरी की धरती पर पहले ''तराई की मिट्टी का उत्सव, लखीमपुर महोत्सव-24'' का। महोत्सव प्रांगण बी प्राक के गीतों से गूंज उठा। दर्शकों की डिमांड पर बी प्राक ने दिल तोड़ के हंसती हो मेरा,वफाएं मेरी याद करोगी.. गाया तो दर्शक बेकाबू हो उठे। इसके बाद पंजाबी सिंगर ने पंजाबी गीतों से समां बांध दिया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने महोत्सव के आयोजन को लेकर बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले की विरासत, संस्कृति और पौराणिक धरोहर के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लखीमपुर खीरी में पहली बार लखीमपुर महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने विधायक सदर योगेश वर्मा, एमएलसी अनूप गुप्ता, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ दीप जलाकर किया। इसके बाद लखीमपुर उत्सव के मंच पर अपनी प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। महोत्सव में रात को पंजाबी गायक बी प्राक ने शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बी. प्राक ने अपने मशहूर गीतों से श्रोताओं को सम्मोहित कर लिया और महोत्सव में दर्शकों में अपार उत्साह देखने को मिला। मेरा यार हंस रहा है बारिश की जाए पंजाबी सिंगर बी प्राक ने मैंनू तेरा मन भरया.... से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद दर्शकों की डिमांड पर प्राक ने पंजाबी गीत प्रस्तुत किये। इसके बाद किस्मत बदलती देखया, जे हुड तू भी बदल गया की प्रस्तुति दी। वहीं मेरी जिंदगी से जाने का क्या लोगे तुम.., जैसे बैक टू बैक गानों के जरिए बॉलीवुड व पंजाबी सिंगर बी प्राक ने महोत्सव के मंच पर जमकर धमाल मचाया। मेरा यार हंस रहा है बारिश की जाए... से माहौल में रुमानियत भर दी। महोत्सव में रात में सतरंगी मंच पर बी प्राक की प्रस्तुतियों का खूब जादू चला। लोग एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों पर झूमते रहे। रात 7 बजे गायक बी प्राक ने मंच संभाला। पहली प्रस्तुति मैं किसी और का हूं फिलहाल कि तेरा हो जाऊं.., से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# किसान सभा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा



❒ फसलों के लिए फार्मूला सी 2+50 प्रतिशत पर एमएसपी कानून बनाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश किसान सभा की जिला इकाई के पदाधिकारी जिला मुख्यालय रविन्द्र नगर धुस पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कुशीनगर की अनुपस्थिति में उपजिलाधिकारी को सौंपकर फसलों के लिए फार्मूला सी 2+50 प्रतिशत पर एमएसपी कानून बनाने की मांग की। मंगलवार को किसान सभा के जिलाध्यक्ष कामरेड मोहन गोंड़ व माकपा जिला सचिव कामरेड अयोध्या लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में किसान जिला मुख्यालय पहुंचे। कामरेड श्रीवास्तव ने कहा कि एनडीए की तीसरी सरकार की नीतियों से किसानों व मेहनत कश लोगों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। अपने दिए 11 सूत्रीय ज्ञापन में सभा ने मांग किया कि अनाज का लाभकारी मूल्य दिलाया जाय।

किसानों का कर्ज माफ करने, तीनों कृषि कानून वापसी के समझौते को लागू करने, नीलगाय व आवारा पशुओं से बचाव व बर्बाद फसलों का मुआवजा देने, फसल अवशेष नष्ट करने का निःशुल्क वकारगर उपाय करने, बकाया गन्ना मूल्य भुगतान व गन्ना मूल्य 500 रुपये करने, खाद, बिज की कालाबाजारी रोकने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू ।

# संविधान और आरक्षण कभी समाप्त नहीं होंगे

❒ जब तक यह देश रहेगा तब तक संविधान और आरक्षण भी रहेगा:डा. लालजी प्रसाद निर्मल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। संविधान और आरक्षण कभी समाप्त नहीं होंगे। यह विचार आज डा. आंबेडकर महासभा में आयोजित संविधान दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य विधान परिषद और पूर्व अध्यक्ष, उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम डा. लालजी प्रसाद निर्मल ने व्यक्त किया। उन्होने कहा कि जब तक यह देश रहेगा तब तक संविधान और आरक्षण भी रहेगा। डा. निर्मल ने कहा कि संविधान और आरक्षण की समाप्ति का भय उन लोगों ने पैदा किया जो खुद आरक्षण और डा. आंबेडकर के प्रबल विरोधी है। कुछ लोगों ने डा. आंबेडकर को भारत रत्न तक नहीं दिया तथा पिछड़े वर्गो के गठित काका कालेलकर आयोग तथा मंडल आयोग की संस्तुतियों को लाग नहीं किया गया। डा. निर्मल ने कहा कि अनुच्छेद 17 के द्वारा डा. आंबेडकर ने अस्पृश्यताा के अंत की व्यवस्था की। अनुच्छेद 330 के द्वारा संसद और विधान सभाओं में आरक्षण की व्यवस्था की, अनुच्छेद 16(4) और अनुच्छेद 335 के माध्यम से सरकारी सेवा में दलितों के आरक्षण की व्यवस्था की। डा. निर्मल ने कहा कि संविधान भारत की आत्मा है। उन्होने आज संविधान दिवस पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया। उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के उपाध्यक्ष श्री विश्वनाथ ने संविधान दिवस पर सरकारी स्तर पर लोकभवन में विशेष आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। सचिवालय संघ के अध्यक्ष अर्जुनदेव भारती ने कहा कि संविधान के कारण दलितों एवं महिलाओं को वोट का अधिकार मिला। व कार्यक्रम का शुभारंभ तीसरा पंचशील 2000 नेक राम बौद्ध के कर कमल द्वारा शुरूआत किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डा0 आंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सरोज ने कहा कि संविधान दलितों की लाइफ लाइन है। उन्होने आए हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डा. आंबेडकर महासभा के संगठन मंत्री रामचन्द्र पटेल ने किया। इस अवसर पर पूर्व जज जगदीश जी श्री पी0सी0 कुरील महामंत्री डा आर आर जैसवार अमरनाथ प्रजापति, सर्वेश पाटिल, संजय कन्नौजिया, डा. सत्यादोहरे, रचना चन्द्रा, सावित्री चौधरी, अब्दुल नसीर आदि उपस्थित थे।

# पीएनपीए में आयोजित हुआ यातायात जागरूकता कार्यक्रम

❒ यातायात नियमों के पालन करने की शिक्षकों और छात्रों को दिलाई सपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पडरौना,कुशीनगर। यातायात माह नवंबर में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के क्रम में जिला यातायात प्रभारी के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। नवंबर माह के अवसर पर यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद के सीबीएसई बोर्ड से 12वीं तक मान्यता प्राप्त एक प्रमुख विद्यालय पीएन पब्लिक एकेडमी मईला नगरी में ट्रैफिक इंस्पेक्टर (टीआई) सत्य प्रकाश सिंह ने छात्र -छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर टीआई ने बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी और उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व और आए दिन हो रही।

सड़क दुर्घटनाओं के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि कैसे वे अपने दैनिक जीवन में यातायात नियमों का पालन कर सकते हैं और होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। बच्चों ने टीआई के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया और यातायात नियमों के बारे में सवाल पूछे। टीआई ने बच्चों के सवालों का जवाब दिया और उन्हें यातायात नियमों के बारे में और अधिक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए टीएसआई इम्तेयाज अहमद ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करना और उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताना था। टीएसआई ने बच्चों को यह भी बताया कि कैसे वे अपने दैनिक जीवन में यातायात नियमों का पालन कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को हेलमेट लगाने और उसके महत्व को रेखांकित किया और हेलमेट के फुलफॉर्म को भी समझाया। इस कार्यक्रम के अंत में, टीआई ने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया और इसको पालन करने के लिए उपस्थित विद्यार्थियों,शिक्षकों और चालकों, परिचालकों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य आफताब आलम अंसारी ने सभा को सम्बोधित करते हुए विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के पालन से होने वाले लाभ और और पालन न करने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रीतेश कुमार विश्वकर्मा ने यातायात पुलिस टीम के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक वृषभान शुक्ला, शिक्षक अवधेश कुमार शुक्ला, अशोक सिंह,संजय सिंह, सूर्य प्रकाश गुप्ता,जावेद आलम,अवधेश शर्मा, गिरिजेश कुमार उपाध्याय, गणेश सिंह स्वाति त्रिपाठी, आराध्या आदि मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद (सीतापुर)

पत्रांक-3773 / सा0लि0 दिनांक 26.11.2024

अल्पकालीन निविदा / कोटेसन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शीत ऋतु के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थलों पर नगर क्षेत्र खैराबाद में अलाव जलाने हेतु राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि की धनराशि से सुखी मोटी लकड़ी क्रय किया जाना है। इससे सम्बन्धित इच्छुक रजिस्टर्ड फर्मों एवं पंजीकृत ठेकेदार से मोहर बन्द निविदायें / कोटेशन पालिका में रखे टेण्डर बाक्स में दिनांक 05.12.2024 को दोपहर 02:00 तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन फर्मदाताओं के समक्ष 04:00 बजे सायं सक्षम अधिकारी के समक्ष खोले जायेंगे। टेण्डर फार्म दिनांक 04.12.2024 को पालिका से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है । सशर्त एवं समयोंपरान्त प्राप्त टेण्डरों / कोटेशनों पर विचार करना सम्भव न होगा। निविदा के साथ निर्धारित जमानत राशि नकद के रूप में पालिका में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा के स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी नगर पालिका परिषद खैराबाद में निहित है। वृस्तृत विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अन्य शर्ते कार्यालय दिवस में सम्बन्धित पटल पर देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+18% जीएसटी+ शासनादेश के अनुपालन में निविदा मूल्य | आपूर्ति का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | अलाव हेतु लकड़ी सप्लाई | 50000.00 | 2000+360+250:+45=2655 | नियम एवं शर्त के अनुसार |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद खैराबाद
सीतापुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खैराबाद
सीतापुर

# संविधान दिवस पर डीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करती हुई जिलाधिकारी ने कहा कि हमें भारत के संविधान पर गर्व है और भारत के प्रत्येक नागरिक को होना भी चाहिए।इस दौरान लोकभवन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में संविधान की उद्देशिका पाठन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया।

लाइव प्रसारण के उपरान्त डीएम सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने के बाद जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने संविधान की उद्देशिका पाठन किया।जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई गयी कि ''हम सत्य निष्ठा से प्रतिज्ञा करते हैं कि भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करेंगे। संवैधानिक आदर्शों,संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करेंगे। देश की संप्रभुता,अखंडता की रक्षा करेंगे। महिलाओं का सम्मान करेंगे।

हिंसा से दूर रहकर बंधुता बढाएंगे। सामाजिक संस्कृति का संवर्द्धन व पर्यावरण का संरक्षण करेंगे। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करेंगे। सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करेंगे।

व्यक्तिगत व सामूहिक गतिविधि में उत्कृष्टता बढ़ाएंगे। सबको शिक्षा के अवसर प्रदान करेंगे एवं स्वतंत्रता आन्दोलन के आदर्शों को बढ़ावा देंगे।

### भारत के संविधान की आत्मा है उद्देशिका

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि हमें भारत के संविधान पर गर्व है और सभी को गर्व होना भी चाहिए। संविधान की उद्देशिका, भारत के संविधान की आत्मा है। इसके शब्दों में पूर्ण संविधान का सार है। यदि हम संविधान की उद्देशिका को अंगीकृत और आत्मार्पित करते हैं तो समझ ?लिजिए की हमने पूर्ण संविधान को ही अंगीकृत कर लिया है। उन्होंने कहा कि संविधान हर प्राणी के लिए समभाव रखता है। सभी को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय दिलाता है। सभी को अपने विचारों की अभिव्य?क्ति की स्वतंत्रता देता है। सभी को अवसर और प्रतिष्ठा की समता देता है। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और जनपद वासियों को संविधान दिवस की बधाई दी।

# जरवल सीएचसी का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❐ डीएम मोनिका रानी ने 108एम्बुलेंस चालक, दवा काउंटर, प्रसाव रूम, आयुष्मान कार्ड की प्रगति, सहित अन्य जानकारी ली व अस्पताल परिसर मे बेहतर साफ सफाई को लेकर दिए दिशा निर्देश

जरवल बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद के औचक निरीक्षण कर अस्पताल में मरीज को मिलने वाली सुविधाओं की ली जानकारी, व अस्पताल परिसर में साफ सफाई न मिलने पर अधीक्षक को फटकार लगाते हुए सफाई पर विशेष ध्यान देने का दिया दिशा निर्देश, व कूड़ा प्रबंधन सही से न किए जाने पर जताई नाराजगी।

सुधार करने की दी चेतावनी। मंगलवार को दोपहर करीब 1:15 बजे जिलाधिकारी मोनिका रानी अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद पहुंची,अस्पताल परिसर में खड़ी 102 और 108 एंबुलेंस के बारे में चालक से पूछताछ की। रोगी पंजीकरण काउंटर, दवा वितरण काउंटर, नेत्र परीक्षण कक्ष, लेबर रुम,अधीक्षक कक्ष एवं इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। इमरजेंसी वार्ड में डॉ. अवनीश गुप्ता मरीज का इलाज करते मिले।

इमरजेंसी में तैनात फार्मासिस्ट अनिल तिवारी से डीएम ने पूछताछ की। निरीक्षण के दौरान प्रसाव रुम मे स्टाफ नर्स संगीता व प्रकाशनी से प्रसव की जानकारी हासिल की। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत महिलाओं को होने वाले भुगतान के प्रगति की जानकारी ली। जन्म मृत्यु पंजीकरण के बारे में पूंछतांछ की। अस्पताल में 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों के लिए बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड के प्रगति की जानकारी ली।

# करीम चिश्ती की टीम ने फाइनल में अजंता क्रिकेट क्लब को दी मात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। जिला क्रिकेट एसोसिएशन बहराइच के तत्वावधान में आयोजित सैय्यद नासिर मेहंदी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन राम प्यारे शिव शंकर इंटर कॉलेज शिवपुर के मैदान पर चल रहा है । मंगलवार के दिन टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला करीम चिश्ती क्रिकेट क्लब और अजंता क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया जिसमें मुख्य अतिथि गजेंद्र मनी मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके मैच का शुभारंभ किया ।

जिसमें टॉस जीतकर अजंता क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया अजंता क्रिकेट क्लब ने 25 ओवरों में 9 विकेट पर 180 बनाई जिसने अनंत सिंह ने सर्वाधिक 45 रनों का योगदान दिया करीम चिश्ती क्रिकेट क्लब की ओर से अनुज ठाकुर ने तीन, अमन और समीर ने दो दो विकेट लिया वहीं जवाब में उतरी करीम चिश्ती क्रिकेट क्लब ने 22.2 ओवरों में लक्ष्य को हासिल कर लिया। टीम की ओर से अनुज ठाकुर ने सर्वाधिक 70 रन बनाए। अजंता क्रिकेट क्लब की ओर से ध्रुव गुप्ता ने दो विकेट लिए। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अनुज ठाकुर को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैन ऑफ द टूर्नामेंट समीर शुक्ला, बेस्ट बैट्समैन जीशान गाजी, बेस्ट बॉलर अब्दुल कादिर, बेस्ट फील्डर देवाशीष राय । निर्णायक की भूमिका में अकील व राहुल बाजपेई रहे । मैच का आंखों देखा हाल आदिल ने सुनाया ।मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव इशरत महमूद खान, ज़ुबैर फारूकी, अटल सिंह, आयुष चित्रांश, सुधीर मिश्रा, अनीत बाजपेई, देवेन्द्र शुक्ला और तमाम क्रिकेट समर्थक मौजूद रहे ।

# जिलाधिकारी का सख्त रुख:त्रिभुवन नगर ग्रांट की भूमि विवाद में प्रशासनिक लापरवाही पर कार्रवाई

❐ डीएम के आदेश पर राजस्व अधिकारी और पुलिस की टीम ने मौके पर खड़े होकर कराई पैमाइश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । त्रिभुवन नगर ग्रांट के गाटा संख्या 290/297 के बंटवारे में न्यायालय के आदेश की अवहेलना और प्रशासनिक लापरवाही के आरोपों पर जिलाधिकारी गोंडा ने सख्त कदम उठाए हैं।ब

एक साल से बंटवारे के लिए भटक रहे वादी निरूपम तिवारी की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तुरंत कार्रवाई की और राजस्व विभाग एवं पुलिस को आदेश दिया कि सीमांकन प्रक्रिया पूरी की जाए।

जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व विभाग और थाना धानेपुर पुलिस की टीम ने विवादित भूमि का सीमांकन कार्य कराया गया।राजस्व अधिकारियों और पुलिस बल की मौजूदगी में भूमि की निशानदेही की गई। प्रशासन ने सभी पक्षकारों को निर्देश दिए कि कोई भी निर्माण कार्य या विवाद उत्पन्न न किया जाए। इस दौरान प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया कि न्यायालय के आदेश का पालन सख्ती से हो।

अधिवक्ता निरूपम तिवारी ने आरोप लगाया था कि 29 नवंबर 2023 को उप जिलाधिकारी द्वारा पारित बंटवारा आदेश के बावजूद सीमांकन कार्य अब तक लंबित था।तिवारी ने हल्का लेखपाल और राजस्व निरीक्षक पर आरोप लगाया कि वे जानबूझकर देरी कर रहे हैं और विपक्षी पक्षकारों से मिलीभगत करके मामले को लटकाने का प्रयास कर रहे हैं।इसके अलावा,तिवारी ने यह भी दावा किया कि उन्हें धमकियां दी जा रही हैं।जिलाधिकारी ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए राजस्व और पुलिस विभाग को कड़ी हिदायत दी है कि न्यायालय के आदेश का पूरी तरह पालन किया जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में कोई भी गड़बड़ी हुई,तो संबंधित अधिकारियों और पक्षकारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन ने अपनी अनुपालन रिपोर्ट में बताया कि बीती 21 नवंबर को सीमांकन प्रक्रिया पूरी कर दी गई। प्रशासन ने कोई कसर नहीं छोड़ी और सभी आवश्यक निर्देश दिए कि अब कोई भी पक्ष विवाद या निर्माण कार्य न करे।

## विकास खण्ड फखरपुर में 30 नवम्बर को आयोजित होगा रोज़गार मेला

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता** प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय/माडल कैरियर सेण्टर के संयुक्त तत्वावधान में नवीन पोर्टल रोजगार संगम के माध्यम से विकास खण्ड परिसर फखरपुर में 30 नवम्बर 2024 को प्रातः 11:00 बजे से एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के कुल 06 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोज़गार मेले में ब्राइट फयूचर आर्गेनिक हर्बल एव आर्युवैदिक प्रा.लि. द्वारा फील्ड आफिसर एवं ब्लाक आफिसर के 45 पदों पर 18 से 45 वर्ष तथा स्नातक उत्तीर्ण, वेतन रू. 15,500, पशुपति नाथ बायोटेक्नालजी प्रा.लि. द्वारा एस.आर. के 40 पदों पर हाईस्कूल उत्तीर्ण आयु 18 से 25 वर्ष, वेतन 9,5000 प्रतिमाह देय होगा। जीवन बीमा कार्पोरेशन आफ इन्डिया द्वारा बीमा सलाहकार के 20 पदों पर आयु 18 से 60 वर्ष हाईस्कूल उत्तीर्ण, वेतन 15,000 प्रतिमाह। क्वैस कार्प लिमिटेड के इलेक्ट्रिकल एण्ड हेल्पर के 50 पदों पर स्नातक/आईटीआई उत्तीर्ण आयु 18 से 40 वर्ष वेतन 15,500 प्रतिमाह, पीपल ट्री आनलाइन प्रा0लि0 वेयर हाउसेस एसोसिएट के 50 पदों पर आयु 18 से 23 वर्ष स्नातक/आईटीआई उत्तीर्ण वेतन रू. 18,500 प्रतिमाह तथा पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि. फील्ड एक्जीक्यूटिव के 50 पदों पर हाईस्कूल उत्तीर्ण आयु 18 से 25 वर्ष वेतन रू. 8,500 प्रतिमाह देय होगा। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से होगा। एक दिवसीय रोजगार मेले में उ.प्र. कौशन विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं सेवा योजन कार्यालय में नवीन पोर्टल रोज़गार संगम पोर्टल में पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ बायोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 30 नवम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे विकास खण्ड फखरपुर में उपस्थित होकर रोज़गार मेले का अधिकाधिक लाभ उठायें।

## डीसीएम ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, एक की मौत छह घायल

**रायबरेली।** तेज़ रफ़्तार डीसीएम ने एक ई रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे एक की मौत हो गई,जबकि रिक्शा में सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मंगलवार को रायबरेली-कानपुर मार्ग पर उस समय हुआ जब एक ई रिक्शा सवारियों को पास के मुहल्ले में छोड़ने जा रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर कोतवाली क्षेत्र में रायबरेली कानपुर मार्ग पर दरीबा के निकट कानपुर तरफ से आ रहे डीसीएम ने रायबरेली से लालगंज की तरफ जा रहे ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंच पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां पर ई रिक्शा चालक कुनाल उर्फ रामसजीवन पुत्र नन्हे रैदास निवास जगतपुर भिचकौरा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायल सुमन पत्नी कुनाल व अरुण पुत्र कुनाल ,राशि पुत्री कुनाल, अजीत पुत्र सुनील निवासी भिचकौरा जगतपुर तथा कंचन पत्नी सन्दीप निवासी बरारा बुजुर्ग व सोनम पुत्री रामलखन निवासी अटौरा बुजुर्ग का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। इसमें हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने 7 साल की राशि और 15 साल के आदित्य को एम्स के लिए रेफर कर दिया।

## भारत का सर्वश्रेष्ठ दस्तावेज है संविधान, जनपद न्यायाधीश ने दिलाई शपथ

**मीरजापुर।** भारत के संविधान के प्रस्तावना, कर्तव्य एवं अधिकारों पर आधारित संगोष्ठी का शुभारंभ म जनपद न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्र ने किया। उन्होंने उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण, वरिष्ठ अधिवक्तागण, मध्यस्थगण, लीगल एड डिफ़ेन्स काउंसिल एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान जनपद न्यायाधीश ने संविधान को भारत का सर्वश्रेष्ठ दस्तावेज बताते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को प्रस्तावना के हर शब्द को अंगीकृत और आत्मसात करना चाहिए। अपर जनपद न्यायाधीश व सचिव विनय आर्या ने संविधान दिवस की सार्थकता पर बल देते हुए नागरिक कर्तव्यों और अधिकारों को समझने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला सम्प्रेक्षगृह किशोर मोर्चा घर में प्रवासित किशोरों को भी संविधान की शपथ दिलाई गई और इसके महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम में एडीजे-प्रथम बलजोर सिंह, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सुरेन्द्र कुमार राय, सिविल जज विकास कुमार सिंह समेत न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी और अधिवक्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने संविधान के मूल्यों और आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

## आठ साल पहले मादक पदार्थ तस्करी में दो साल की सजा, तीन हजार रुपये जुर्माना

**मुरादाबाद।** अपर जिला जज-10 योगेंद्र चौहान की अदालत ने मंगलवार को आठ साल पहले मादक पदार्थ की तस्करी में आरोपित दोषी को दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना जमा नहीं करने की सूरत में 30 दिन का कारावास की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दिनेश कुमार कश्यप ने बताया कि महानगर के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में 10 जुलाई 2016 को तत्कालीन दारोगा विमल कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें कहा कि वह और उनके सहयोगी पुलिसकर्मी शांति व्यवस्था की ड्यूटी पर थे। तब मुखबिर ने सूचना दी कि समाज कल्याण कार्यालय के पास कुछ लोग मादक पदार्थों की बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचे तब वहां एक युवक हाथ में तराजू लिए कुछ तोल रहा था। पुलिस बल प्रयोग कर जब उसे पकड़ा तो उसने अपना नाम बंटी पुत्र नंदन निवासी आदर्श कालोनी बताया। जिसके पास से दो किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई एडीजे 10 योगेन्द्र चौहान की अदालत में हुई।

## देश को विकसित बनाने में संविधान देता है ऊर्जा : बालकृष्ण एन रंजन

**कानपुर।** संविधान एक ऐसा पवित्र ग्रंथ है जिससे हम पूरे जीवन भर जुड़े रहते हैं। संविधान ने ही हमको मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य दिए हैं तथा देश को विकसित बनाने में संविधान ऊर्जा देता है। यह बातें मंगलवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित संविधान दिवस के अवसर पर संगोष्ठी को संबोधित करते बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष सचिव बालकृष्णा एन रंजन ने कही। उन्होंने कहा कि संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया था। बाद में इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। कार्यक्रम के आयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुनीश कुमार ने कहा कि संविधान को अंगीकार किए हुए 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में साल भर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुल सचिव डॉ. पी. के. उपाध्याय ने कहा कि संविधान दिवस का मकसद नागरिकों के संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों एवं कर्तव्यों को प्रोत्साहित करना है। अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. सी एल मौर्य ने बताया कि संविधान का उद्देश्य न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व की प्राप्ति है। कार्यक्रम का संचालन सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. राजीव ने किया और डॉ. सर्वेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संविधान की प्रतिज्ञा लेते हुए राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए सत्यनिष्ठा के साथ संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता ग्रह विज्ञान डॉक्टर मुक्ता गर्ग एवं संकाय सदस्यों के साथ-साथ लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## युवाओं को राजनीति में अवसर प्रदान करेगा यंग लीडर्स डायलॉग - भूपेंद्र सिंह

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी औरा चौरी स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 11-12 जनवरी को दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन किया जाएगा। इसमें देवरिया जनपद से भी कुछ युवा प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहल उन युवाओं को राजनीति से जोड़ने के प्रयासों का हिस्सा हैं जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रयास से दिल्ली में भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के नाम से युवा विचारों के महाकुंभ का आयोजन होगा। इसमें गांवों, ब्लाकों, जिलों व राज्यों से चयनित दो हजार युवा इस डायलॉग के लिए भारत मंडपम में एकत्रित होंगे।

# पुलिस मुठभेड़ में चार आरोपी गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में नगर कोतवाली,देहात कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त ऑपरेशन में बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस मुठभेड़ में चार शातिर बदमाश अभिनव उर्फ रौनक सिंह,आकाश सिंह, ऋषभ सिंह और आदर्श पाण्डेय को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान मुठभेड़ में रौनक सिंह के बाएं पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया,जिसे गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने आरोपियों के पास से देहात और नगर कोतवाली क्षेत्र में लूटे गए पचीस हजार पांच सौ रुपये नकद,दो मोबाइल फोन,एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो गाड़ी,एक अपाची मोटर साइकिल,अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार,चारों बदमाशों ने देर रात परसापुर क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद देहात कोतवाली क्षेत्र में भी एक अन्य लूट की घटना को अंजाम दिया।इन वारदातों के बाद पुलिस ने कटहाघाट रोड पर घेराबंदी की, जहां मुठभेड़ के दौरान चारों बदमाश गिरफ्तार किए गए।

### एक आरोपी पर पहले से कई केस

गोंडा के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि चारों आरोपी शातिर अपराधी हैं।इनमें से रौनक सिंह पर पहले से मारपीट के मुकदमे दर्ज हैं,जबकि बाकी आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।गिरफ्तार किए गए बदमाशों पर नगर कोत वाली पुलिस द्वारा अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# रिजर्व पुलिस लाइन में अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली संविधान की शपथ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने ''संविधान दिवस'' के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामूहिक रुप से राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए संविधान की शपथ दिलाई गयी।

यह दिन संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रति वर्ष मनाया जाता है।साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने हेतु संविधान की शपथ दिलायी गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी कार्यालयों,थानों,चौकियों में संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया गया व राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलायी गयी।

# एसएसबी कार्यवाहक कमांडेंट की उपस्थिति में मनाया गया संविधान दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । एसएसबी 42वी वाहिनी बहराइच के कार्यवाहक कमांडेंट दिलीप कुमार के निर्देशन में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वाहिनी में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कार्मिकों ने भारत के संविधान की शपथ ली तथा साथ ही अवगत कराया कि संविधान दिवस जिसे राष्ट्रीय विधि दिवस भी कहा जाता है, हर वर्ष 26 नवम्बर को मनाया जाता है। इसी दिन, 26 नवम्बर 1949 में भारतीय संविधान सभा में सभा ने संविधान को अंगीकृत किया था जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ । इस वर्ष 2024 में संविधान दिवस के 75 वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ''हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान'' थीम के तहत वर्ष भर चलने वाले स्मरणों उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संविधान दिवस का उद्देश्य नागरिको को संविधान के महत्व, उसके मूल्यों और सिद्धान्तों के प्रति जागरूक करना है। यह दिन हमें हमारे मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है, जो एक सशक्त और समृद्ध लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। संविधान दिवस के इस विशेष अवसर पर, हम सभी को संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ हा करना चाहिए और उसके मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

# दरियापुर हरदोपट्टी के मनरेगा के मस्टर रोल में लूट की मिली छूट


कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। केंद्र की मोदी और योगी सरकार एक तरफ जहां भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और जीरो टालरेंस की नीति पर काम करने की बात कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ पड़री कृपाल ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारियों के चलते केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रही है।जिसके चलते जो वास्तविक मजदूर हैं उनको काम मिलना मुश्किल हो गया है।प्रधान प्रतिनिधि,पंचायत सचिव व मेट द्वारा मनरेगा पोर्टल पर मस्टर रोल में फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है।जिन मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाईं जा रही है,वह मजदूर साइड पर नहीं रहते हैं अन्य लोगों को खड़ा कर फोटो खींच अपलोड कर दिया जा रहा।इस तरह मनरेगा मजदूरों के हक पर डाका डाल क़र जिम्मेदारों द्वारा मनरेगा मजदूरों को दर दर भटकने पर मजबूर किया जा रहा है।मामला पड़री कृपाल विकास खण्ड के ग्राम पंचायत दरियापुर हरदोपट्टी का हैं।जहां पर मनरेगा योजना के अंतर्गत चार साइड चल रही है जिसमें 23 मस्टर रोल जारी किए गए हैं और 211 श्रमिकों की प्रतिदिन हाजिरी लगाई जा रही है।सूत्र बता रहे है कि ग्राम पंचायत में एक साइड पर तालाब सुंदरीकरण हो रहा उसको पहले ट्रैक्टर से जोता गया है।तालाब खुदाई का कार्य चल रहा है।यहां पर तीस मजदूरों की हाजिरी मस्टररोल में लगी हुई हैं वही सूत्र बता रहे है कि मौके पर आठ से दस मजदूर ही काम करते मिले।इससे साफ तौर से स्पष्ट होता है कि किस तरह मनरेगा योजना में जमीनी धरातल पर भ्रष्टाचार हो रहा है।ग्राम प्रधान,पंचायत सचिव व मेट द्वारा फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन की लूट की जा रही है।ग्राम प्रधान,पंचायत सचिव व मेट द्वारा इस योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।जमीन स्तर पर पड़ताल की गई तो सूत्रों ने बताया कि दरियापुर हरदो पट्टी गांव सहित विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न गावों में मनरेगा योजना में हो रही भ्रष्टाचार की अगर जांच करवाई जाए तो कई परत दर परत खुलकर सामने आ सकती हैं।जो साइड पर कभी नहीं जाते हैं उनके नाम से साइड पर कार्य करते हुए आनलाइन मास्टरोल में हाजिरी लगाई जा रही है।इससे साफ तौर से स्पष्ट होता है,कि पड़री विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में किस तरह मनरेगा योजना में जमीनी धरातल पर भ्रष्टाचार हो रहा है।इस तरह प्रधान, पंचायत सचिव व महिला मेट द्वारा फर्जी हाजिरी लगाकर अधिकारियों की मिलीभगत से जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और सरकारी पैसे का जमकर बंदरबांट हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सेवक द्वारा फर्जी मनरेगा मजदूर जो कभी काम पर नहीं आते उनकी हाजिरी लगाकर उनके खाते में पैसा भेज कर पैसा निकलवाकर ले लिया जाता है,वही सूत्रों का यह भी कहना है कि वास्तविक जो मजदूर हैं वह काम की तलाश में दर-दर भटकने पर मजबूर रहते हैं और उन्हें खाने के भी लाले पड़े रहते हैं।इस तरह मनरेगा योजना में मनरेगा मजदूरों के हक पर डाका डाल जिम्मेदार मलाई खा रहे हैं।वहीं मुख्य विकास अधिकारी से मनरेगा के मस्टर रोल में हो रहे फर्जीवाडे की जानकारी दी गईं तो उन्होंने बताया कि अगर ब्लॉक पड़री कृपाल दरियापुर हरदोपट्टी गांव में ऐसा हो रहा है।मौके पर जांच कर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्र वाई सुनिश्चित होंगी।

# मनुष्य को धीरे-धीरे जिम्मेदारियों से हटकर भजन में मन लगाना चाहिये : आचार्य शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी,आरबीएस इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के पंचम दिवस की कथा में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने अयोध्या काण्ड की पावन मांगलिक प्रारंभिक चौपाइयों के गायन के साथ प्रारम्भ किया। कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने शीशा देखने के तात्पर्य को स्पष्ट करते हुये कहा कि सही व्यक्ति का गुरु भी है दुश्मन भी है इसलिये शीशा जरूर देखना चाहिये स्वयं के देखने से गुरु का काम करता है यदि दुश्मन दिखाये तो दुश्मन का काम करता है।शीशा देखने का अर्थ आत्मावलोकन आत्मचिंतन आत्म दर्शन आत्म संवाद से है।जब महाराज को सफ़ेद बाल कान के दिखाई पड़े तो उन्होंने राज्य राम को सौंपने का मन बनाया ऐसे ही संकेत मिलता है चौथा बना जाये तो मनुष्य को धीरे धीरे जिम्मेदारियों से हटकर भजन में मन लगाना चाहिये राज्याभिषेक की तैयारियां हो रही थी और देवता विघ्न की रचना कर रहे थे सरस्वती जी ने मंथरा की बुद्धि बिगाड़ी है और मंथरा ने पूरा को सत्यानाश कर दिया। कथा



वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने वरदान के प्रसंग को सुनाते हुये कहा मां के के भगवान के वनवास का वरदान मांगा इस बात को महाराज दशरथ बर्दाश्त नहीं कर पाया बहुत उलाहना भी दी है विनती भी की है लेकिन कैकेई ने एक नहीं सुना इसी कारण से कुसंग से बचना ही चाहिये भगवान को वनवास की सूचना प्राप्त हुई और मां कौशल्या से आशीर्वाद लेकर चले राष्ट्र संघ में कहा इस देश की माताओं की छाती में वह शक्ति है और क्षमता है वह पराक्रम है सहनशीलता है जो इस देश की धर्म संस्कृति परंपराओं को जीवित रखी है कौशल्या माने एक प्रकार से पारिवारिक एकता का संकेत किया है कि मां के प्रति भगवान राम को भड़काया नहीं अपितु मां का दर्जा दिया है

**खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री आज सुनेंगे श्रीराम कथा**

तिलोई अमेठी,प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री व अमेठी जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा जी का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम सताइस नवम्बर को निर्धारित किया गया है।वह तिलोई स्थित आरबीएस इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में चल रही श्रीराम कथा श्रवण कर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

और मां और पिता यदि दोनों की आज्ञा तो तुझे जाना चाहिए लक्ष्मण जी को बहुत समझाने के बाद भी लक्ष्मण जी जब नहीं माने तो लक्ष्मण भगवान और जान की तीनों वन के लिए चले यह है रघुवंश का भ्रातृ प्रेम जिस कारण से आज भी हम सब ऐसे भाइयों को याद करके आनंदित होते हैं। श्रीराम कथा के पांचवें दिन अशोक सोनी अहोरवा भवानी द्वारा श्रोताओं को प्रसाद वितरित किया गया। कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज के प्रांत प्रचारक कौशल किशोर, सलोन के विधायक

**श्रीराम कथा के पांचवें दिन अयोध्या काण्ड की चौपाइयों पर झूम उठे श्रोता**

अशोक कोरी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार, राम किशुन कश्यप, विजय रस्तोगी, आशा बाजपेयी, नरेंद्र बहादुर, वासु कृष्ण,राहुल को व्यास पीठ से अंगवस्त्र भेंट किया वहीं राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने अतिथियों को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट किया।कार्यक्रम का संचालन धर्मेश मिश्रा ने किया।इस मौके पर कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, उत्कर्ष शरण सिंह,ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, मनीष सिंह, सीओ अजय कुमार सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह,हरिशंकर सिंह, नितेश कुमार यादव, रणवीर सिंह, प्रमोद त्रिपाठी,तेज नारायण मिश्रा,शिरीष गुप्ता, संतोष तिवारी, आशीष नंदन त्रिपाठी, सुरेन्द्र सिंह, सत्य नारायण सिंह,राजेश पाण्डेय, आशीष मिश्रा, सुनील सिंह, शिव कुमार सिंह, आदित्य पाण्डेय, शुभम सिंह, पंकज तिवारी, जागेश्वर मौर्या, सिद्धांत जैन सहित अन्य तमाम श्रोतागण मौजूद रहे।

# दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में पीलीभीत चेयरमैन ने पहुंच कर किया प्रतिनिधित्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।16 वें वित्त आयोग द्वारा नई दिल्ली में मंगलवार को शहरी स्थानीय सरकारों को मजबूत बनाने संबंधी विषय पर देशभर के पालिकाध्यक्षों और महापौरों का सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें पीलीभीत की पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है।राष्ट्रीय सम्मेलन में राजकोषीय स्थिरता और दक्षता तथा शासन पारदर्शिता और जवाबदेही बिंदुओं पर चर्चा की गई।पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था ने इस राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश की ओर से संबोधन किया है।नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने बताया कि ''राजकोषीय स्थिरता और दक्षता'' विषय पर सभी नागरिकों के लिए जीवन की अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सेवाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए नगर के पास उपलब्ध धन के विभिन्न स्रोत क्या है। शहर के विकास की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वित्त आयोग और अन्य अनुदानों पर निर्भरता की सीमा क्या




है। शहर में एफसी अनुदान किस तरह के खर्च परियोजनाएं शुरू की है। स्वयं के स्रोत से राजस्व संग्रह,ग्रामीण से शहरी क्षेत्र में परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए क्या पहल की गई है और शहरों की वित्तीय स्थिरता पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है।आदि बिंदु पर राष्ट्रीय सम्मेलन में चर्चा हुई है।

# मूल संविधान में नहीं थे समाजवादी और सेक्यूलर शब्द : डॉ आरए वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। भाजपा ने संविधान दिवस की 75 वीं वर्षगांठ को गौरव दिवस के रूप में मनाया। मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अगुवाई में भाजपाइयों ने विकास भवन के सामने स्थित भारतरत्न डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।इसके बाद भाजपा कार्यालय पर गोष्ठी आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने गोष्ठी में कहा कि भारत के संविधान का कोई भी ताकत नहीं बदल सकती।उन्होंने कहा मूल संविधान में समाजवादी व सेक्यूलर शब्द नहीं थे। इमरजेंसी के दौरान इन्दिरा गांधी ने संविधान की प्रस्तावना से छेड़छाड़ कर भारत के संविधान का गला घोंटा। उन्होंने कहा भारतीय संविधान भारत के लोकतंत्र का मूल आधार है।इस दौरान उन्होंने डॉ अंबेडकर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संविधान की एक प्रति अपने घर पर रखने का आह्वान किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने संविधान की प्रस्तावना व नीति निर्देशक तत्व का वाचन किया। पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह ने भारत के संविधान को दुनिया का सबसे विस्तृत और सशक्त संविधान बताते हुए कहा कि बाबा साहब ने सबसे पहले संविधान के रूप में झलक भारत श्रेष्ठ भारतद्ध की आधारशिला रखी। बाबा साहेब ने कानून, साइंस और कला की सर्वोच्च डिग्री हासिल की थी। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सीताशरण त्रिपाठी ने कहा कांग्रेस ने कभी संविधान का सम्मान नहीं किया।

कांग्रेस संविधान को लेकर सिर्फ भ्रम व झूठ फैलाने में लगी है। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि पार्टी 26 नवम्बर से 26 जनवरी तक संविधान गौरव महोत्सव मनाएगी। इसके पूर्व कार्यकर्ताओं ने डॉ अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संचालन जिला उपाध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने किया।

# सामूहिक लोक नृत्य में जीजीआईसी जायस की छात्राएं रही अव्वल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। युवा कल्याण विभाग, नेहरू युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा मनीषी महिला पीजी कालेज गौरीगंज में युवा उत्सव कार्यक्रम के तहत युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं साइंस मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मनीषी पी जी कालेज के प्रबन्धक जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में लोक नृत्य, एकल एवं सामूहिक लोक गीत, एकल सामूहिक, भाषण प्रतियोगिता, फोटोग्राफी, चित्रकारी, कहानी लेखन, जीवन कौशल के अवयव एवं साइंस मेला के तहत युवाओं के द्वारा प्रदर्शनी इत्यादि आयोजित किये गये। आयोजित कार्यक्रम में युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ ने कार्यक्रम के विषय में बताया कि प्रत्येक वर्ष एक दिवसीय युवा उत्सव जनपद में आयोजित किया जाता है एवं विजेता प्रतिभागी को मण्डल स्तर एवं प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग करने का अवसर मिलता है, आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में भाषण प्रतियोगिता में अभिजीत त्रिपाठी, सामूहिक लोकनृत्य में जीजीआईसी जायस,




**मनीषी महिला महाविद्यालय में युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं साइंस मेले का किया गया आयोजन**

लोकनृत्य एकल में हिमांशी, युवा कविता लेखन में जया सिंह, लोकगीत सामूहिक में शिवानी तिवारी व अर्पिता तिवारी, चित्रकला प्रतियोगिता में विशाल सिंह कश्यप, विज्ञान मेला में अंशु मौर्या, निखिल मौर्या व अवनीश, मोबाइल फोटोग्राफी में फलक बानो व लोकगीत एकल शताक्षी तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें जिला विकास अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन जनपद के जिला विकास अधिकारी वीर?भानु सिंह एवं नेहरू युवा केन्द्र के मण्डलीय उपनिदेशक समर बहादुर सिंह के द्वारा बच्चों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित कर किया गया तथा कार्यक्रम सहयोगी में युवा कल्याण विभाग की क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रागिनी एवं निधि, सूरज सिंह, सूर्य प्रकाश, चन्द्रबिहारी, शिवरतन, केशवराम, प्रभात, राघवेन्द्र, दिनेश मणि, आकाश, ललित, सर्वेश सहित अन्य लोगों द्वारा कार्यक्रम कुशलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र, युवा सहायक निदेशक सूचना आरबी सिंह, सेवानिवृत्त उपनिदेशक नेहरू युवा केन्द्र आराधना राज सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# पुत्रों की बेरहमी से पिटाई करने वाले आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक से की गई मामले की शिकायत**

पीलीभीत।पुत्रों की बेरहमी से पिटाई करने वाले आरोपियों को पुलिस ने अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुत्रों की माँ ने एसपी से मामले की शिकायत की है। आरोप है मुकदमा दर्ज होने के बाद मुक़दमे की विवेचना करने वाले दरोगा ने आरोपियों से साठगांठ कर ली है। जिसके चलते आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। पीड़िता ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग एसपी से की है। सुनगढ़ी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले की रहने वाली वीरवती ने एसपी को दिए हुए शिकायत पत्र में बताया है कि पडोसी ताराचन्द्र पुत्र डोरीलाल उज्जवल, व वृजवाल उर्फ निवेश, पुत्रगण ताराचन्द्र व रतनेश पत्नी ताराचन्द्र, कान्ता प्रसाद पुत्र डोरीलाल, अंशु बाबू पुत्रगण कान्ता प्रसाद से दिनांक 22.10.2024 को प्रार्थिनी के पुत्र जीतू व बन्टी पर उक्त आरोपियों ने लोहे की राड़ मार दी थी। जिससे उसके दोनों पुत्रों के सिर पर काफी चोटे आई थी। जिसकी शिकायत थाना सुनगढी में की गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। और विवेचना के समय चोट के आधार पर धाराओं में वढोत्तरी की गयी थी। जिसके बाद से पीड़िता का पुत्र आज भी कोमा है। आरोप है कि पुलिस ने अभी तक उक्त आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है और न ही उन्हें तालाश कर रही है। आरोप है कि कोतवाली में तैनात दरोगा सही ढंग से मुक़दमे विवेचना नहीं कर रहा है। पीड़िता ने बताया है कि वह जब भी आरोपियों की गिरफ्तारी के बारे में कहती है। तो उक्त दरोगा टाल मटोल करके प्रार्थिनी को थाने से भगा देता है। पीड़िता ने बताया है कि उसके दोनों पुत्र काफी गम्भीर रूप से घायल है। प्रार्थिनी के बडे पुत्र बन्टी के हाथ में फैक्चर व सिर में टांके आये है और दूसरा पुत्र जीतू अभी भी कोमा है।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कैरियर मेले का सफल आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। राजकीय बालिका इंटर कालेज पूरनपुर में जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश के अनुपालन में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. जाहिदा खातून की अध्यक्षता में कैरियर गाइडेंस मेले का सफल आयोजन किया गया है।जिसमें आमंत्रित नर्सिंग क्षेत्र से संजय गांधी नर्सिंग कालेज की प्रधानाचार्या राजकवीर कौर ने नर्सिंग क्षेत्र के बारे में उच्च शिक्षा के राजकीय संघटक डिग्री कालेज के प्राचार्य अनंत प्रकाश ने उच्च शिक्षा के बारे में चिकित्सा क्षेत्र से पूरनपुर सीएचसी प्रभारी डॉ. आलम गीर ने चिकित्सा क्षेत्र के बारे में सुरक्षा क्षेत्र से कोतवाली पूरनपुर से महिला प्रकोष्ठ की सब इंस्पेक्टर ने महिला अपराध और बचाव के बारे में बताया तकनीकी क्षेत्र से राजकीय पालिटेक्निक कालेज से प्रवक्ता अजय गुप्ता ने तकनीकी शिक्षा के




बारे में बताया बैंकिंग क्षेत्र से केनरा बैंक के सहायक प्रबंधक कृष्णा ने बैंकिंग क्षेत्र के बारे में बताया शिक्षा क्षेत्र से जेसीज रिवर्डे ल इंटर की प्रधानाचार्या अंजू मिश्रा राजकीय बालिका माडल स्कूल शेरपुर कला के प्रधानाचार्य रोहित श्रीवास्तव, गुरूनानक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कमल मोहन पाण्डेय ने शिक्षा क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं के बारे में व सिलाई,कढ़ाई एवं ब्यूटिशियन आदि विशेषज्ञों ने छात्राओं को सिलाई,कढ़ाई आदि क्षेत्र के बारे में जानकारियां प्रदान करते हुए उनके विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देकर कैरियर संबंधित समस्याओं का समाधान कर आगे बढ़ने को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी सविता ने छात्राओं को एकाग्र चित्त होकर पढ़ने का संदेश दिया।

### कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने संविधान की उद्देशिका का कराया पाठन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंगलवार को जनपद अमेठी में संविधान दिवस भव्यता के साथ मनाया गया।कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, एसडीएम दिग्विजय सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। लाइव प्रसारण के उपरांत सभागार में मौजूद अधिकारी कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने संविधान की उद्देशिका का पाठन कराया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद वासियों को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि ''हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिये दृढ़ संकल्प है।संविधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त कार्यालयों, तहसीलों, ब्लॉकों, ग्राम पंचायतों, शिक्षण संस्थानों में भी संविधान की उद्देशिका का पाठन कराने के साथ ही अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### यातायात पुलिस ने दो सौ दस वाहनों का किया चालान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह नवम्बर के छब्बीसवें दिन अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु स्कूली छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया।पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण एवं समस्त क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को यातायात जागरूकता माह नवम्बर के छब्बीसवें दिन यातायात पुलिस द्वारा जसोदा मेमोरियल पब्लिक स्कूल अमेठी में शिक्षारत छात्र छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया तथा दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन (जैसे– गलत दिशा में वाहन चलाना, सड़क के किनारे हाईवे पर अवैध रूप से पार्किंग कर वाहन खड़ा करना व तेज गति से वाहन चलाना आदि) करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग के दौरान दो सौ दस वाहनों का चालान कर कुल दो लाख पचहत्तर हजार रुपये का जुर्माना योजित किया गया।

### संविधान दिवस पर बच्चों ने ली शपथ

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड सिंहपुर के गांव खानापुर चपरा स्थित विद्या कलश हाई स्कूल में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया।विद्यालय प्रार्थना सभा में बच्चों, शिक्षकों व कर्मचारियों द्वारा संविधान दिवस को समारोह के रूप में मनाया गया। विद्याकलश हाई स्कूल के प्रबंधक डॉ आलोक तिवारी ने भारत की आत्मा रूपी पुस्तक भारत का संविधान के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।विद्यालय के प्राचार्य हिमांशु मिश्र खेल प्रशिक्षक राहुल शुक्ल ने संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद व प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।इस अवसर पर विद्यालय के सामाजिक अध्ययन के अध्यापक अदनानुल हक व हिमांशु मिश्र ने संविधान व उसके निर्माण पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की हेड गर्ल साक्षी ने संविधान की रक्षा व अनुपालन हेतु बच्चों को शपथ दिलाई गई।

### चोरी की दो बाइकों के साथ शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा दो अन्तर्जनपदीय शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल व दो अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ है। थाना गौरीगंज के उप निरीक्षक महेन्द्र सरोज मय हमराही टिकरिया बाईपास पाण्डेयपुर मोड़ के पास संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन की चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति दो अलग अलग बाइक से पाण्डेयपुर की तरफ से आ रहे थे। संदिग्ध प्रतीत होने पर उक्त दोनो व्यक्तियों को रोककर नाम पता पूंछने पर दोनो व्यक्तियों ने अपना नाम पवन सिंह पुत्र राम अभिलाख सिंह निवासी ग्राम उतरा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी व संदीप कुमार सोनी पुत्र सज्जन लाल सोनी निवासी ग्राम भण्डरा थाना कुड़वार जनपद सुल्तानपुर बताया एवं मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर नहीं दिखा सके। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछताछ में पकड़े गये लोगों ने बताया कि हम दोनो लोग मिलकर विभिन्न स्थानों से चोरियां करते हैं ये दोनों मोटरसाइकिल भी हम लोगो ने थाना क्षेत्र बंधुआ कला व थाना क्षेत्र दोस्तपुर जनपद सुल्तानपुर से चोरी की थी तलाशी में उनके कब्जे से दो अदद रेडमी मोबाइल फोन बरामद हुये।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में निपुण एसेसमेंट टेस्ट की परीक्षा के अंतिम दिन कक्षा 04 से 08 तक का आयोजन किया गया है।जिसकी शिक्षा गुणवत्ता एवं छात्र उपस्थित हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा विकास क्षेत्र ललौरीखेड़ा मरौरी,नगर क्षेत्र पीलीभीत एवं पूरनपुर के कंपोजिट स्कूल सुनगढ़ी, कंपोजिट स्कूल परिषदीय आदर्श,बालपुर पट्टी, पीएम श्री कंपोजिट स्कूल कैच,खागसराय,खमरिया पट्टी, आदि विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही समस्त प्रधान अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि विद्यालय में प्राप्त सभी ग्रांटों का नियमानुसार तत्काल उपभोग करते हुए उपभोग प्रमाण पत्र खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही विद्यालय समय से पहले या विद्यालय समय के बाद ग्राम भ्रमण करते हुए अभिभावक सम्पर्क करते हुए उन्हें अवगत कराना सुनिश्चित



जिसमें छात्राओं द्वारा ठीक प्रकार से ओएमआर शीट भरी जा रही थी। साथ ही समस्त अध्यापिकाओं को छात्रों की शिक्षा गुणवत्ता एवं सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में निपुण एसेसमेंट टेस्ट में करें कि ठंड के मौसम को देखते हुए अपने बच्चों को फुल यूनिफॉर्म एवं स्वेटर पहनाकर ही प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय अनिवार्य रूप से भेजने का कष्ट करें।इसके साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पिपरिया दुलई विकास क्षेत्र पूरनपुर का भी औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय विद्यालय में छात्र उपस्थिति 100 प्रतिशत पायी गयी। विद्यालय में हो रही निपुण एसेसमेंट टेस्ट परीक्षा का भी अवलोकन किया गया कक्षा 04 से 08 तक की छात्र उपस्थित विकास क्षेत्र अमरिया में 91.86% ब्लाक बरखेड़ा में 90.47% ब्लाक बिलसंडा में 86.34% ब्लॉक बीसलपुर में 89.96% ब्लॉक ललौरीखेड़ा में 90.70% ब्लॉक मरोरी में 89.93% ब्लॉक पूरनपुर में 89.47% एवं नगर क्षेत्र पीलीभीत में 97.25% छात्र उपस्थिति पायी गयी। इस तरह जनपद की कुल छात्र उपस्थिति क्लास 04 से 05 तक 92.40 एवं क्लास 06 से 08 की छात्रा उपस्थिति 90.41% पायी गयी है।

# जिलास्तरीय नवप्रवर्तक प्रदर्शनी का आयोजन 29 को

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ.प्र. को तृणमूल स्तर के नवप्रवर्तकों के चिन्हांकन एवं सहयोग हेतु प्रदेश सरकार द्वारा नवप्रवर्तन केंद्र निहित किया गया है। प्रायः नवप्रवर्तक ऐसे वर्ग से आते है जिनका शैक्षिक स्तर बहुत अच्छा नहीं होता है (विद्यार्थी वर्ग को छोड़कर) अधिकांशतः नवप्रवर्तन अभावों और विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिये अथवा अपने काम को किसी सरल तरीके से करने के लिये कोई नवीनतम अविष्कार को जन्म देते हैं और यह अन्वेषण नवप्रवर्तन कहलाता है। अधिकांश नवप्रवर्तक किसान, मैकेनिक, मजदूर या शिल्पकार होते है एवं अन्य नवप्रवर्तक भी जो विज्ञान वर्ग से परे होते हैं परन्तु उनकी सोच वैज्ञानिक होती है। उनमें से भी ज्यादातर नवप्रवर्तक आर्थिक रुप से कमजोर होते हैं।या जनजातीय समूह से जो नवप्रवर्तक आते हैं, वह भी, अभावों और समस्याओं को सरल बनाने की दिशा में नवप्रवर्तन कर खुद को आगे बढ़ाते हैं। ऐसी दशा में उनके द्वारा प्रतिपादित बहुमूल्य नव अन्वेषण सिर्फ उनकी व्यक्तिगत संतुष्टि का सहारा मात्र बन कर रह जाता है। इसी प्रवृति को प्रोत्साहित करना एवं 'तृण मूल नवप्रवर्तकों' को प्रोत्साहित करना तथा नवप्रवर्तकों को उनके द्वारा ही प्रतिपादित बहुमूल्य नवप्रवर्तन द्वारा स्वरोजगार उपलब्ध कराने के ध्येय से प्रदेश के अंगठित क्षेत्रों में बिना किसी बाहरी आर्थिक और तकनीकी मदद से कोई नूतन आविष्कार करने वाले नवप्रवर्तकों को सबल बनाने हेतु जिलाधिकारी सुल्तानपुर की सहमति और आदेश के अनुपालन में जिला विज्ञान क्लब सुल्तानपुर द्वारा जिलास्तरीय नवप्रवर्तक प्रदर्शनी का आयोजन कमला नेहरू कृषि विज्ञान केंद्र सुल्तानपुर में 29 नवम्बर 2024, शनिवार को किया जाएगा। जिला समन्वयक शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय पुरस्कार 3000, तृतीय पुरस्कार 2000, तथा 1000 रुपए के 03 सांत्वना पुरस्कार भी दिए जायेंगे। साथ ही पेटेंट के लिए चुने गए नवप्रवर्तन को 15000 रुपए का सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को नवप्रवर्तन के प्रति जागरूक करना होगा, जिससे अधिक से अधिक लोग नवप्रवर्तन गतिविधियों के महत्व को जान सके।

# कॉप29 बैठक के कमजोर परिणाम

अजरबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (कॉप29) की 29वीं बैठक एक ऐसी जलवायु वित्त बैठक के रूप में आयोजित हुई जहां ऐतिहासिक रूप से अधिक उत्सर्जन करने वाले विकसित देश विकासशील देशों के जलवायु अनुकूलन और उत्सर्जन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए 2025 के आगे की नई वित्तीय प्रतिबद्धता तय करने वाले थे। परंतु तीव्र बहस के उपरांत रविवार को जब तय अवधि के दो दिन बाद जब यह बैठक समाप्त हुई तब वह एक ऐसे वित्तीय समझौते पर पहुंची, जिसका भारत, नाइजीरिया, बोलिविया और क्यूबा ने घोर विरोध किया। इसके अलावा जितनी राशि की प्रतिबद्धता जताई गई उसके विरोध में छोटे द्वीपीय देशों के समूह तथा जलवायु संकट झेल रहे अन्य देशों ने आयोजन का बहिष्कार भी किया। हालांकि नए समग्र मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) के अंतर्गत 2035 तक सालाना 300 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता जताई गई है जो पहले जताई गई सालाना 100 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता से काफी अधिक है। लेकिन यह विकासशील देशों की 1.3 लाख करोड़ डॉलर की मांग से काफी कम है। इस तमाम असंतोष के बीच वार्ताकारों ने संकेत दिया है कि समझौता चाहे जितना भी अपूर्ण हो, परंतु नहीं होने से तो वह बेहतर ही होता है। महज दो माह पहले कॉप29 के पहले बाकू में वार्ताकारों की बैठक में सदस्य देश एनसीक्यूजी के अधीन किसी वित्तीय प्रतिबद्धता पर नहीं पहुंच पाए थे। परंतु जलवायु की दृष्टि से संवेदनशील देशों के पास इस बात की अच्छी-खासी वजह है कि वे बाकू में हुए समझौते को लेकर मजबूत पूर्वग्रह रखें। अगर मौजूदा रुझानों को मानक माना जाए तो 300 अरब डॉलर की अपर्याप्त राशि जुटा पाना भी मुश्किल नजर आ रहा है। पहले जलवायु वित्त लक्ष्य के लिए 100 अरब डॉलर की राशि तय की गई थी। इस राशि पर कोपनहेगन में 2009 में आयोजित कॉप 15 में सहमति बनी थी। इस लक्ष्य को 2022 में यानी केवल एक बार हासिल किया जा सका था वह भी लक्षित वर्ष के दो साल बाद। दूसरी बात यह कि अधिक वित्तीय सहायता की मांग भी अस्पष्ट हैं। उदाहरण के लिए कॉप 29 में 'बाकू से बेलेम' खाके पर सहमति बनी। ब्राजील के बेलेम शहर में अगले वर्ष कॉप30 का आयोजन होना है। वहां सभी पक्ष साथ मिलकर 'सभी सार्वजनिक और निजी स्रोतों' का इस्तेमाल करके 2035 तक सालाना 1.3 लाख करोड़ डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करेंगे। योजना यह है कि 2030 तक इस निर्णय पर नजर रखी जाए। इस बीच 2026 और 2027 में रिपोर्ट आएंगी। आखिर में समझौता विकासशील देशों से आग्रह करता है कि वे इस लक्ष्य को पाने के लिए स्वैच्छिक रूप से सहयोग करें। यह वैश्विक समृद्ध देशों यानी ग्लोबल नॉर्थ के दायित्वों में महत्त्वपूर्ण कमी करने वाली बात है। एक सकारात्मक बात यह है कि करीब एक दशक की बातचीत के बाद कॉप 29 में करीब 200 देश इस बात पर सहमत हुए कि पेरिस समझौते के अनुच्छेद 6 के अधीन कार्बन बाजार के संचालन की दिशा में बढ़ा जाए। इसके बाद दो देशों के बीच व्यापार और कार्बन क्रेडिट प्रणाली के पूरी तरह काम करने की उम्मीद है। कार्बन ट्रेडिंग जलवायु वित्त का एक अहम स्वरूप है और ये नियम भारत को इस बाजार को परिचालित करने में मदद करेंगे। भारत को उसके वार्ताकार द्वारा समझौते को नकारने तथा दुनिया के गरीब देशों की हिमायत करने का लाभ मिला है। परंतु तथ्य यह है कि विकासशील देशों की आपत्तियों को आसानी से खारिज कर दिया गया। यह बताता है कि इन वार्ताओं में काफी असमानता है और विकसित देश इस संकट में अपने ऐतिहासिक दायित्व से पीछे हट रहे हैं। जलवायु संकट को शंका की दृष्टि से देखने वाली ट्रंप सरकार के आगमन के बाद यह रुझान और बढ़ेगा। ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में पेरिस समझौते को नकार चुके हैं। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि बाइडन प्रशासन के ठोस इरादों के बावजूद अमेरिकी कांग्रेस लगातार जलवायु वित्त अनुरोधों पर उसे नकारती रही।

# उच्च शिक्षा की परम्परा और प्रयोग

जिसके पास संसाधन हैं वह अपने बच्चों को जल्दी से जल्दी विदेश पढ़ने को भेजने की जुगत में है। देशी सरकारी संस्थान व्यवस्थागत कठिनाइयों से ग्रस्त हो रहे हैं। उनकी संख्या कम है और जो हैं वे संसाधनों के अभाव से जूझ रहे हैं। दूसरी ओर भारत में गैरसरकारी क्षेत्र में बड़ी संख्या में बेहद महंगे निजी शिक्षा संस्थान तेजी से खड़े हो रहे हैं जो कई गुना फीस ले रहे हैं। वे शिक्षा की एक भिन्न संस्कृति विकसित कर रहे हैं। ज्यादातर सरकारी संस्थान संसाधनों के अभाव और व्यवस्था की खामियों से जूझ रहे हैं। कुलपतियों और अध्यापकों की नियुक्ति न होने से कई विश्वविद्यालयों में शिक्षा का माहौल बिगड़ रहा है। साथ ही विभिन्न कारणों से कई विश्वविद्यालयों में कुलपतियों को हटाना पड़ा और शैक्षिक परिवेश खराब हुआ। बढ़ते सरकारी हस्तक्षेप के कारण भी अनेक संस्थाओं का स्वाभाविक विकास नहीं हो पा रहा है। शोध की गुणवत्ता में ह्रास और शोध प्रकाशनों में धांधली घातक हो रही है।शिक्षा संस्थानों के विकास के लिए स्वायत्तता अत्यंत आवश्यक है। उच्च शिक्षा का आम माहौल युवा भारत के लिए चिंताजनक हो रहा है। नई शिक्षा नीति व्यवस्था, प्रक्रिया, विषयवस्तु, सांस्कृतिक परिष्कार तथा शिक्षा के माध्यम आदि को लेकर अनेक प्रस्ताव लेकर जरूर उपस्थित हुई परंतु उसके कार्यान्वयन में अनेक बाधाएं हैं।

भारत में उच्च शिक्षा का बड़ा समृद्ध प्राचीन इतिहास है जहां नालंदा, विक्रमशिला, ओदंतपुरी और तक्षशिला आदि कई विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों की शृंखला थी, जहां अनेक विषयों का अध्यापन और अनुसंधान किया जाता था। ये सभी संस्थान समाज द्वारा पोषित किंतु व्यवस्था की दृष्टि से स्वायत्त थे। यहां के प्राध्यापक अपने विषयों के प्रामाणिक विद्वान थे और उनकी उपलब्ध कृतियां उनकी प्रतिभा और बुद्धि का कायल बनाती हैं। वैदिक ज्ञान परम्परा से जो धारा प्रवाहित हुई वह काल क्रम में ज्ञान की साधना को दिशा देती रही। इसका प्रमाण ज्ञान का प्रतिमान स्वरूप अष्टाध्यायी, योगसूत्र, नाट्यशास्त्र, चरक संहिता, अर्थशास्त्र, कामसूत्र और सूर्य सिद्धांत आदि अनेकानेक ग्रंथों में उपलब्ध होता है। दर्शन, धर्मशास्त्र, गणित, धातु-विद्या, साहित्य और कला आदि के क्षेत्रों में प्रचुर सामग्री आज भी उपलब्ध है। यह निश्चित है कि अध्ययन का क्षेत्र अत्यंत व्यापक था और वह कोरा सैद्धांतिक न होकर जीवन से जुड़ा होता था। वह शिक्षा विद्यार्थी को व्यवसायों के लिए तैयार करती थी। ज्ञान की यह परम्परा विकसित होती रही, उन पर चर्चा, खंडनऽमंडन और टीका-टिप्पणी का भी अवसर बना रहा। यदि ज्ञान की शास्त्रीयता बहुलतामूलक थी तो बहुज्ञता शास्त्र जानने वाली की प्रवीणता या दक्षता की कसौटी थी। भर्तृहरि के शब्दों में 'सिर्फ अपनी ही ज्ञान-परम्परा का ज्ञान अपर्याप्त होता है'। विचारों और सिद्धांतों में पर्याप्त विविधता थी और ज्ञान की प्रामाणिकता उसके प्रयोग से जांची-परखी जाती रही। कुशलता और दक्षता को बढ़ावा दिया जाना प्रमुख सरोकार था। ज्ञान-विज्ञान के अर्जन को अवलोकन तथा तर्क की सहायता से आगे बढ़ाने का प्रयास ज्ञान की यात्रा की मुख्य विशेषता के रूप में उभरती है। सिद्धांतों को यथार्थ की ओर उन्मुख एक आलोचक दृष्टि द्वारा सतत प्रमाणित किया जाता रहा। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य जीवन के क्लेशों से पार पाना था। विद्यार्जन का कार्य सभी तरह की समस्याओं का समाधान करने वाले उपाय के रूप में स्थापित हुआ। मनुष्य का सर्वतोमुखी विकास इस शिक्षा का उद्देश्य था। शिक्षा मूल्य-सृजनका माध्यम थी। भारतीय परंपरा में शिक्षा को सामाजिक जीवन से जोड़े रखने को प्राथमिकता दी गई थी। शिक्षा और दीक्षा के द्वारा शास्त्र तथा लोक दोनों को पुष्ट किया जाता रहा और दोनों एक दूसरे को प्रभावित करते रहे । शिक्षा की चर्या कैसे हो इस पर भी वैदिक काल से ही चिंतन-मनन होता रहा। ज्ञान को आत्मसात करना और दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाना ही आचार्य और उपाध्याय का मुख्य कार्य होता था। अध्यापक का प्रवचन यदि 'संधान' था तो गुरु (पूर्वपक्ष) तथा शिष्य (उत्तरपक्ष) के बीच विद्याविषयक सम्बन्ध को 'संधि' कहा गया। ज्ञान की सामाजिक भूमिका थी तो ज्ञानसृजन भी समाज की आशा-आकांक्षा के प्रति संवेदनशील था। अपने व्यापक अर्थ में दोनों का संचालन 'धर्म' की परिधि में करने पर जोर दिया गया। इसे जीवन-विस्तार और समाज में स्थापित किया जाता रहा । विभिन्न शास्त्रों, विद्याओं और कला-कौशलों का विस्तार आज भी विभिन्न ग्रंथों या टेक्स्ट में उपलब्ध है जो यह बताने के लिए पर्याप्त आधार प्रदान करता है कि भौतिक जगत, सामाजिक व्यवहार और आध्यात्मिक अनुभव सभी दृष्टियों से ज्ञान के उद्घाटन का प्रयास मुख्य है । इन सबके केंद्र में मनुष्य समेत समस्त प्राणिजगत के साथ प्रकृति की रक्षा और संवर्धन का प्रयास है । इस सोच में शिक्षा मानव पूंजी में स्थायी निवेश है जिसका उद्देश्य दायित्वपूर्ण मनुष्य निर्मित करना है।यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि आधुनिक भारत में उच्च शिक्षा का वर्तमान रूप अंग्रेज़ी औपनिवेशिक काल की देन है जिसे योजनाबद्ध रूप में युक्तिपूर्वक प्रस्तुत और स्थापित किया गया । यह शिक्षा को देश की ज्ञान-परम्परा से काट कर और उसे अप्रासंगिक बना कर लागू की गई। अपरिचित विदेशी भाषा के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था ने शिक्षा तक पहुँच को न केवल सीमित कर दिया बल्कि अंग्रेज़ी तहजीब और तौर तरीकों को मानक के रूप में स्थापित किया। संस्कृति और ज्ञान का नया आदर्श अनिवार्य रूप से श्रेष्ठ बना कर प्रचारित किया गया। उस अंग्रेजी परस्त भारत से परे वाला शेष भारत बड़ी आसानी से हाशिए पर पहुंचा दिया गया। अपने सामान्य रूप में यह शिक्षा ज्ञान के निर्माण और प्रसार की जगह सरकारी काम-काज के लिए जरूरी मुलाजिमों को तैयार करने लायक पढ़ाई पर ही केंद्रित रही। इस तरह वह एक तरह की बाबूगिरी को तरजीह देने वाली ज्ञानप्रणाली थी और उसका विस्तार उसी रूप में किया जाता रहा । इस शिक्षा में विद्यार्थी का एकांगी विकास हो रहा था। उसकी विषयवस्तु बाहर से उधार ली गई थी और शिक्षा के नाम पर उसी के अनुकरण तथा पुनरुत्पादन का काम जोर-शोर से शुरू हुआ जो बाद में भी चलता रहा। पश्चिम को ही मानक माना गया और उसकी मान्यता पाने पर ज़ोर दिया जाता रहा। ऐसे में नवोन्मेष, सृजनात्मक पहल, मौलिकता और विचार-स्वातंत्र्य जैसे मानदंडों में देश पिछड़ता गया। शिक्षा की प्रक्रिया विशेषतया अध्यापन और परीक्षा के ढाँचा का प्रावधान इसी के अनुरूप किया गया।ज्ञान-सृजन और प्रसार की दृष्टि से अंग्रेजों द्वारा आरम्भ की गई और उनके वर्चस्व के प्रभाव में स्वतंत्र भारत में भी क़ायम रही । यह उच्च शिक्षा ज्ञान के क्षेत्र में भारत को सदा के लिए दोयम बनाये रखने का पक्का नुस्खा बन गया। यह मॉडल ज्ञान की प्रक्रिया का भारतीय आदर्श बन गया और अभी तक जारी है। लगातार अभ्यास के कारण दूसरे विकल्पों के प्रति हम उदासीन और तटस्थ होते गए। ज्ञान, कौशल और तकनीक के क्षेत्रों में परजीवी हो जाना स्वावलम्बन और विकास के लक्ष्य के विरुद्ध जाता है। उद्यमिता और सामाजिक प्रासंगिकता की दृष्टि से भी यह मॉडल अधिक उपयोगी नहीं रहा। हम स्थानीय प्रश्नों को भी दरकिनार रखे और वैश्विक संदर्भ के प्रति भी आवश्यकतानुसार संवेदनशील नहीं हो सके। आज जब उदारीकरण, वैश्वीकरण और अंतरराष्ट्रीयकरण का दौर आ चुका है तथा 'डिजिटल' और 'स्मार्ट' विश्वविद्यालयों की बात हो रही है हमारे देश के अनेक विश्वविद्यालय सोचऽविचार और प्रणाली की दृष्टि से स्तब्ध और किंकर्तव्यविमूढ़ बने हुए हैं। भारतीय समाज का बड़ा हिस्सा इस अर्थ में शिक्षा की दृष्टि से निरपेक्ष रहता है कि वह जो है उसके साथ अपना समायोजन बैठाने लगता है और शिक्षा यथास्थितिवाद का शिकार हो जाती है। सैद्धांतिक रूप से विश्वविद्यालय स्वायत्त संस्था होते हैं इसलिए सब अपने ढंग से कार्य करते हैं जिससे अच्छे बुरे हर तरह की पहल की छूट होती है। राज्य सरकार की अपनी मनमानी चलती है। वे अपने विवेक से काम करती है। उदाहरण के लिए कई प्रदेशों की सरकारें पूरे प्रदेश के विश्वविद्यालयों के लिए एक पाठ्यक्रम लागू करती हैं जिससे सर्जनात्मकता और विविधता को धक्का लगता है। आज उच्च शिक्षा की दृष्टि से देश संक्रमण की स्थिति में है।

जिसके पास संसाधन हैं वह अपने बच्चों को जल्दी से जल्दी विदेश पढ़ने को भेजने की जुगत में है। देशी सरकारी संस्थान व्यवस्थागत कठिनाइयों से ग्रस्त हो रहे हैं। उनकी संख्या कम है और जो हैं वे संसाधनों के अभाव से जूझ रहे हैं। दूसरी ओर भारत में गैरसरकारी क्षेत्र में बड़ी संख्या में बेहद महंगे निजी शिक्षा संस्थान तेजी से खड़े हो रहे हैं जो कई गुना फीस ले रहे हैं। वे शिक्षा की एक भिन्न संस्कृति विकसित कर रहे हैं। ज्यादातर सरकारी संस्थान संसाधनों के अभाव और व्यवस्था की खामियों से जूझ रहे हैं। कुलपतियों और अध्यापकों की नियुक्ति न होने से कई विश्वविद्यालयों में शिक्षा का माहौल बिगड़ रहा है। साथ ही विभिन्न कारणों से कई विश्वविद्यालयों में कुलपतियों को हटाना पड़ा और शैक्षिक परिवेश खराब हुआ। बढ़ते सरकारी हस्तक्षेप के कारण भी अनेक संस्थाओं का स्वाभाविक विकास नहीं हो पा रहा है। शोध की गुणवत्ता में ह्रास और शोध प्रकाशनों में धांधली घातक हो रही है।शिक्षा संस्थानों के विकास के लिए स्वायत्तता अत्यंत आवश्यक है। उच्च शिक्षा का आम माहौल युवा भारत के लिए चिंताजनक हो रहा है। नई शिक्षा नीति व्यवस्था, प्रक्रिया, विषयवस्तु, सांस्कृतिक परिष्कार तथा शिक्षा के माध्यम आदि को लेकर अनेक प्रस्ताव लेकर जरूर उपस्थित हुई परंतु उसके कार्यान्वयन में अनेक बाधाएं हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा और मातृभाषा में अध्ययन-अध्यापन को बढ़ावा देने के कार्य में कुछ प्रगति हुई है परंतु नीति के आने के चार साल बाद भी बहुत से सैद्धांतिक, व्यावहारिक और नीतिगत प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। इनको यथाशीघ्र सुलझाना होगा। गुणवत्ता, मौलिकता और प्रासंगिकता के अभाव में विश्व पटल पर भारतीय शिक्षा की प्रभावकारी उपस्थिति नहीं हो सकेगी। यदि शिक्षा के गिने-चुने कुछ उज्ज्वल द्वीपों (जैसेऽआईआईटी, आईआईएम और भारतीय विज्ञान संस्थान) को छोड़ दें तो ज्यादातर संस्थान निराश करने वाले होते जा रहे हैं। उच्च शिक्षा के प्रति सरकार का कामचलाऊ रवैया विकसित भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को पाने में बाधक है। उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता का कोई विकल्प नहीं होता है। इसलिए शिक्षा के लिए गम्भीर प्रयास करने ही होंगे।

गिरीश्वर मिश्र

# सोशल मीडिया पर अफसरी कितनी जायज?

**प्रियंका सौरभ**

सिविल सर्विसेज में सोशल मीडिया आचरण की उभरती चुनौतियां सचमुच परेशान करने वाली हैं। सोशल मीडिया सार्वजनिक दृश्यता को बढ़ाता है, जिससे अधिकारी द्वारा दिया गया हर बयान सार्वजनिक मूल्यांकन के अधीन हो जाता है, जिससे प्रशासन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचने का जोखिम होता है। उदाहरण के लिए सोशल मीडिया पर केरल सरकार के कृषि विभाग के विशेष सचिव की हालिया टिप्पणियों की व्यापक आलोचना हुई, जिससे सार्वजनिक अधिकारियों द्वारा विवेकपूर्ण ऑनलाइन आचरण की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित हुआ। ''सेवा के सदस्य के लिए अनुचित'' शब्द की व्याख्या की जा सकती है, जिससे उचित सोशल मीडिया व्यवहार के बारे में अस्पष्टता पैदा होती है। उद्योग निदेशक, 2024 (केरल) द्वारा एक व्हाट्स ऐप समूह का निर्माण विभाजनकारी माना गया, जिसमें दिशा-निर्देश निजी डिजिटल इंटरैक्शन के लिए सीमाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने में असमर्थ थे। व्यापक अनुशासनात्मक प्रावधानों को चुनिंदा रूप से लागू किया जा सकता है, जिससे पक्षपात और लक्ष्यीकरण की धारणाएं बनती हैं। आचरण नियमों के असमान प्रवर्तन के परिणामस्वरूप अक्सर कनिष्ठ अधिकारियों को कड़ी जांच का सामना करना पड़ता है, जबकि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नरमी बरती जा सकती है। सोशल मीडिया पर संवेदनशील सरकारी डेटा या आंतरिक चर्चाएं साझा करना, यहां तक कि अनजाने में भी, गोपनीयता भंग कर सकता है और राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम पैदा कर सकता है। सोशल मीडिया गतिविधि के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई का डर अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित कर सकता है, जिससे खुली बातचीत और नवाचार में बाधा आ सकती है। व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के सकारात्मक पहलू। संतुलित दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि अधिकारी अपने अधिकारों का सम्मान करते हुए जवाबदेह हों, व्यावसायिकता को बढ़ावा दें। पारदर्शी नियम जनता के विश्वास को मजबूत करते हैं, क्योंकि नागरिक अधिकारियों को नैतिक और उचित दोनों मानकों का पालन करते हुए देखते हैं। यह निष्पक्ष प्रशासन के बारे में जनता की धारणा को मजबूत करता है। स्पष्ट दिशा-निर्देशों के साथ, सिविल सेवक शासन के मामलों पर जनता से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। आईएएस अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक आउटरीच अभियान सेवा वितरण और नागरिक भागीदारी में सुधार कर सकते हैं। परिभाषित नियम अस्पष्टता को कम करते हैं, डिजिटल क्षेत्र में अधिकारियों के लिए एक स्पष्ट नैतिक ढांचा प्रदान करते हैं। सोशल मीडिया के उपयोग के लिए एक उदाहरणात्मक आचार संहिता अधिकारियों का मार्गदर्शन कर सकती है, जिससे गलत व्याख्या का जोखिम कम हो जाता है। निष्पक्ष नियम अधिकारियों को मनमानी कार्रवाई से बचाते हैं, जिससे उन्हें अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों को व्यक्तिगत स्वतंत्रता के साथ संतुलित करने की अनुमति मिलती है। सुरक्षा को निर्दिष्ट करने वाले दिशानिर्देश व्यक्तिगत शिकायतों के आधार पर अनुशासनात्मक कार्रवाइयों के दुरुपयोग को रोकने में मदद करते हैं। व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के नकारात्मक पहलू। अत्यधिक प्रतिबंध व्यक्तिगत अभिव्यक्ति में बाधा डाल सकते हैं, जिससे एक कठोर वातावरण बन सकता है जो खुलेपन को रोकता है। अधिकारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के डर से लाभकारी जानकारी साझा करने से बच सकते हैं, जिससे पारदर्शिता कम हो सकती है। सोशल मीडिया पर पेशेवर और व्यक्तिगत आचरण के बीच अंतर करना मुश्किल है, जिससे अकसर भ्रम की स्थिति पैदा होती है। नियमों को राजनीतिक एजेंडे से प्रभावित होकर चुनिंदा तरीके से लागू किया जा सकता है, जिससे अधिकारी की स्वतंत्रता प्रभावित होती है। ऐसे मामले जहां अधिकारियों को चुनिंदा तरीके से अनुशासित किया जाता है, प्रवर्तन तंत्र की तटस्थता में विश्वास को कम करता है। सोशल मीडिया की निगरानी अधिकारियों के व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन कर सकती है, जिससे निगरानी के बारे में नैतिक सवाल उठते हैं। अनुशासन पर अत्यधिक जोर देने से मनोबल प्रभावित हो सकता है, जिससे अधिकारियों की जनता के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने की इच्छा सीमित हो सकती है। आईएएस अधिकारियों के लिए सोशल मीडिया पर स्वीकार्य सामग्री और व्यवहार को रेखांकित करने वाले विशिष्ट नियम विकसित करें। नियम, 1968 में बदलाव किए जाने चाहिए, जिसमें सोशल मीडिया आचरण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देशों का अभाव है।

## सेहत मंत्र

### लौंग वाला दूध हो सकता है पुरुषों के लिए फायदेमंद, इनफर्टिलिटी की समस्या होगी दूर

आमतौर पर दूध को सम्पूर्ण आहार माना जाता है। पौष्टिकता बढ़ाने के लिए इसमें बहुत सी चीजें भी मिलायी जाती है। कुछ लोग बादाम वाला दूध पसंद करते है तो कोई प्रोटीनयुक्त हेल्थ सप्लीमेंट्स मिलाकर दूध का सेवन करते है। लेकिन लौंग और दूध के फायदे शायद बहुत कम लोग जानते है। खासकर पुरुषों के लिए दूध और लौंग बहुत फायदेमंद है। दूध और लौंग का सेवन पुरुषों में कई तरह की पौरुष संबंधी दिक्कतों को दूर करता है। दूध में लौंग मिलकर सेवन करने से स्ट्रेस लेवल कम हो सकता है। इसमें बहुत से जरुरी पोषक तत्व पाए जाते है। इसमें कॉपर, जिंक, पैग्नीशियम, फाइबर जैसे तत्व पाए जाते हैं और दूध तो कैल्शियम का अच्छा सोर्स है ही। तो आप भी दूध और लौंग का सेवन शुरू करिये और बढ़ते तनाव से खुद को दूर रखिये। बदलती जीवन शैली अल्कोहल और स्मोकिंग की आदत से पुरुषों में स्पर्म काउंट काफी कम होने लगता है। अगर आप भी इस समस्या का शिकार है तो दूध और लौंग आपकी इस परेशानी को दूर कर सकता है। दूध और लौंग के प्रयोग से पुरुषों का स्पर्म काउंट में सुधार होने लगता है। यदि आपका हार्मोन लेवल कम हो गया है तो लौंग और दूध आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इससे शारीरिक क्षमता बेहतर होती है और यह सेक्सुअल पावर भी बढ़ाता है। इससे सेक्स लाइफ अच्छी होती है। पुरुषों में बढ़ते वज़न की परेशानी बहुत ही आम समस्या है। अगर आप भी बढ़ते वज़न से परेशान है तो आपकी इस परेशानी को दूध और लौंग के सेवन से दूर किया जा सकता है। यदि आप सुबह खाली पेट नियमित रूप से कम से कम दो लौंग चबाते है तो आप भी बहुत सी समस्याओं से बचे रहेंगे।आप चाहें तो लौंग का पाउडर भी मिला सकते हैं लेकिन यदि आप पाउडर नहीं मिक्स करना चाहते तो 2 लौंग का पेस्ट बनाकर दूध में मिक्स कर लें।

## धर्म मंत्र

### सुखी एवं समृद्ध जीवन के आधार है गणेशजी

भगवान गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं, वे सात्विक देवता हैं और विघ्नहर्ता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को सिद्धि विनायक भगवान गणेश का जन्मोत्सव मनाया जाता है। गणेश के रूप में विष्णु शिव-पावर्ती के पुत्र के रूप में जन्म थे। उनके जन्म पर सभी देव उन्हें आशीर्वाद देने आए थे। विष्णु ने उन्हें ज्ञान का, ब्रह्मा ने यश और पूजन का, धर्मदेव ने धर्म तथा दया का आशीर्वाद दिया। शिव ने उदारता, बुद्धि, शक्ति एवं आत्म संयम का आशीर्वाद दिया। लक्ष्मी ने कहा कि जहां गणेश रहेंगे, वहां मैं रहूंगी।' सरस्वती ने वाणी, स्मृति एवं वक्तृत्व-शक्ति प्रदान की। सावित्री ने बुद्धि दी। त्रिदेवों ने गणेश को अग्रपूज्य, प्रथम देव एवं रिद्धि-सिद्धि प्रदाता का वर प्रदान किया। इसलिये वे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव है। वे भारत सहित सिंध और तिब्बत से लेकर जापान और श्रीलंका तक की संस्कृति में समाये हैं।

## पर्यटन



### भारतीय स्मारक, जिन्हे देखकर रह जायेंगे दंग, ख़ूबसूरती है बेमिसाल

प्राचीन समय से ही भारत को इसकी सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक सम्पन्नता के लिए जाना जाता है। भारत में मुग़ल काल से लेकर प्राचीन काल के साक्ष्य मौजूद है जिसमे रामायण काल और महाभारत काल के साक्ष्य भी शामिल है जो इसकी ऐतिहासिक धरोहर है। मुग़ल काल में निर्मित ऐतिहासिक धरोहरों को हम कैसे भूल सकते है। आइये आपको ले चलते है कुछ ऐसी ही भारतीय धरोहरों की सैर पर जिन्हे देख कर देश विदेश से आये पर्यटक दंग रह जाते है और उनको भारत के गौरवपूर्ण इतिहास का पता चलता है। राजस्थान का नाम सुनते ही लोगो के मन में हवा महल की तस्वीर बन जाती है। हवा महल राजस्थान की पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह गुलाबी शहर का सबसे लोकप्रिय पर्यटक स्थल है इसका अर्थ है 'हवाओं का महल'। इसका निर्माण 1799 में महाराजा सवाई प्रताप सिंह ने बनवाया था। इसमें 950 से भी ज्यादा खिड़कियां है। यह महल लाल और गुलाबी बलुआ पत?थर से बना हुआ है और यह महल मधुमखियों के छत्ते की तरह से बनाया गया है। इस महल में पर्यटकों की बहुत भीड़ होती है। शाम के समय इस महल में लाइट जलाई जाती है जिससे इसकी खूबसूरती और बढ़ जाती है। इस महल को अंबा पैलेस के नाम से भी जाना जाता है। महल के साथ-साथ यहां 44.2 मीटर ऊंचा एक पांचमंज़िल का टावर भी है, जिसके गुंबद को सोने से बनाया गया है। इसका निर्माण 14वीं सदी में वाडियार राजाओं ने करवाया था। यह वाडियार महाराजाओं का निवास स्थान हुआ करता था। मैसूर पैलेस दविड़, पूर्वी और रोमन कला का अद्भुत संगम है। ताज महल की गिनती विश्व के सात अजूबो में की जाती है। शायद ही कोई ऐसा विदेशी पर्यटक होगा जो इंडिया आये और ताज महल के दीदार करने ना पहुचें। इसका निर्माण मुगल बादशाह शाहजहां ने अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में करवाया था।

# ट्रांसफार्मर का सामान और तेल ही चोरी कर ले गए चोर, केस दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। कुर्सी थाना क्षेत्र में चोरी का एक अजब मामला सामने आया है। यहां चोरों ने बिजली के ट्रांस्फार्मर के अंदर के सामान और उसमें भरे तेल पर ही हाथ साफ कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारियों नें पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुर्सी थाना क्षेत्र के गंगौली गांव में बीती रात चोरों ने बिजली के ट्रांस्फार्मर धावा बोला। चोर ट्रांस्फार्मर के अंदर का सामान, कीमती उपकरण और तेल चोरी कर ले गए। सुबह ग्रामीणों ने जब सामन बाहर बिखरा पड़ा देखा, तो दंग रह गए। ग्रामीणों ने पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारियों इसकी जानकारी दी है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुँचकर जाँच शुरू की। एसडीओ कुर्सी सर्वेश पाल ने बताया कि विद्युत ट्रांसफार्मर का तेल और कुछ पार्ट्स की चोरी हूई है।मामले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गयी है। गांव की बिजली बाधित न हो इसके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी।

# एसएचओ मैडम ने बदलवा दी तहरीर कप्तान ने किया लाइन हाजिर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। बीती 23 नवम्बर की रात्रि घुँघटेर थाना क्षेत्र मे हुई लूट की वारदात को चोरी मे दर्ज करने वाली प्रभारी निरीक्षक घुँघटेर के पद पर तैनात महिला निरीक्षक गीता द्विवेदी को महंगा पड़ गया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने प्रभारी निरीक्षक रही गीता द्विवेदी पर कार्रवाई करते हुए उन्हे तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करने का आदेश दे दिया जिसके बाद दागी पुलिस कर्मियों मे हड़कंप मच गया।

पुलिस की छवि पर उठ रहे थे सवालिया निशान

दरसल घुँघटेर थाना क्षेत्र के भदेसिया गाँव मे बीती 23 नवम्बर की रात्रि नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे के बल पर एक घर के लोगों को बंधक बनाकर जमकर लूटपाट की थी जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक गीता द्विवेदी ने दबाव बनाकर पीड़ितों की तहरीर को बदलवाकर महज चोरी की धाराओं मे केस दर्ज किया था जिसे पुलिस अधीक्षक ने जाँच करवाकर पाया कि इसमे निश्चित ही प्रभारी के द्वारा संवेदनशील नही समझा गया जो पुलिस के दामन पर एक बदनुमा धब्बे की तरह है और तत्काल प्रभाव से इसकी जिम्मेदारी तय करते हुए प्रभारी को लाइन हाजिर करने का आदेश जारी कर दिया और इनके लाइन हाजिर होते है लम्बे समय से प्रभारी के चार्ज से हटे निरीक्षक/उपनिरीक्षक जुगाड़ भिड़ाने मे जुट गए है।

## आपरेशन खोजङ्क के तहत सी-प्लान एप की सहायता से परिजन का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द

बाराबंकी। पुलिस के ऑपरेशन खोज के तहत मानसिक विक्षिप्त किशोर थाना लोनीकटरा क्षेत्रान्तर्गत सुलतानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर कस्बा भिलवल के पास भटकते हुए मिला। थाना लोनीकटरा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के ्रआपरेशन खोजङ्क के तहत अथक प्रयास कर सी-प्लान एप की सहायता से परिजनों के सम्बन्ध में जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि उक्त किशोर थाना औराई जनपद भदोही का रहने वाला है।सोमवार को उक्त किशोर को सकुशल उसके पिता के सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस का आभार प्रकट किया गया। उक्त किशोर के परिजनों का पता लगाने में मुख्य आरक्षी सुरेन्द्र यादव व मुख्य आरक्षी विपिन पाठक का विशेष योगदान रहा।

न्यायलय ने सजा के साथ ठोका जुर्माना

# पुलिस की प्रभावी पैरवी, करीब दो दर्जन आरोपियों को मिली सजा



## बाराबंकी पुलिस ने दोषियों को सजा करवा दिया जिससे पीड़ितों को न्याय मिला और दोषियों पर कार्रवाई हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । मारपीट गाली गलौज समेत विभिन्न मामलों में लंबित चल रहे मुकदमों की पैरवी कर बाराबंकी पुलिस ने दोषियों को सजा करवा दिया जिससे पीड़ितों को न्याय मिला और दोषियों पर कार्रवाई हुई । पुलिस की मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी कराते हुए आज ग्यारह मामलों में करीब 15 लोगों को सजा कराई है पुलिस की पैरवी से बढ़ते लंबित मामलों के निस्तारण से आमजन मानस में कानून के प्रति विश्वास बढ़ा है । पुलिस उपाधीक्षक नगर सुमित त्रिपाठी कहते पुलिस की मॉनिटरिंग सेल थाने से संपर्क कर मुकदमों में गवाही कराकर आरोपियों को सजा करवा रही है यह अभियान आगे भी चलता रहेगा।

## आपराधिक मामलों में दी गयी सजाओं का विवरण

1 थाना बदोसराय पर अवैध शराब बरामद होने के सम्बन्ध में पंजीकृतधारा 60(1) आबकारी अधिनियम के अभियुक्त प्रवेश रावत पुत्र विश्वनाथ निवासी हजरतपुर थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी को मा0 न्यायालय कोर्ट सं0-48 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 1500- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया ।

2- थाना कुर्सी पर अवैध शराब बरामद होने के सम्बन्ध में पंजीकृत धारा 60 आबकारी अधिनियम के अभियुक्त बाबूलाल पुत्र रामदयाल निवासी अमरसण्डा थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी को मा0 न्यायालय कोर्ट सं0-16 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 3000- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया ।

3- थाना सतरिख* पर अवैध शराब बरामद होने के सम्बन्ध में पंजीकृत धारा 60 आबकारी अधिनियम के अभियुक्त अखिलेश चौहान पुत्र रामदास निवासी मीरापुर थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को मा0 न्यायालय कोर्ट सं0-16 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 1500- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया ।

4- थाना सतरिख पर मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत एन0सी0आर0 धारा 323/504 के अभियुक्त वीरेन्द्र पुत्र जगदीश निवासी पूरे भग्गन थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को मा0 न्यायालय कोर्ट सं0-16 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 500- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया ।

5-थाना रामसनेहीघाट पर मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत धारा 323/504 के अभियुक्तगण अयोध्या प्रसाद पुत्र राममनोहर, - देशराज पुत्र शिवशंकर वर्मा, -अजय पुत्र शिवशंकर निवासीगण मूसेपुर थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को मा0न्याया0 कोर्ट सं0-33 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 800-800- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया ।

6-थाना सतरिख* पर मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत धारा 323/504 के अभियुक्तगण 1-सतीश कुमार पुत्र देशराज, 2.श्रीदेवी पत्नी देशराज, 3.सावित्री पुत्री देशराज नि0गण शरीफाबाद थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को मा0न्याया0 कोर्ट सं0-16 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 500-500- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया ।

7-थाना कोतवाली नगर मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत धारा 147/452/511 भादवि के अभियुक्तगण .शोभाराम पुत्र बदलू नि0 छोटीलाइन ग्रीडगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी, रामदयाल पुत्र पांचू नि0 सुगरमिल ग्रीडगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी, सिद्दीक पुत्र कल्लू नि0 नई बस्ती सूतमिल मजरे बहादुपुर थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी को मा0 न्याया0 कोर्ट सं0-19 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 500-500 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया ।

8-थाना लोनीकटरा महिलाओं से अश्लील हरकत करने के सम्बन्ध में पंजीकृत धारा 294 भादवि के अभियुक्त अंकित कुमार पुत्र राममिलन विश्वकर्मा नि0 गोलागंज शिवनाम थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी को मा0न्याया0 कोर्ट सं0-19 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 500- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया ।

9-थाना असन्द्रा पर मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत एन0सी0आर0-176/2013 धारा 323/504 के अभियुक्तगण -रामसजीवन पुत्र मुण्डल, .फकीरे पुत्र मुण्डल, .रघुराज पुत्र रामसजीवन, .जागन पुत्र रामसजीवन नि0गण गौरिय थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को मा0न्याया0 कोर्ट सं0-15 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 600-600- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया ।

10-थाना सतरिख पर मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत एन0सी0आर0-116/2015 धारा 323/504 के अभियुक्तगण 1- रूबीना पुत्र निसार, 2- आसीन बानो पत्नी कल्लू उर्फ इसरार निवासी शरीफाबाद थाना सतरिख जनपद बारा बंकी जनपद बाराबंकी को मा0न्याया0 कोर्ट सं0-16 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 300-300- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया ।

11-थाना कुर्सी मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0- 31/2020 धारा 323/504/506 के अभियुक्तगण 1- रामसजीवन, 2- सरवन कुमार पुत्रगण हीरालाल निवासी बहरौली थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी को मा0न्याया0 कोर्ट सं0-16 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व पंद्रह पंद्रह सौ रुपए जुर्माना से दण्डित किया गया ।

## चोरों का उपद्रव, लाखो का माल किए पार

रामसनेही घाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।क्षेत्रांतर्गत असंद्रा थाना क्षेत्र में एक मकान में घुसकर चोर एक लाख दस हजार की नगदी उठा ले गए ।बुधवार को पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी । चोरी की यह घटना सोहासा (चमारन पुरवा) मजरे दुल्लापुर गांव की है ।यहां के निवासी राम अचल के मकान की छत पर बीती रात अज्ञात चोर चढ़ गए ।छत से नीचे उतरकर आए चोरों ने कमरे को जमकर खंगाला और कमरे में रखा बक्सा उठा ले गए ।घटना के समय गृहस्वामी घर पर नहीं था ।वह मजदूरी के सिलसिले में उमापुर गांव गया था ।सूचना मिलने पर बुधवार को वह गांव आया और पुलिस को इसकी सूचना दी ।पीड़ित के अनुसार उसने मजदूरी करके कुछ पैसे इकट्ठे किए थे ।पैसे बक्सा में रखे थे ।चोर पैसा वाला बक्सा उठा ले गए ।बाद में खोजबीन के दौरान घर के बाहर टूटा बक्सा पड़ा मिला ।पीड़ित के अनुसार बक्सा में एक लाख दस हजार रुपए की नगदी थी ।इस संबंध में इंस्पेक्टर असंद्रा जेपी सिंह का कहना है कि जांच की जा रही है ।

## संदिग्धावस्था में घर से लापता युवक का शव पेड़ से लटकता मिला जांच में जुटी पुलिस



रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र में तेरह दिन पूर्व लापता हुए युवक का शव संदिग्ध हालातों में मंगलवार को जंगल में पेड़ से लटकता मिला।सूचना पर पहुंची रामसनेहीघाट पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा हैं मंगलवार की सुबह जंगल से होकर खेत जा रहे ग्रामीण ने शव को देखकर लोगों को सूचना दी। लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी करके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पवन कुमार का शव चिलबिल के पेड़ के सहारे रस्सी से बने फंदे से लटक रहा था।मंगलवार की खेत रहे लोगो ने शव देखा। इसके बाद मौके पर पहुंचे परिजन एवं ग्रामीणों ने उसकी शिनाख्त की। मृतक के परिजनों की माने तो पवन की शादी तय थी जो 25 नवंबर को होनी थी।उससे पहले ही बीते 13 नवंबर की सुबह बाराबंकी बताकर घर से निकले थे।जिसके बाद से हाल खबर न मिलने पर नातेदारी रिश्तेदारी में पता लगाया।लेकिन कही सुराख नहीं मिली।राम सनेही घाट पुलिस को लिखित शिकायत देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी।पवन कुमार पड़ोस के चौराहे पर एक दुकान पर नौकरी करता था। राम सनेही घाट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ओपी तिवारी के अनुसार प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है,जांच पड़ताल की जा रही है।

# जिला कृषि अधिकारी ने की खाद की दुकानों पर छापेमारी,बंद मिली दुकान कराई सील,मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। किसानो को समय पर खाद उपलब्ध हो और यदि कोई दुकानदार खाद देने मे आनाकानी करता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होना जरुरी है इसी के लिए जिला कृषि अधिकारी राजितराम मंगलवार को तहसील हैदरगढ़ के ब्लाक त्रिवेदीगंज क्षेत्र मे स्थित 11 दुकानों पर अचानक छापेमारी की इस दौरान क्षेत्र के बढ़वल चौराहे पर स्थित मेसर्स पटेल खाद भंडार पर पहुंचे तो दुकानदार पहले ही जानबूझकर दुकान बंद करके भाग निकला और कई किसान वहां खाद लेने के लिए आये थे और इंतजार करते दिखे इसपर खफा हुए जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने तत्काल दुकानदार से संपर्क किया तो उसने कोई उत्तर नही दिया जिससे खफा हुए कृषि अधिकारी ने तत्काल बंद दुकान को सील कर दिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए विभाग को जांच के सख्त निर्देश दिये जिला कृषि अधिकारी ने कहा सभी दुकानो को सरकार खाद की आपूर्ति करवा रही है और कृषको निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध करा रही है तो उन्हे समय पर खाद आपूर्ति करवाना जिम्मेदारी है। सभी विक्रेता पीओएस मशीन से खाद किसानो को उपलब्ध करवाए इसी के साथ दुकान के बाहर रेट लिस्ट अंकित करवाकर ही बिक्री करे।

# सरकारी दफ्तरों में प्राइवेट कर्मियों को न रखने का फरमान बेअसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## बल्दीराय रजिस्ट्री दफ्तर में बैनामे की स्टाम्प चोरी चेकिंग में प्राइवेट कर्मी कर रहे है अवैध वसूली

## रजिस्ट्री कार्यालय में प्राईवेट कर्मियो की आमद से गोपनीयता हो रही भंग

बल्दीराय/सुलतानपुर। प्रदेश के सरकारी विभागों में प्राइवेट कर्मियों को न रखने का योगी सरकार का फरमान बेअसर दिखाई दे रहा है। तहसील बल्दीराय के रजिस्ट्री कार्यालय में स्टाम्प चेकिंग के नाम पर रखे गए प्राइवेट कर्मियों की प्रत्येक बैनामे में स्टाम्प चोरी का भय दिखाकर की जा रही अबैध वसूली सरकार की मनसा पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। रजिस्ट्री कार्यालय में बड़ी संख्या में पहुंच रहे कास्तकारों में इन दिनों प्राइवेट कर्मियो का भय साफ नजर आ रहा है। सूत्रों की माने तो बिना किसी आदेश के रजिस्ट्री कार्यालय में प्राइवेट कर्मियो को रखकर अबैध वसूली कराई जा रही है। यही नही स्टाम्प चोरी की जांच भी विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों के बजाय प्राइवेट लोगो से कराई जा रही है जो जांच के नाम पर सभी कास्तकारों से अबैध वसूली करते है। इनका नेटवर्क इतना लंबा है कि बैनामा होते ही छोटे छोटे कास्तकारों के पास पहुंच उन्हें स्टाम्प चोरी के नाम पर धमकाना शुरू कर देते है। उसी के बाद टीम के अन्य सदस्य मैनेज का खेल शुरू करते है।यही नही दस्तावेज लेखक दस्तावेज लिखते ही स्टाम्प चेक करने के नाम पर मोटी रकम वसूल इन तक पहुंचाते है। हालांकि बैनामे लिखने व लिखाने के पहले ही लोगो मे इन प्राइवेट कर्मचारियों के चलते गोपनीयता भंग होने का खतरा साफ नजर आता है। कुछ लोगो ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जैसे ही बैनामे की लिखा पढ़ी होती है ये लोग स्टाम्प चेक करने के बहाने घर पहुंचकर रुपये की मांग करते है। हालांकि बल्दीराय तहसील के रजिस्ट्री कार्यालय में प्राइवेट कर्मियो द्वारा स्टाम्प चेक करने के नाम पर गोपनीयता भंग करने व अबैध वसूली को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। प्राइवेट कर्मी किसके आदेश पर स्टाप चेक कर रहे है इस की चर्चा क्षेत्र में जोरो पर चल रही है।

संविधान दिवस के अवसर पर जिला कारागार में विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन, संविधान के अन्तर्गत दायित्वों व अधिकारों के बारे में किया गया जागरूक

# भारतीय संविधान नम्यता एवं अनम्यता का अनूठा मिश्रण

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी । 26 नवंबर 2024 को पूरे देश में संविधान दिवस मनाया गया इसी दिन 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान अपनाया गया यह समानता, न्याय,भाईचारा एवं स्वतंत्रता के मूल्य पर जोर देता है और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के योगदान को मान्यता देता है और समावेशी लोकतांत्रिक समाज के निर्माण में भागीदारी की वकालत करता है द्य

भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का निर्माण करता है भारत के संविधान के निर्माण के समय विश्व के अनेक देशों के संविधानों का अध्ययन करके उन संविधानों के अंशो को भारतीय परिस्थितियों में परिवर्तित करके उसको भारत के संविधान में शामिल करना, आंतरिक स्रोतों को भी डालते हुए भारतीय संविधान का निर्माण इस दुनिया का अनूठा संविधान बनाता है द्य भारतीय संविधान नम्यता एवं अनम्यता का अनूठा मिश्रण है अर्थात ना तो ब्रिटेन के संविधान जैसा लचीला और ना ही अमेरिका के संविधान जैसा कठोर है द्य

भारत अनेक विविधताओं को धारण किए हुए है यदि भारत को अपने आप में एक विश्व कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी यही कारण है विश्व के कोने-कोने का अध्ययन करते हुए उसके अंशो को समाहित करना जरूरी था लेकिन एकल नागरिकता इसे अलग स्थान प्रदान करती है द्य अनुच्छेद 12 से 35 नागरिकों एवं गैर नागरिकों के अधिकारों की बात करती करते हैं अनुच्छेद 36 से 51 नीति निर्देशक तत्व सरकारों के लिए दर्पण का काम करते हैं इस आईने में देखकर ही सरकारों को नीतियां बनानी होती है भारत के संविधान में इन्हें वाद योग्य नहीं रखा गया है किंतु जनता की अदालत हर 5 साल में लगती है और जनता के जजमेंट सबसे महत्वपूर्ण होते हैं द्य इस देश का संविधान देशवासियों को सार्वभौमिक मताधिकार देकर जनता को सर्वोच्च न्यायाधीश की भूमिका में रखता है भारत राज्यों का संघ है राज्यों की अपनी सरकार एवं अधिकार हैं लेकिन संविधान में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष न्यायपालिका एकात्मक स्वरूप प्रदान करती है द्य भारत के संविधान में भारत में संसदीय शासन प्रणाली का प्रावधान किया है जो वर्तमान विश्व की सर्वश्रेष्ठ शासन प्रणाली है भारत विश्व का इकलौता देश है जहां पर त्रिस्तरी शासन प्रणाली है केंद्र सरकार राज्य सरकार एवं स्थानीय स्वशासन जो 73 में एवं 74 में संविधान संशोधन के द्वारा जोड़ा गया भारत को शासन प्रणाली के अलग स्तर पर लाकर खड़ा करता है द्य बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं सभी संविधान निर्माताओं को शत-शत नमन जिन्होंने ऐसे महान संविधान का निर्माण किया जिसके कारण भारत महान है द्य

संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर , पुलिस लाइन एसपी कार्यालय नगर पालिका समस्त नगर पंचायत एवं समस्त विकास खड़ कार्यालय व ग्राम पंचायत कार्यालय अमृत सरोवरों पर कर्मचारियों एवं आमजन मानस को शपथ दिलाई गई साथ ही संविधान के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया । तहसील सिरौलीगौसपुर में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने अपने अधीनस्थ को संविधान की प्रस्तावना सुनाई एवं शपथ दिलाई इसी क्रम में

विकास खंड सभागार हैदरगढ़ मे शासन के निर्देशानुसार संविधान दिवस मनाया गया सहायक विकास अधिकार पंचायत द्वारा उपस्थित सदस्यों को संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर सभी को संविधान की शपथ दिलायी इस मौके पर श्री कौशल किशोर सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वार इस मौके पर बताया गया कि संविधान की प्रस्तावना संविधान की कुंजी है सभी को इसको हमेसा याद रखना चाहिए ओर साथ संविधान मे जो हमें अधिकार प्राप्त हैं उसके साथ ही जो कर्तब्य हैं उन्हें भी जरूर याद रखना चाहिए जिससे भारत को भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके इस मौके पर विकास खंड सभागार मे सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण दिवाकर यादव, सचिव पवन कुमार, विंदराज यादव विकास खंड स्तरीय स्टॉफ व ग्राम प्रधान पंचायत सहायक आदि उपस्थित रहे ।

शासन के निर्देशानुसार सभी पंचायतों मे अमृत सरोवरों पर भी ग्राम वासियों के साथ ग्राम प्रधानों व पंचायत प्रतिनिधियों ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा व शपथ ली द्य इसी क्रम में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के मंशानुरूप एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी के तत्वावधान में तथा श्री पंकज कुमार सिंह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में आज 26 नवम्बर को श्री श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में जिला कारागार बाराबंकी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि संविधान में जो बाते कही गयी है हम सभी को उनको आत्मसात करना चाहिए। किसी देश की सर्वोच्च विधि संविधान होती है और संविधान विधायिका, कार्यपालिका और न्याय पालिका के गठन में इनके पारस्परिक सम्बन्ध को बनाता है। इसके अतिरिक्त जिला कारागार बाराबंकी में श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह कारापाल एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। इसके पश्चात अवध लॉ कालेज, बाराबंकी में संविधान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी के तत्वावधान में एवं अवध लॉ कालेज, बाराबंकी में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के विधि के छात्रों के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्री श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ। यह दिन (26 नवम्बर) भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। भारत का संविधान पूरे विश्व में सबसे अच्छा संविधान है जिसे डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी द्वारा तैयार किया गया। संविधान किसी देश की ऐसी सर्वोच्च विधि होती है जिसके माध्यम से उस देश का शासन-प्रशासन संचालित किया जाता है। आज के ही दिन 26 नवम्बर सन 1949 को इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया और इसीलिये हम इसको विधि दिवस के रूप में मनाते है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, अवध लॉ कालेज के चैयरमेन श्री ऋषि गोयल, वाइस चैयरमैन श्रीमती रितू गोयल, प्रधानाचार्य एस0बी0 सिंह, लीगल एड क्लीनिक प्रभारी श्री लवकुश वर्मा के साथ अवध लॉ कालेज के अध्यापकगण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें। इसके अतिरिक्त राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोरी बाराबंकी में संविधान दिवस के अवसर पर निरूद्व संवासनियों के मौलिक कर्तव्यों व संविधान के अन्तर्गत दायित्वों व अधिकारों के बारे में जागरूकता हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

## संविधान ने सभी को एक माला में पिरोया : आलोक वर्मा

जैदपुर बाराबंकी , नगर पंचायत कार्यालय पर संविधान दिवस मनाया गया इस दौरान बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए संविधान की शपथ दिलाई है । इस दौरान संबोधित करते हुए अधिशाषी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने कहा संविधान हम सभी को एकता अखंडता का पाठ पढ़ाता है उन्होंने आगे कहा भारत का संविधान राष्ट्र का सर्वोच्च विधान है इसको पढ़ने के साथ साथ आत्मसाध करने की जरूरत है इसके बाद ईओ श्री वर्मा द्वारा संविधान की प्रस्तावना पढ़कर शपथ दिलाई गई इस दौरान प्रदीप कुमार , दिनेश आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे । विकास खंड बंकी के ग्राम पंचायत माती के प्राथमिक विद्यालय में पंचायत सचिव श्री मती सोनी सिंह द्वारा बच्चों को शिक्षकों को संविधान की प्रस्तावना बताते हुए शपथ दिलाई गई इस दौरान सोनी ने बताया समानता का अधिकार( अनुच्छेद 14-28)

विशेषतः अस्पृश्यता का अंत ( अनुच्छेद 17 )

शिक्षा का अधिकार अनुच्छेद 21-ए इत्यादि गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को समझाना बड़ा ही रुचिकर रहा ।

# ऋषभ पंत ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए लिखा भावुक विदाई नोट, कहा-अलविदा कहना कभी आसान नहीं होता

एजेंसी



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 मेगा-नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) में शामिल होने के बाद, ऋषभ पंत ने अपनी पूर्व टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक भावनात्मक विदाई नोट लिखा। पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मेगा नीलामी के दौरान लखनऊ स्थित फ्रैंचाइज़ी ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा।

दिल्ली के लिए 111 मैचों में, पंत ने 148.93 की औसत से 3,284 रन बनाए, जिसमें एक शतक और 17 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 128* है। वह फ्रैंचाइज़ी के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनकी कप्तानी में, दिल्ली की टीम 2021 में प्लेऑफ़ में पहुँची, लेकिन 2022 और 2024 में लीग चरणों से आगे नहीं बढ़ सकी।

पंत ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया ''अलविदा कहना कभी आसान नहीं होता।''

पंत ने लिखा, ''अलविदा कभी आसान नहीं होती। दिल्ली कैपिटल्स के साथ मेरा सफर किसी अद्भुद अनुभव से कम नहीं रहा। मैदान पर रोमांच से लेकर मैदान के बाहर के पलों तक, मैं उन तरीकों से आगे बढ़ा हूं, जिनकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। मैं यहां एक किशोर के रूप में आया था और पिछले नौ वर्षों में साथ-साथ बड़ा हुआ। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ उनके सफर को सार्थक बनाया है।'' उन्होंने कहा, ''इस सफर को सार्थक बनाने वाले आप प्रशंसक हैं। आपने मुझे गले लगाया, मेरा उत्साहवर्धन किया और मेरे जीवन के सबसे कठिन दौर में मेरे साथ खड़े रहे। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहा कि वह जब भी मैदान पर उतरेंगे, प्रशंसकों का मनोरंजन करने के लिए उत्सुक रहेंगे। उन्होंने आगे कहा, ''जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ रहा हूं, मैं आपके प्यार और समर्थन को अपने दिल में रखता हूं। जब भी मैं मैदान पर उतरूंगा, मैं आपका मनोरंजन करने के लिए उत्सुक रहूंगा। मेरा परिवार बनने और इस सफर को इतना खास बनाने के लिए आपका शुक्रिया। पंत के बाद श्रेयस अय्यर नीलामी में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने। अय्यर को पंजाब ने 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा।

# जॉर्जियाई जूडो लीजेंड लाशा शवदातुशविली एथलीटों, कोचों के लिए करेंगे 5 दिनी मास्टरक्लास का आयोजन

एजेंसी



नई दिल्ली। जॉर्जियाई जूडो लीजेंड लाशा शवदातुशविली 25 से 29 नवंबर तक कर्नाटक के बेल्लारी में स्थित आईआईएस मुख्यालय में एथलीटों और कोचों के लिए पांच दिवसीय जूडो मास्टरक्लास का आयोजन करेंगे। उक्त घोषणा इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) ने की। लंदन 2012 खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली लाशा ने टोक्यो 2020 खेलों में रजत पदक जीतने से पहले रियो 2016 में कांस्य पदक जीता। उनके नाम पांच विश्व चैम्पियनशिप पदक भी है- जिनमें से दो स्वर्ण पदक हैं।

भारत में होने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लाशा ने कहा, ॢमैं भारत आना और जूडोकाओं और कोचों के साथ अपना ज्ञान साझा करना एक सौभाग्य मानता हूं, जो मेरा मानना है कि निकट भविष्य में अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकेंगे और प्रदर्शन करेंगे। मुझे पता है कि इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) पिछले कुछ वर्षों से भारतीय जूडो के लिए बहुत कुछ कर रहा है। यह पहल उस दिशा में एक और कदम है और मुझे इसका हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। जॉर्जियाई दिग्गज अपने ज्ञान को आईआईएस में कार्यक्रम से युवा जुडोका और देश भर से चयनित प्रतिभाओं के मिश्रण के साथ साझा करते हुए दिखेंगे, चुनिंदा कोच भी इसमें शामिल होंगे। भारतीय जूडो को बहुत जरूरी प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से की गई पहल पर, आईआईएस के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा, ॢजूडो शुरुआत से ही आईआईएस का हिस्सा रहा है, और जबकि देश में प्रतिभाशाली जूडोका की कोई कमी नहीं है, हमें प्रतिभा को पदकों में परिवर्तित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। पेरिस ओलंपिक में भारत के पास सिर्फ एक जूडोका था, और हमें 2028 ओलंपिक में इसे बदलने के लिए काम करने की जरूरत है। हमारे जूडोका और हमारे कोचों की मदद के लिए लाशा जैसे कद के एक एथलीट को भारत लाना उन कई हस्तक्षेपों में से एक है जो हम करने जा रहे हैं।

जूडो मास्टरक्लास आईआईएस एक्सीलेंस एक्सेलेरेटर की श्रृंखला में पहला है। वर्टिकल के बारे में विस्तार से बताते हुए, आईआईएस की अध्यक्ष मनीषा मल्होत्रा ने कहा,ॢएक्सिलेंस एक्सेलेरेटर को हमारे एथलीटों, कोचों और सिस्टम को शिक्षा और लाभ देने के उद्देश्य से आकार दिया गया है क्योंकि अब हम ओलंपिक 2028 पर अपनी नजरें टिकाए हुए हैं। हम अपने एथलीटों को सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं, चाहे वह बुनियादी ढांचे के मामले में हो या एक्सपोज़र के मामले में। लाशा खेल के सबसे सुशोभित एथलीटों में से एक है, और वह इन सत्रों में जो अंतर्दृष्टि लाएंगे वह अमूल्य होगा। एक्सीलेंस एक्सेलेरेटर के माध्यम से, हम जिन खेल विषयों के साथ काम करते हैं उनमें ऐसे और अधिक अवसर पैदा करेंगे।''

# हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण विनिसियस जूनियर तीन सप्ताह तक मैदान से बाहर

एजेंसी

मैड्रिड। रियल मैड्रिड अपने ब्राजीलियाई विंगर, विनीसियस जूनियर के बिना बुधवार को चैंपियंस लीग के महत्वपूर्ण मैच में लिवरपूल के खिलाफ खेलेगा, क्योंकि सोमवार को पुष्टि हुई कि रविवार को लेगानेस के खिलाफ 3-0 की जीत के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। क्लब ने अपने वेबसाइट पर एक बयान में कहा, ''रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज द्वारा हमारे खिलाड़ी विनी जूनियर पर किए गए परीक्षणों के बाद, उनके बाएं पैर में बाइसेप्स फ़ेमोरिस की चोट का पता चला है। उनकी प्रगति पर नज़र रखी जाएगी, वे संभवतः लगभग तीन सप्ताह तक खेल से बाहर रहेंगे। विनीसियस अब ला लीगा में गेटाफ़े, एथलेटिक क्लब बिलबाओ, गिरोना और रेयो वैलेकानो के खिलाफ और चैंपियंस लीग में अटलांटा के खिलाफ मैच नहीं खेल पाएंगे। रियल मैड्रिड के लिए अपने पिछले मैच में ओसासुना के खिलाफ हैट्रिक बनाने वाले ब्राजीलियाई खिलाड़ी का बाहर होना लिवरपूल मैच से पहले कोच कार्लो एंसेलोटी के लिए एक बड़ा झटका है।

विनीसियस ने इस सीजन में ला लीगा और चैंपियंस लीग में 12 गोल किए हैं और पांच असिस्ट दिए हैं, जो गर्मियों में आने वाले किलियन एमबाप्पे से बेहतर प्रदर्शन है। शायद, विनीसियस की चोट का एक परिणाम यह है कि एमबाप्पे हमले के बाईं ओर अपने पसंदीदा स्थान पर जाने में सक्षम होंगे, क्योंकि उन्होंने सीजन का अधिकांश समय अधिक केंद्रीय भूमिका में खेलने में बिताया है।

# जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप 2024 : भारतीय टीम बुधवार को थाईलैंड के खिलाफ करेगी अभियान की शुरुआत

एजेंसी

मस्कट। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बुधवार को यहां थाईलैंड के खिलाफ अपने जूनियर एशिया कप 2024 अभियान की शुरुआत करेगी। आज से शुरू होने वाले और 4 दिसंबर 2024 तक चलने वाले महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत को कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ पूल ए में रखा गया है।

इस प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग ले रही हैं, पूल बी में शेष पांच टीमें पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन हैं। भारत ने 2023, 2015, 2008 और 2004 सहित रिकॉर्ड चार बार यह टूर्नामेंट जीता है। उन्होंने पिछले साल फाइनल में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया था। पिछले साल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी



आमिर अली और रोहित अब क्रमशः कप्तान और उप-कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे। बुधवार को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत के बाद, भारत 28 नवंबर को जापान के खिलाफ मैच खेलेगा। 30 नवंबर को चीनी ताइपे के खिलाफ मुकाबला तय है और कोरिया के खिलाफ उनका आखिरी ग्रुप स्टेज मैच 1 दिसंबर को होना है। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को 3 दिसंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए शीर्ष दो में जगह सुनिश्चित करनी होगी। कप्तान अमीर अली ने कहा, ''हम पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 में अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्साहित और पूरी तरह से तैयार हैं। हमारी टीम कड़ी मेहनत कर रही है, और हमें अच्छा प्रदर्शन करने की अपनी क्षमताओं पर भरोसा है। पूल में थाईलैंड, जापान और कोरिया जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ खेलना चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं और शीर्ष स्थान हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं, हम अपने खिताब की रक्षा करना चाहते हैं और अपने देश को एक बार फिर गौरवान्वित करना चाहते हैं। उप कप्तान रोहित ने कहा, ''सुल्तान जोहोर कप 2024 में हमारे तीसरे स्थान पर रहने से हमें काफी गति और आत्मविश्वास मिला है। जैसे ही हम पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 में अपनी यात्रा शुरू कर रहे हैं, हमारा ध्यान हमारे प्रदर्शन और सेमी-फाइनल में स्थान सुरक्षित करने पर है, हम एक शानदार प्रदर्शन करने और अपने देश को फिर से गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25: पारिवारिक आपात स्थिति के कारण स्वदेश लौटे गौतम गंभीर; दूसरे टेस्ट से पहले लौटेंगे

पर्थ,। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर पारिवारिक आपात स्थिति के कारण वापस दिल्ली लौट गए हैं। वह 6 दिसंबर से एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया वापस लौटेंगे।

इस बीच, रोहित शर्मा की टीम बुधवार को कैनबरा जाएगी, जहां 30 नवंबर और 1 दिसंबर को मनुका ओवल में प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ मैच खेला जाएगा।

गंभीर की अनुपस्थिति में सहायक कोच अभिषेक नायर, रेयान टेन डोशेट और मोर्ने मोर्कल कैनबरा में गुलाबी गेंद से होने वाले मैच के लिए टीम की कमान संभालेंगे।

यह मैच 6 दिसंबर से एडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट से पहले खेला जाएगा।

भारत ने पर्थ में पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराकर बॉर्डर-गावस्कर सीरीज की शानदार शुरुआत की। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली मेहमान टीम

# युगांडा ने 45 साल बाद अफ्रीका सीनियर नेशनल हैंडबॉल कप के लिए भेजी टीम

एजेंसी



कंपाला। युगांडा की महिला टीम 45 साल बाद अफ्रीका सीनियर नेशंस हैंडबॉल कप में वापसी करने के लिए तैयार है। 12 टीमों वाला यह टूर्नामेंट 27 नवंबर से 7 दिसंबर तक डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में होगा।

युगांडा की महिला राष्ट्रीय हैंडबॉल टीम की कप्तान शकीरा बाको ने सोमवार को डीआर कांगो के लिए रवाना होने से पहले शिन्हुआ से कहा कि उन्हें बड़े मंच पर अनुभव की कमी के बावजूद अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा है। बाको ने कहा, ''हम जानते हैं कि प्रतिस्पर्धा बहुत कड़ी होगी क्योंकि हमारे पास अन्य टीमों की तरह अनुभव नहीं है, लेकिन हमने कड़ी मेहनत की है और जानते हैं कि क्या उम्मीद करनी है।'' हेड कोच जिमी रेम्मी ओरोटिन ने इस बात पर जोर दिया कि 2023 में घाना में होने वाले अफ्रीकी खेलों के बाद, खिलाड़ी अधिक प्रेरित हैं और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। घाना के अकरा में 13वें अफ्रीकी खेलों में पांचवें स्थान पर रहने के बाद युगांडा की टीम ने अफ्रीका सीनियर नेशंस कप के लिए क्वालीफाई किया। युगांडा के खेल शासी निकाय, नेशनल काउंसिल ऑफ स्पोर्ट्स के महासचिव पैट्रिक ओग्वेल ने अपनी संतुष्टि व्यक्त की कि 1979 के बाद पहली बार युगांडा की टीम अफ्रीका सीनियर नेशंस कप में भाग लेगी। ओग्वेल ने कहा, ''हमें विश्वास है कि टीम ने अच्छी तैयारी की है और राष्ट्रीय ध्वज को ऊंचा उठाएगी।'' यह चैंपियनशिप 2025 विश्व हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करती है। युगांडा को डीआर कांगो, अंगोला, ट्यूनीशिया, गिनी और कैमरून के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल ए में कांगो गणराज्य, सेनेगल, मिस्र, अल्जीरिया, केप वर्डे और केन्या की टीमें शामिल हैं।

# पीकेएल-11: अंतिम समय में मंजीत के आलराउंड प्रदर्शन से यू मुंबा ने बेंगलुरू बुल्स को हराया

एजेंसी

नोएडा। नोएडा इंडोर स्टेडियम में सोमवार रात रिवेंज वीक के तहत खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 76वें मैच में अंतिम 10 मिनट तक बेंगलुरू बुल्स जीत की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन फिर मंजीत ने डिफेंस और फिर रेड में अंक लेकर मैच की तस्वीर बदल दी और फंसी हुई बाजी यू मुंबा के नाम कर दी। मुंबा ने यह मैच 34-32 के स्कोर से जीता और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। बुल्स की तारीफ करनी होगी क्योंकि 30 मिनट तक 11 अंकों से पिछड़ रही इस टीम ने 36वें मिनट तक जाते-जाते स्कोर बराबर कर लिया और फिर लीड भी ले ली लेकिन किस्मत ने उसका साथ नहीं दिया और अंतिम रेड पर डिफेंस की गलती के कारण मैच उसके हाथ से निकल गया। इस मैच को अगर आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो दोनों टीमें रेडिंग में 16-16 और डिफेंस में 12-12 अंक के साथ बराबरी पर रहीं। मुंबा ने अच्छी शुरुआत करते हुए शुरुआती तीन मिनट में ही 5-1 की लीड के साथ बुल्स को सुपर टैकल सिचुएशन में डाल दिया। सुशील ने हालांकि रिंकू को आउट कर उसे इस स्थिति से निकाला लेकिन अजीत ने नितिन को आउट कर फिर वही स्थिति बहाल कर दी। बुल्स ने हालांकि साहस दिखाते हुए न सिर्फ खुद को फिर इस स्थिति से निकाल लिया बल्कि स्कोर भी 5-7 कर दिया। शुरुआती 10 मिनट में मुंबा 8-6 से आगे थे। ब्रेक के बाद रिंकू ने सुशील को आउट कर मुंबा को 3 अंक की लीड दिला दी। 10-6 के स्कोर पर बुल्स के लिए फिर से सुपर टैकल आन था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सकी और आलआउट होकर 6-15 से पीछे हो गई। इसके बाद हालांकि दोनों टीमों को तीन-तीन अंक मिले और फासला 9 का बना रहा। बुल्स ने हालांकि हाफटाइम से ठीक पहले स्टुअर्ट सन्नी को लपककर 10-18 के स्कोर के साथ पाला बदला।

## संक्षिप्त समाचार

### नॉटिंघमशायर ने 2025 विटालिटी टी-20 के लिए डेनियल सैम्स के साथ किया करार

लंदन। नॉटिंघमशायर ने अगले साल होने वाले विटालिटी टी-20 ब्लास्ट के लिए आस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर डेनियल सैम्स के साथ अनुबंध किया है। सैम्स ने पिछले तीन सीज़न में एसेक्स का प्रतिनिधित्व किया, उन्होंने ट्रेंट रॉकेट्स के लिए हंड्रेड में भी खेला है, 2022 में विजेता का पदक जीता। नॉटिंघमशायर के मुख्य कोच पीटर मूर्स ने क्लब के हवाले से कहा, ''हमारे लिए एक अनुभवी विदेशी खिलाड़ी को लाना प्राथमिकता थी, जो बल्ले और गेंद से योगदान दे सके। डैन इस संबंध में एकदम सही खिलाड़ी है - उसके पास एक अनूठा कौशल है जो हमारे पास पहले से ही हमारी टीम में है, और वह कप्तान के रूप में जो क्लार्क के लिए एक बड़ा समर्थन होगा। नॉटिंघमशायर ने 2020 में अपना दूसरा ब्लास्ट खिताब जीता, लेकिन तब से क्वार्टर फ़ाइनल चरण से आगे नहीं बढ़ पाया और 2024 में नॉर्थ ग्रुप में सबसे निचले स्थान पर रहा। करार पर सैम्स ने कहा, ''मैंने हंड्रेड के लिए ट्रेंट ब्रिज में अपने समय का वास्तव में आनंद लिया, इसलिए यह वास्तव में अच्छा है कि मैं नॉट्स के साथ ब्लास्ट के लिए वापस आऊंगा। ट्रेंट ब्रिज में खेलने का मेरा अनुभव हमेशा असाधारण रहा है - घरेलू समर्थक भावुक हैं और मैं उनके सामने खेलने के लिए उत्साहित हूं। ब्लास्ट अपने आप में एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसे मैं पसंद करता हूं और मैं 2025 में नॉर्थ ग्रुप में खुद को परखने का मौका पाकर खुश हूं। मैं गर्मियों के पूरे जोश में आने पर अपने नए साथियों के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हूं।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पदार्पण करेंगे जैकब बेथेल

लंदन। जैकब बेथेल गुरुवार को हेगले ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में नंबर 3 पर इंग्लैंड के लिए अपना टेस्ट डेब्यू करेंगे, हालांकि उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कभी भी यह भूमिका नहीं निभाई है।

जॉर्डन कॉक्स के अंगूठे में चोट लगने के बाद बल्लेबाजी क्रम में फ़ेरबदल किया गया है, जो पहले जेमी स्मिथ के पितृत्व अवकाश पर दौरे से बाहर होने के कारण डेब्यू करने वाले थे, वारविकशायर के मध्य क्रम के बल्लेबाज ओली पोप को विकेटकीपिंग करने की अनुमति देने के लिए पहले ड्रॉप पर आएंगे। जो रूट अपने 150वें मैच में नंबर 4 पर बने रहेंगे।

बेथेल को इस तरह की जिम्मेदारी के पद पर चुना जाना चयनकर्ताओं द्वारा उनकी प्रतिभा के प्रति सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने घरेलू गर्मियों के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टी20 और ओडीआई डेब्यू किया, और उस सफ़ेद गेंद के दौरे पर दोनों प्रारूपों में तीन अर्धशतक लगाकर कैरेबियाई टीम को प्रभावित किया। इसके बाद उन्होंने सोमवार कोआईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने साथ 2.6 करोड़ रुपये के सौदे के साथ अपने साथ जोड़ा।।

बेथेल वेस्टइंडीज सीरीज के बाद घर पर छुट्टी लेकर रविवार को ही न्यूजीलैंड पहुंचे। नतीजतन, उन्होंने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच में कोई भूमिका नहीं निभाई। पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग एकादश: जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, ओली पोप (विकेट कीपर), बेन स्टोक्स (कप्तान), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्से, शोएब बशीर।

### वैभव बने आईपीएल इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी, 13 साल में हुआ पदार्पण

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 की नीलामी प्रक्रिया में दूसरे दिन 13 साल के वैभव सूर्यवंशी नाम का सितारा अचानक सबके सामने आ गया। जिसे राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा। इस खिलाड़ी का बेस प्राइस 30 लाख रुपये था और वह अपने बेस प्राइस से लगभग चार गुना ज्यादा दाम पर राजस्थान टीम के साथ जुड़ा। इसी के साथ वो आईपीएल नीलामी इतिहास में बिकने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गया। बिहार के वैभव ने सिर्फ 13 साल और 242 दिनों की उम्र में आईपीएल नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में इतिहास रच दिया था। उन्हें अब टीम भी मिल गई है। आईपीएल नीलामी में कीर्तिमान बनाने से पहले वैभव घरेलू क्रिकेट में भी चर्चे में रह चुके हैं।

### मूडीज ने अडाणी समूह के सात कंपनियों की रेटिंग घटाकर 'नेगेटिव' किया

नई दिल्ली । अडाणी समूह की मुश्किलें कम होने की बजाय दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। अमेरिकी अदालत में लगे आरोपों के बाद ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अडाणी समूह की सात कंपनियों का आउटलुक 'स्थिर' से घटाकर 'नेगेटिव' कर दिया है। शेयर बाजार में भी अडाणी सूमह की कंपनियों के शेयरों में चौतरफा बिकवाली देखी गई, जबकि सबसे ज्यादा गिरावट अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में आई। मूडीज ने मंगलवार को कहा कि अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के चेयरमैन गौतम अडाणी और समूह के प्रबंधन के वरिष्ठ सदस्यों पर कथित रिश्वतखोरी के आरोपों के बाद अडाणी समूह की सात इकाइयों के साख परिदृश्य को 'स्थिर' से घटाकर 'नकारात्मक' कर दिया गया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि इन कंपनियों में अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी ट्रांसमिशन की दो-दो यूनिट, अडाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) और अडाणी इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल हैं।

# मजबूत शुरुआत के बाद गिरावट का शिकार हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

एजेंसी

- बाजार की कमजोरी के बावजूद निवेशकों को 24 हजार करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली, 26 नवंबर (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार आज मजबूत शुरुआत करने के बाद मुनाफा वसूली के कारण हुई बिकवाली की वजह से गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक अपनी शुरुआती बढ़त गंवा कर लाल निशान में गिर गए। बीच-बीच में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की भी कोशिश की। इसके बावजूद शेयर बाजार ज्यादातर समय लाल निशान में ही कारोबार करता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद



सेंसेक्स 0.13 प्रतिशत और निफ्टी 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी, मेटल और टेलीकॉम सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक लिवाली होती रही। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, यूटिलिटी, पावर, ऑयल एंड गैस, और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लिवाली का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई गिरावट के बावजूद स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 24 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई।

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 439.82 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 439.58 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 24,000 करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,031 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,279 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,643 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 109 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,429 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,437 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,042 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 305.62 अंक की मजबूती के साथ 80,415.47 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 372.51 अंक की मजबूती के साथ 80,482.36 अंक के स्तर तक पहुंच गया लेकिन थोड़ी ही देर में बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक गिरता चला गया।

# जाति जनगणना से सबकी भागीदारी और मतपत्रों से मतदान जरूरी : खरगे-राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने संविधान दिवस के अवसर पर देश में जातीय जनगणना और आनुपातिक आरक्षण के साथ-साथ मतदान प्रणाली में मतपत्र की वापसी को आवश्यक बताते हुए कहा है कि इससे लोगों को अधिकार मिलेंगे और लोकतंत्र मजबूत होगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में ल्लसंविधान रक्षक अभियान-मेरी जान मेरा अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सबको उनका अधिकार दिलाकर बहुसंख्यकों को न्याय देने के लिए जाति जनगणना आवश्यक है और इसके लिए कांग्रेस का संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक संसद में इसे पारित नहीं कराया जाता है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को मजबूत बनाया है और उनकी संपत्ति को कई गुना बढ़ाया है। देश में सबको समान अवसर मिले, जिसकी जितनी भागीदारी है, उसको उतना हक मिले, इसके लिए जाति गणना आवश्यक है और कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार यह काम शुरू कर चुकी है। श्री खरगे ने चुनाव प्रणाली को लेकर भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला किया और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन-(ईवीएम) से नहीं, बल्कि मतपत्र से वोट दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मतपत्रों से मतदान की प्रक्रिया को पुनः लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव मतपत्र के जरिए कराये जाने चाहिए और कांग्रेस इसी प्रक्रिया से पूरे देश में चुनाव कराना चाहती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जाति जनगणना की मांग ने श्री मोदी के डर को बढ़ा दिया है। वह जानते हैं कि जाति जनगणना होगी तो लोग अपना हक मांगेंगे और उन्हें जाना पड़ेगा। यह हक संविधान में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को मिला है लेकिन श्री मोदी के नेतृत्व में इसी संविधान को कमजोर करने का काम किया जा रहा है। देश को एक बनाने और मजबूत बनाने के लिए संविधान बनाया गया है और सदियों से कमजोर रही महिलाओं को अधिकार देकर उनको मजबूत बनाया गया है। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि वे अब अपने कार्यक्रम में बाबा साहेब अम्बेडकर की तस्वीर लगाने लगे हैं। इसकी वजह यह है कि कांग्रेस के लोगों ने बाबा साहब के काम को जो महत्व दिया है, उसकी वजह से उनका सिर झुका है। वे बाबा साहब की तस्वीर लगाने लगे हैं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अभियान के कारण उन्होंने बाबा साहब के सामने झुकना शुरू कर दिया है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) संविधान का अपमान करते हैं। उनके लोग कहते हैं



कि संविधान कुछ नहीं है और यदि संविधान कुछ नहीं है तो श्री मोदी प्रधानमंत्री क्यों है। श्री गांधी ने ओबीसी, आदिवासी और दलितों को उनका हक दिलाने का वादा करते हुए कहा ल्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार ने आज संसद में संविधान दिवस पर समारोह का आयोजन किया लेकिन मैं दावा करता हूं श्री मोदी ने संविधान नहीं बढ़ा है और यदि पढ़े होते तो वह कार्य नहीं करते जो कर रहे हैं। संविधान भारत की हजारों साल की सोच का परिणाम है। बुद्ध से लेकर गांधी तक जो भी महापुरुष हुए हैं, उनकी सोच हमारे संविधान की इस पुस्तक में है। हमारी सरकार जिस भी राज्य में है, वहां संविधान के अनुसार काम कर रही है। कांग्रेस का प्रमुख एजेंडा जातीय जनगणना कराना है और कांग्रेस के शासन वाली हर सरकार इस एजेंडे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा देश में लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है। लोगों को बोलने नहीं दिया जाता है। देश का पूरा सिस्टम दलितों, आदिवासियों को बोलने नहीं देता है और ये लोग कंपनियों में ऊंचे पद पर नहीं दिखते । देश में 200 कंपनियों की सूची बनाई जाये तो कोई भी आदिवासी या दलित शीर्ष पद पर नहीं होगा। आपको दवाई और बीमारी के इलाज में भारी रकम खर्च करनी पड़ती है तो सवाल है कि क्या यह पैसा किसी पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों की जेब में जाता है, नहीं, यह पैसा सिर्फ 25 उद्योगपतियों के पास जाएगा। उन्होंने कहा कि वह जातीय जनगणना को लोकसभा में पारित करके दिखाएंगे और आरक्षण के लिए 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म करेंगे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व जाति जनगणना को लेकर पूरे देश में अलख जगाए हुए है और यह काम आवश्यक है क्योंकि जिसकी जितनी संख्या उसकी उतनी हिस्सेदारी। अगले साल जो जनगणना की बात की जानी है, उसमें जाति जनगणना कराने के लिए कांग्रेस संघर्ष करेगी और यह काम होकर रहेगा। कांग्रेस ने पूरे देश में लगभग 3.50 लाख संविधान रक्षक बनाए हैं और आने वाले दिनों में कई अधिक रक्षक बनाए जाएंगे।

## अगर पार्टियां पंथ को देश से ऊपर रखती हैं तो हमारी स्वतंत्रता दूसरी बार खतरे में पड़ जाएगी: धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को याद करते हुए कहा कि अगर पार्टियां पंथ को देश से ऊपर रखती हैं तो हमारी स्वतंत्रता दूसरी बार खतरे में पड़ जाएगी।

संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर साल भर चलने वाले समारोहों की शुरुआत के लिए पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने आगाह किया कि रणनीति के तहत व्यवधान पैदा करना लोकतंत्र के लिए खतरा है। धनखड़ ने कहा, ''यह समय रचनात्मक संवाद, बहस और सार्थक चर्चा के माध्यम से हमारे लोकतांत्रिक मंदिरों की पवित्रता को बहाल करने का समय है ताकि हमारे लोगों की प्रभावी ढंग से सेवा की जा सके। इस बात का उल्लेख करते हुए कि संविधान ने निपुणता से लोकतंत्र के तीन स्तंभों – विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिकाऽ को स्थापित किया और प्रत्येक की एक परिभाषित भूमिका है, धनखड़ ने कहा, ''लोकतंत्र का सबसे अच्छा पोषण तब होता है जब उसके संवैधानिक संस्थान अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों का पालन करते हुए समन्वय, तालमेल और एकजुटता से काम करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य के इन अंगों के कामकाज में, क्षेत्र विशिष्टता भारत को समृद्धि और समानता की अभूतपूर्व ऊंचाइयों की ओर ले जाने में इष्टतम योगदान देने का सबसे अच्छा साधन है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नड्डा, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे (राज्यसभा) और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू मंच पर मौजूद थे। इस अवसर पर भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ को समर्पित एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया गया। साथ ही 'भारत के संविधान का निर्माणः एक झलक' और 'भारत के संविधान का निर्माण और इसकी गौरवशाली यात्रा' शीर्षक वाली पुस्तकों का विमोचन किया गया। राष्ट्रपति ने संविधान के संस्कृत और मैथिली अनुवादों का अनावरण किया। यह समारोह 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' अभियान का हिस्सा है। इसका उद्देश्य संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुए संविधान के निर्माताओं के योगदान का सम्मान करना है।

# पूरी गरिमा, मर्यादा से सहमति या असहमति जतायें सांसद : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को आज नसीहत दी कि जिस प्रकार से संविधान सभा में अलग अलग विचार धारा वाले विद्वानों ने एक एक अनुच्छेद पर विचार मंथन करके पूरी गरिमा एवं मर्यादा से सहमति या असहमति व्यक्त की, हमें भी उसी उत्कृष्ट परंपरा को सदनों में अपनाना चाहिए।

श्री बिरला ने संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित ऐतिहासिक संविधान दिवस कार्यक्रम में अपने स्वागत उद्‌बोधन में यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में संविधान दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेतागण और सांसदों का अभिनंदन करते हुए कहा, ल्लआज संविधान दिवस का उत्सव मना रहे करोड़ों भारतीयों का मैं हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करता हूँ। 75 वर्ष पहले आज ही के दिन इस पवित्र स्थान पर हमारे संविधान को अंगीकृत किया गया था। राष्ट्रपति महोदया के नेतृत्व में सम्पूर्ण देश एक साथ मिलकर आज संविधान के प्रति कृतज्ञता प्रकट कर रहा है। आज करोड़ों देशवासी संविधान की प्रस्तावना का पाठ करके देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लेंगे।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा से वर्ष 2015 में हमने हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। हमारा संविधान हमारे मनीषियों के वर्षों के तप, त्याग, विद्वता, सामर्थ्य और क्षमता का परिणाम है। इसी केन्द्रीय कक्ष में लगभग 3 वर्षों के कठिन परिश्रम के बाद उन्होंने देश की भौगोलिक और सामाजिक विविधताओं को एक सूत्र में बांधने वाला संविधान बनाया। उन्होंने कहा, संविधान सभा में अलग अलग विचारधारा वाले सदस्य थे। इसके बावजूद उन्होंने एक-एक अनुच्छेद पर विचार मंथन किया, पूरी गरिमा और मर्यादा से अपनी सहमति असहमति व्यक्त करते हुए हमारे संविधान की रचना की। सार्थक एवं गरिमापूर्ण संवाद की इसी उत्कृष्ट परंपरा को हमें अपने सदनों में अपनाना चाहिए। श्री बिरला ने कहा कि हमारा संविधान देश में सामाजिक-आर्थिक बदलावों का सूत्रधार रहा है। कर्तव्यकाल में हम सामूहिक प्रयासों से विकसित भारत की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं।

## आप ने देश को ईमानदारी से काम करने वाला शासन दिया: केजरीवाल

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि हमने इस देश को ईमानदारी से काम करने वाला शासन का मॉडल दिया है। श्री केजरीवाल ने पार्टी के 13वें स्थापना दिवस पर सभी समर्थकों को बधाई देते हुए कहा हमारी पार्टी को बने 12 साल हो गए हैं। इन 12 सालों में हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि हमने इस देश को ईमानदारी से काम करने वाला शासन का मॉडल दिया है। इस मॉडल में हमने आम आदमी के परिवार का सदस्य बनकर उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में थोड़ी सी सहूलियत दी, दिल्ली का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया और बजट भी मुनाफ़े का रखा। आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू की गई स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी व सड़क की राजनीति की आज देशभर में बात की जाती है। उन्होंने कहा कि यह कोई संयोग नहीं हो सकता कि जिस दिन भारत का संविधान दिवस है, उसी दिन भारत के अंदर 60-70 साल बाद एक नई पार्टी पैदा होती है।

# मुंबई से सौ ट्रेनें, 300 लोकल ट्रेनें ज्यादा चल सकेंगी : वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने मुंबई महानगर में उपनगरीय एवं शहर से पूर्वी, मध्य एवं उत्तर भारत के लिए रेल यातायात को आसान बनाने के लिए क्षमता निर्माण की योजना बनायी है जिससे चार साल के भीतर रोज़ाना 300 उपनगरीय ट्रेनें और सौ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन संभव हो जाएगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां पत्रकारों से सोमवार को मंत्रिमंडल में स्वीकृत रेल परियोजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेलवे ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ आदि को जोड़ने वाले मध्य रेलवे के मनमाड-भुसावल-खंडवा के 291 किलोमीटर लंबे सेक्शन को चार लाइनों वाला बनाने तथा इसी लाइन पर उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के इरादतगंज से मानिकपुर तक 84.4 किलोमीटर तक तीसरी लाइन बिछाने से यातायात आसान हो जाएगा। महाराष्ट्र के खान देश इलाके के कृषि उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान आदि मध्य भारत, उत्तर भारत एवं पूर्वांचल तक आसानी से पहुंच सकेंगे। इन इलाकों की महाराष्ट्र के तीन बंदरगाहों -जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट, वाधवन और रोहा तक पहुंच आसान होगी।

रेल मंत्री ने कहा कि यह काम चार साल में पूरा करना है। इसके लिए सबसे पहले पुल बनाने का काम शुरू होगा और बाद में पटरी बिछाने का। इन तीनों परियोजनाओं के पूरा होने से 18 करोड़ लीटर डीजल की बचत होगी जो लगभग नौ करोड़ पेड़ लगाने के बराबर कार्बन डाइ ऑक्साइड का उत्सर्जन बचाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि इसके अलावा मुंबई में पांच टर्मिनस का क्षमता विस्तार किया जा रहा है और दो नये टर्मिनस बनाये जा रहे हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, परेल, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, कल्याण, पनवेल, मुंबई सेंट्रल, बांद्रा टर्मिनस, जोगेश्वरी (नया टर्मिनस निर्माण), वसई रोड (कॉर्ड लाइन सहित मेगा टर्मिनस निर्माण) में क्षमता विस्तार से कम से कम सौ ट्रेन प्रतिदिन और चलाना संभव होगा। उन्होंने कहा कि इस समय मुंबई में उपनगरीय रेलसेवा में प्रतिदिन करीब 3000 गाड़ियां चलायीं जाती हैं। क्षमता विस्तार की परियोजनाओं के पूरा होने के बाद कम से कम 300 अतिरिक्त लोकल ट्रेन चलाना संभव होगा।

# पेज एक का शेष

### संविधान लोकतांत्रिक...

का अवसर मिलता है। राष्ट्रपति ने कहा, ''हमारे संविधान निर्माताओं ने भारत को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का निर्देश दिया है। आज एक अग्रणी अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ हमारा देश विश्वबंधु के रूप में यह भूमिका बखूबी निभा रहा है। उन्होंने कहा, ''संविधान की भावना के अनुसार कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका का दायित्व मिल-जुलकर नागरिकों के जीवन को सुगम बनाना है। संसद द्वारा पारित किए गए अधिनियमों से इन आकांक्षाओं को मजबूती मिली है। मुर्मू ने कहा, ''देश के आर्थिक एकीकरण के लिए स्वतंत्रता के बाद का सबसे बड़ा कर सुधार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के रूप में किया गया है। वर्ष 2018 में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्ज़ा प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि महिला नीत विकास को यथार्थ रूप देने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया जिससे महिला सशक्तीकरण के नए युग की शुरुआत हुई है। मुर्मू ने देश में दंड के स्थान पर न्याय की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए तीन नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने देश के सभी वर्गों, विशेष रूप से कमजोर वर्ग के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं जिनसे उनका जीवन बेहतर हुआ है और उन्हें प्रगति के अवसर मिल रहे हैं। मुर्मू ने कहा कि गरीबों को पक्का घर, बिजली, पानी, सड़क के साथ खाद्य सेवा और चिकित्सा सुविधा मिल रही है। मुर्मू ने कहा कि समग्र और समावेशी विकास के ऐसे अनेक प्रयास हमारे संवैधानिक आदर्शों को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के प्रयासों से न्यायपालिका लोगों को न्याय दिलाने की दिशा में अनेक प्रयास कर रही है। उन्होंने देशवासियों से संवैधानिक आदर्शों को अपने आचरण में ढालने, मूल कर्तव्यों का पालन करने तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के राष्ट्रीय लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया।

### संविधान ने देश में बदलाव...

उनके कार्यकाल से लंबा है। उन्होंने कहा, 'न्यायाधीश 'बार' से आते हैं और 'बार' में वापस चले जाते हैं। हम 'बार' से संबंधित हैं। 'बार' जितना बेहतर होगा, न्यायाधीश भी उतने ही बेहतर होंगे। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि उच्चतम न्यायालय की विरासत बहुत मजबूत एवं अच्छी रही है और पर्यावरण कानून, गोपनीयता कानून एवं मौलिक अधिकारों से लेकर बुनियादी ढांचे के सिद्धांत तक के फैसले इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा, ''इनमें से कई फैसले ऐसे हैं जो मुझे नहीं लगता कि 'बार' के सदस्यों के योगदान और प्रयासों के बिना संभव हो पाते। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश का पद संभालने के बाद से उन्होंने 'बार' के सदस्यों की समस्याओं पर गौर करने के कई प्रयास किए हैं। उन्होंने अदालत कक्षों के बाहर वाद सूची प्रदर्शित करने वाले नोटिस बोर्ड लगाने और शीर्ष अदालत में वाई-फाई सेवाओं में सुधार करने समेत उठाए गए कई कदमों का जिक्र किया। न्यायमूर्ति खन्ना ने साथ ही कहा कि आज आत्मावलोकन करने और मजबूत पक्षों एवं कमजोरियों पर गौर करने तथा उनका आकलन करने का दिन है।

### संविधान के मार्गदर्शन...

आजाद भारत की और भारत के नागरिकों की ज़रूरतें बदलेंगी, चुनौतियां बदलेंगी। इसलिए उन्होंने हमारे संविधान को महज कानून की एक किताब बनाकर नहीं छोड़ा, बल्कि इसको एक जीवंत, निरंतर प्रवाहमान धारा बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान की भावना के अनुसार बदलाव किए जा रहे है और इसका लाभ आम नागरिकों को मिल रहा है। भारतीयों को त्वरित न्याय मिले, इसके लिए नई न्याय संहिता लागू की गई है। दंड आधारित व्यवस्था और न्याय आधारित व्यवस्था में बदल चुकी है। प्रधानमंत्री ने वर्षों पहले इसी दिन मुंबई में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को याद किया और चेतावनी देते हुए कहा कि भारत आतंकवादी संगठनों या उसके किसी भी रूप में के साथ शक्ति से निपटने को तैयार है और उसे मुंहतोड़ जवाब देगी। गौरतलब है कि 26 नवंबर 2011 को मुंबई में आतंकी हमले हुए थे। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल, बार काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा, अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमनी समेत, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, उच्चतम अदालत और उच्च न्यायालय के अनेक वर्तमान और पूर्व न्यायाधीश समेत अनेक गनमाण्य लोग भी मौजूद थे।

### जीतें तो ठीक...

कि विदेशों ने मतपत्र से मतदान को अपना लिया है और भारत को भी इसका अनुसरण करना चाहिए। पीठ ने पूछा, 'आप बाकी दुनिया से अलग क्यों नहीं होना चाहते? पॉल ने दावा किया कि टेस्ला के सीईओ और सह-संस्थापक एलन मस्क ने कहा है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है और उन्होंने कहा कि टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, आंध्र प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने दावा किया है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। पीठ ने कहा, 'जब चंद्रबाबू नायडू हार गए थे, तो उन्होंने कहा था कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। अब इस बार जगन मोहन रेड्डी हार गए हैं, तो उन्होंने कहा है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। जब याचिकाकर्ता ने कहा कि सभी जानते हैं कि चुनावों में धन वितरित किया जाता है, तो पीठ ने टिप्पणी की, 'हमें कभी भी किसी चुनाव के लिए कोई धन नहीं मिला।' याचिकाकर्ता ने कहा कि उनकी याचिका में एक अन्य अनुरोध चुनाव प्रचार के दौरान धन और शराब के उपयोग को विनियमित करने के लिए एक व्यापक रूपरेखा तैयार करने तथा यह सुनिश्चित करने का था कि ऐसी प्रथाएं कानून के तहत प्रतिबंधित और दंडनीय हों। याचिका में जागरूकता बढ़ाने और सूचित निर्णय लेने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक मतदाता शिक्षा अभियान चलाने का निर्देश देने की मांग की गई। याचिकाकर्ता ने कहा, आज 32 प्रतिशत शिक्षित लोग वोट नहीं डाल रहे हैं। यह कितनी बड़ी त्रासदी है। अगर लोकतंत्र इसी तरह खत्म होता रहेगा और हम कुछ नहीं कर पाएंगे तो आने वाले वर्षों में क्या होगा।

### चार राज्यों में ...

पार्टी (भाजपा) के कृष्ण लाल पंवार ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में विधायक चुने जाने के बाद हरियाणा से राज्यसभा की अपनी सीट छोड़ दी थी। हाल के विधानसभा चुनावों के बाद, आंध्र प्रदेश में तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) और ओडिशा में भाजपा का राज्यसभा उपचुनाव में पलड़ा भारी रहेगा। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार है, जबकि हरियाणा में भाजपा का कब्जा बरकरार है।

### पहले साक्ष्य जुटाए जाएंगे,...

सुरक्षा के लिए है। अब इन कानूनों के तहत पहले साक्ष्य जुटाए जाएंगे, फिर अपराधी को कटघरे में खड़ा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुशासन की पहली शर्तही कानून का राज स्थापित करना है। साइबर अपराध और डिजीटल अरेस्ट जैसी घटनाएं रोकने के लिए आधुनिक तकनीकों का सकारात्मक इस्तेमाल करना होगा। मुख्यमंत्री ने सेमिनार के पहलेदिन इंस्टीटयूट में नए ऑडिटोरियम का उद्घाटन भी किया। इसके साथ ही विभिन्न पाठ्यक्रम को पूरा करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि 26 नवंबर 1949 की तिथि आजाद भारत के इतिहास के लिए एक महत्वपूर्ण तिथि है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान को 75 वर्ष पहले भारत ने अंगीकार किया था। प्रधानमंत्री ने 26 नवंबर 2015 से इस तिथि को पूरे देश में संविधान दिवस के रूप में मनाने का आह्वन किया था। कुछ लोग तकनीक का गलत इस्तेमाल कर रहे मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक विकास में सहायक होती है पर कुछ लोग इसका गलत इस्तेमाल कर लोगों को आर्थिक चोट पहुंचा रहे हैं। वर्तमान परिवेश में साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं को रोकने के लिए तकनीक का सकारात्मक इस्तेमाल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर सकारात्मक सोच रखने वाले लोग ऐसी तकनीकों से भागेंगे तो नकारात्मक लोग हावी होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध स ेनिपटने के लिए 18 रेंज मेंसाइबर थाने खोले गए। फिर सभी 75 जिलों में इनकी स्थापना की गयी। इस समय प्रदेश के सभी 1775 थानों पर साइबर हेल्प डेस्क खोली जा चुकी है। साइबर अपराध को रोकनेके लिए प्रदेश में पहला उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की स्थापना की गयी है। यहां पढ़कर निकलने वाले विद्यार्थी साइबर अपराध को रोकने में अपना योगदान दे सकेंगे।

### संविधान का गला...

घोंटने का काम किया था जनता ने उनको भी सबक सिखाने में कोई कोताही नहीं बरती है। उन्होंने कहा कि किसी भी संविधान या किसी भी पवित्र कार्यक्रम की आत्मा उसका उद्देश्य होता है, भारत का जो मूल संविधान बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने 26 नवंबर 1949 को दिया जिसे भारत ने अंगीकार किया था, उसमें दो शब्द 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्द भी नहीं था। कांग्रेस ने चोरी छिपे जब यह देश के नागरिक अधिकार निरस्त किए गए थे, देश इमरजेंसी थी तब इन दो शब्दों को भारत के संविधान में डालकर भारत की संविधान की आत्मा का गला घोंटने का काम कांग्रेस ने किया था। सीएम योगी ने कहा कि जो लोग देश की जनता को गुमराह करते हैं, उनकी भावनाओं के बारे में देश की जनता को जानने की आवश्यकता है। इनका चेहरा लोकतांत्रिक दिखता है लेकिन वास्तव में लोकतांत्रिक है नहीं। यह अपनी उस तानाशाही फासीवादी मानसिकता के साथ काम करने वाले लोग हैं। जब भी इनको अवसर मिलेगा ये लोग अपनी हरकत से बाज नहीं आएंगे। सीएम योगी ने कहा कि इससे पहले 1975 रहा हो या फिर अब भारत के बाहर जाकर और भारत के अंदर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के द्वारा सामाजिक रूप से दलित अति पिछड़ी जाति के लोगों को मिले हुए संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने के बारे में किस प्रकार की टिप्पणियां ये लोग करते हैं यह आज किसी से छिपा नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की यह धरोहर है जो संपूर्ण भारत को 140 करोड़ भारतवासियों को एकता के सूत्र में बांधता है वह भारत का संविधान है, इस भारत के संविधान का संरक्षण करना हम सब का दायित्व है। भारत के संविधान के द्वारा भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए तय किए गए उसके मूलभूत कर्तव्यों का अगर हम पालन करेंगे तो यह बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति, भारत के संविधान निर्माताओं के प्रति और भारत के महान स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर आधुनिक लोकतंत्र के जनक कहे जाने वाले उन तमाम देशों से पहले भारत ने महिलाओं को मताधिकार की शक्ति दी। अब भारत उससे भी आगे बढ़ चुका है, जब प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करके विधायिका में एक तिहाई सदस्य महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया। यह भी दुनिया में सबसे पहले भारत में हुआ। सीएम योगी ने कहा कि भारत का संविधान भारत के नागरिकों को संरक्षण भी प्रदान करता है सम्मान भी प्राप्त करता है समानता के भाव के साथ भी जोड़ता है और संविधान निर्माताओं की मूल भावनाओं का सम्मान करना भी सीखाता है। न्याय, समता और बंधुता इसकी मूल भाव को लेकर अनेक उतार-चढ़ाव का सामना करते हुए भारत के संविधान ने अपने इन 75 वर्षों की यात्रा को शानदार तरीके से किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान न केवल अधिकारों की गारंटी देता है, बल्कि नागरिकों को उनके कर्तव्यों का भी बोध कराता है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम आजादी के अमृत काल में संविधान के अमृत महोत्सव को मना रहे हैं। यह समय संविधान के आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात कर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के लक्ष्य को साकार करने का है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास और दूरदर्शिता के कारण आज हम संविधान सभा का दिवस के इस आयोजन के साथ सहभागी बन रहे हैं। उन्होंने आज से 10 वर्ष पहले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के भव्य स्मारक के बनाने के कार्यक्रम का शुभारंभ करने के अवसर पर कहा था कि समय आ गया है जब हम भारत के संविधान दिवस को भी एक सार्वजनिक महत्व का दिवस मानकर इस आयोजन को पूरी भव्यता के साथ आयोजित करें। उन्होंने नोटिफिकेशन जारी करवाया और नोटिफिकेशन जारी करवाने के बाद 26 नवंबर 2015 से संविधान दिवस का यह कार्यक्रम इस भव्यता के साथ पूरे देश के अंदर आयोजित हो रहा है। सीएम योगी ने 2019 में उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद में नागरिक कर्तव्यों पर आयोजित विशेष सत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि नागरिक अधिकार और कर्तव्य दोनों ही लोकतंत्र के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि केवल अधिकारों की बात करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि संविधान में बताए गए नागरिक कर्तव्यों का पालन करना भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस को सार्वजनिक महत्व का दिन बताते हुए कहा कि इसे केवल एक औपचारिक कार्यक्रम के रूप में नहीं, बल्कि जागरूकता अभियान के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन के अंत में सभी नागरिकों से संविधान के आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण तभी संभव है, जब हर नागरिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे और संविधान में दिए गए अधिकारों का सही उपयोग करे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 'संविधान से आदर्श और मूल्य' विषय पर आयोजित वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने और इसके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। इस दौरान भारत के लोकतंत्र और संविधान से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री का भी प्रसारण किया गया, जिसमें संविधान निर्माण से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं और बहसों को दर्शाया गया। संविधान दिवस के इस आयोजन में दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, प्रमुख सचिव मनोज कुमार सिंह समेत कई मंत्री, विधायक और अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत का संविधान सुदृढ़ एवं लोक कल्याणकारी दस्तावेज: राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




## उत्तराखंड राजभवन में मनाया गया संविधान दिवस

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने मंगलवार को राजभवन में अधिकारियों और कर्मचारियों कोसंविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधान में निहित कर्तव्यों और दायित्वों की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राज्यपाल ने संविधान की उद्देशिका का पाठन किया। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने नये संविधान को स्वीकार किया था। बाद में यह संविधान 26 जनवरी 1950 में लागू हुआ था। तभी से हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर राज्यपाल सिंह ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और संविधान के सभी निर्माताओं को नमन करते हुए कहा कि संविधान भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है और इसके समस्त शक्तियों का स्रोत भी है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माण के ऐतिहासिक कार्य में देश के महान मनीषियों के विचारों और परिश्रम से एक लोक कल्याणकारी संविधान की मजबूत संरचना संभव हुई थी। राज्यपाल ने कहा कि यह दिन संविधान में निहित आदर्शों, सिद्धान्तों और कर्तव्यों के प्रति जागरुकता और समर्पण का दिन है। हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित दस्तावेज है, जो एक राष्ट्र के रूप में हमें मार्गदर्शन करता है। राज्यपाल ने नागरिकों से संविधान के अनुच्छेद 51(क) के तहत मौलिक कर्तव्यों का पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नैनीताल में आवास गृह और ब्रिटिश काल के बस अड्डे का होगा जीर्णोद्धार, सांसद ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैनीताल। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में मुलाकात कर मल्ला रामगढ़ में स्थित लोक निर्माण विभाग के आवास गृह और ब्रिटिश कालीन बस अड्डे के जीर्णोद्धार का आग्रह किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपते हुए कहा कि ये स्थल वर्तमान में बदहाल स्थिति में हैं और इनके जीर्णोद्धार से क्षेत्रीय विकास को गति मिल सकती है।

सांसद भट्ट ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि 19 नवंबर 2024 को क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान जनता ने उन्हें इस बारे में अवगत कराया था। वर्तमान में आवास गृह का गोदाम के रूप में उपयोग किया जा रहा है, जहां रोलर, जेसीबी मशीन और डंपर रखे गए हैं। जबकि बस अड्डा आवारा जानवरों का अड्डा बन गया है। श्री भट्ट ने कहा कि मल्ला रामगढ़ पर्यटक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां हर साल बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। यहां से हिमालय का दृश्य स्पष्ट दिखाई देता है, लेकिन गेस्ट हाउस और बस अड्डा न होने से पर्यटकों और स्थानीय जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इनके शीघ्र जीर्णोद्धार का अनुरोध करते हुए कहा है कि इससे न केवल पर्यटकों को सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के क्षेत्र में आने-जाने से स्थानीय समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को भी बल मिलेगा।

# दून पुस्तकालय में सजी साहित्यिक सांझ भानुभक्त की कृतियों का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र ने मंगलवार को साहित्य प्रेमियों के लिए अनोखी शाम का आयोजन किया, जहां नेपाली भाषा के आदि कवि भानुभक्त आचार्य के जीवन और कृतित्व पर एक सारगर्भित चर्चा हुई। इस अवसर ने साहित्य और संस्कृति के प्रेमियों को एक साथ आने का अवसर दिया, जहां विद्वानों ने भानुभक्त आचार्य के साहित्य के अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डाला।इस जीवंत चर्चा ने न केवल भानुभक्त आचार्य के साहित्य को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया, बल्कि देहरादून की साहित्यिक परंपरा को भी समृद्ध किया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रोग्राम एसोसिएट चंद्रशेखर तिवारी ने अतिथियों और श्रोताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद चर्चा के मुख्य वक्ता, वरिष्ठ लेखक और मार्गदर्शक कृष्ण प्रसाद पन्थी ने भानुभक्त आचार्य के जीवन के अनूठे प्रसंगों को साझा किया। उन्होंने बताया कि किस तरह संस्कृत साहित्य के विद्वान भानुभक्त ने अपनी आध्यात्मिक चेतना और प्रखर काव्यशक्ति से नेपाली रामायण का सृजन कर नेपाली साहित्य को एक नई ऊंचाई दी। उनकी रचनाओं में भारतीय काव्यशास्त्र की परंपराओं का अद्भुत समावेश नजर आता है।भाषाविद और अनुवादक डॉ. दिनेश शर्मा ने चर्चा को और गहराई दी। उन्होंने श्रोताओं को भानुभक्त आचार्य के दुर्लभ पत्रों और कविताओं से परिचित कराया, जिनमें उनकी संवेदनशीलता और संघर्ष झलकते हैं। ''जेल से प्रधानमंत्री को लिखी कविता'' और ''पुत्र को लिखे पत्र'' जैसे प्रसंगों ने श्रोताओं को गहरी भावुकता से भर दिया। साथ ही उन्होंने नेपाली भाषा के विकास में उत्तराखंड और हिमालयी क्षेत्रों के योगदान को भी रेखांकित किया।रेडियो प्रस्तोता संकल्पा पन्त ने अपनी सहज और प्रभावी शैली में कार्यक्रम का संचालन किया।

## संविधान दिवस पर अधिकारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ, देश सेवा की राह पर एक और कदम

गोपेश्वर। चमोली जिले में संविधान दिवस के अवसर पर सभी सरकारी संस्थानों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भारत के संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ ली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संविधान दिवस की बधाई दी और कहा कि हमें संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों के साथ-साथ अपने मौलिक कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देश की एकता, अखंडता और प्रभुता की रक्षा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। संविधान के प्रति सम्मान और निष्ठा रखते हुए शांति, सद्भाव और सामाजिक समरसता को बनाए रखना हमारा दायित्व है।इस मौके पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ संविधान की प्रस्तावना का पालन करने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली।

# प्रधानमंत्री ने संविधान दिवस को जनसहभागिता से जोड़ा: अजेय कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान दिवस की घोषणा कर इसे जनसहभागिता से जोड़ने का काम किया है, जबकि पहले की पूर्ववर्ती सरकारों में संविधान दिवस को मात्र कानून दिवस की औपचारिकता तक सीमित रखा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार मंगलवार को बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय पर संविधान दिवस पर आयोजित एक विचार गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। गोष्ठी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश बाबा साहेब के सपनों के स्वर्णिम युग में आगे बढ़ रहा है। पूर्ववर्ती कई सरकारों ने इस महत्वपूर्ण दिवस को मात्र कानून दिवस की औपचारिकता पूरी कर इस उपलब्धि को जनता के बीच पहुंचने से रोका। प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान दिवस की घोषणा कर लोगों में जागरुकता फैलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान बदलने का झूठा नैरेटिव फैलाया। हमें इस तरह विपक्षी नैरेटिव को पूरी तरह समाप्त करना है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी संविधान दिवस की घोषणा करना, हम सबके लिए सम्मान की बात है। पिछली सरकारों ने बाबा साहेब के विचारों को दबाने और उनकी पहचान को समाप्त करने का काम किया। प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने कहा कि संविधान समाप्त करने का काम कंग्रेस ने किया है। देश में आपातकाल लगाया, संविधान की मूल प्रस्तावना को बदला। राजपुर विधायक खजान दास ने कहा कि संविधान निर्माण दिवस को लेकर जनमानस में संवेदना, महत्व और जागरुकता स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया।

## अनुसचिव मोहम्मद आरिफ टीम मैनेजर नियुक्त, 20वीं ओपन हैंडबॉल चैंपियनशिप में लेंगे भाग

देहरादून । हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह ने बताया कि आगामी 20वीं ओपन हैंडबॉल चैंपियनशिप जो आगामी तीन से 10 दिसंबर तक दिल्ली के आईजीआई स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसमें लोकायुक्त के अनुसचिव मोहम्मद आरिफ को टीम मैनेजर के रूप में नियुक्त किया गया है।उन्होंने कहा कि यह आयोजन भारतीय हैंडबॉल को एक नई दिशा देने के साथ खिलाड़ियों के बीच खेल के प्रति जुनून और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करेगा। मोहम्मद आरिफ जो पूर्व सीनियर राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी रहे हैं, अपनी टीम के लिए इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मार्गदर्शन और प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाएंगे। उनकी खेल से जुड़ी गहरी समझ और अनुभव से टीम को लाभ होगा। चैंपियनशिप के आयोजन से संबंधित जानकारी साझा करते हुए डॉ. तेजराज सिंह ने कहा कि यह प्रतियोगिता हैंडबॉल के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच है।

## धौलास क्षेत्र में निर्माणाधीन पीएम आवासों का एमडीडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

देहरादून। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत धौलास क्षेत्र में निर्माणाधीन 240 ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) घरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मंगलवार को मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को किफायती और सुसज्जित आवास देना है। धौलास हाउसिंग स्कीम के तहत बन रहे ये घर पीएम आवास योजना के मापदंडों के अनुरूप तैयार किए जा रहे हैं। इनका निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और परियोजना को समय सीमा के भीतर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।उपाध्यक्ष तिवारी ने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को आवास की सुविधा मिले। धौलास में बन रही यह परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर एमडीडीए के वरिष्ठ अधिकारी, परियोजना प्रबंधक और निर्माण कार्य में लगे अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेयजल सचिव के जवाब से हाईकोर्ट असंतुष्ट, बेहतर प्लान के साथ चार दिसंबर को पेश होने के निर्देश

नैनीताल। हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी के बड़कोट को पानी की समस्या से निजात दिलाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद पेयजल सचिव के जवाब से असंतोष जताया। साथ ही संबंधित विभागों के साथ मीटिंग करके उन्हें बेहतर प्लान के साथ चार दिसंबर को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने के निर्देश दिए। पूर्व आदेश के क्रम में पेयजल सचिव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि बड़कोट में कई जल परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

# प्रतापराव जाधव ने किया 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आयुष मंडप का दौरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने मंगलवार को भारत मंडपम परिसर में चले रहे 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में आयुष मंडप का दौरा किया। इस दौरान जाधव ने प्रदर्शकों और प्रतिभागियों के साथ बातचीत की, आयुष चिकित्सा प्रणालियों और जीवनशैली समाधानों को बढ़ावा देने में उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने समग्र कल्याण और स्थायी स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के लिए पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक नवाचारों के साथ एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया। आयुष के साथ स्वस्थ भारत, विकसित भारत' थीम वाले इस मंडप में भारत की पारंपरिक स्वास्थ्य और कल्याण प्रणालियों की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया गया है, साथ ही मंत्रालय की नवीनतम पहलों और नवाचारों पर प्रकाश डाला गया है। पवेलियन के प्रमुख आकर्षणों में 'आयुष वीजा' प्रदर्शनी शामिल है, जो भारत के संपन्न स्वास्थ्य और कल्याण क्षेत्र में वैश्विक हितधारकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल है। हाल ही में गृह मंत्रालय द्वारा अधिसूचित, आयुष वीजा अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा पर्यटन को उपचार के लिए सुविधा प्रदान करता है।

मंडप में 'आयुष आहार' भी शामिल है, जो पारंपरिक ज्ञान पर आधारित अभिनव आहार प्रथाओं को प्रदर्शित करने वाली एक पहल है। मंडप में लोगों को विशेषज्ञ परामर्श और रेसिपी प्रदर्शनी के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली प्राप्त करने में आयुष-आधारित पोषण को उजागर किया जा रहा है। आयुष मंडप के अन्य मुख्य आकर्षणों में विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया 'सांप और सीढ़ी' खेल शामिल है, जो बच्चों को संतुलित आहार और आयुर्वेद से प्रेरित स्वस्थ आदतों के बारे में शिक्षित करता है। इसके साथ मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा आयोजित योग प्रदर्शन, योग चिकित्सा सत्र और कार्यस्थल योग प्रदर्शन, पारंपरिक स्वास्थ्य परामर्श और प्रकृति परीक्षण जैसे इंटरैक्टिव कियोस्क भी लगाए गए हैं।

# खानपुर हर्ष फायरिंग मामला : मृतक बच्चे के पिता ने हत्या का लगाया आरोप, मामला दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। हरिद्वार के खानपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की रात शादी समारोह के दौरान 9 वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक बच्चे के पिता ने घटना को हर्ष फायरिंग नहीं, बल्कि दूल्हे और उसके पिता पर डी जे को लेकर हुए विवाद में गोली मारकर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दूल्हे और उसके पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है।

गौरतलब है कि खानपुर थाना क्षेत्र के लालचंदवाला गांव में 23 नवंबर की रात को एक शादी समारोह में डीजे पर डांस के दौरान हर्ष फायरिंग में 9 वर्षीय रिहान की गोली लगने से मौत हो गई थी। जिसके बाद पुलिस द्वारा बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले को अभी तक हर्ष फायरिंग से जोड़कर देखा रहा था। लेकिन मृतक के पिता वसीम ने मामले में जो तहरीर पुलिस को दी है, उसके बाद प्रकरण में नया मोड़ आ गया है।वसीम ने अपनी तहरीर में पुलिस को बताया कि घटना की रात को वह अपने बेटे रिहान के साथ गांव में आजाद के घर उसके बेटे फिरोज के शादी समारोह में गया था। वसीम के अनुसार शादी समारोह में डीजे पर गाना बजाने को लेकर उनका आजाद और फिरोज के साथ विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि आरोपित घर से तमंचा निकाल लाया और उन्हें निशाना बनाकर गोली चला दी। गोली उसके बेटे रिहान को लगी और उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता का आरोप है।

# सफाई व्यवस्था को बिजनेस न समझें कंपनियां: डीएम


कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून । जिलाधिकारी और नगर निगम प्रशासक सविन बंसल की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निगम कार्यालय सभागार में शहर की सफाई और प्रकाश व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कूड़ा प्रबंधन में लापरवाही करने वाली कंपनियों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था-कूड़ा उठान को केवल बिजनेस न समझें। यह लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा गंभीर विषय है।जिलाधिकारी बंसल ने कंपनियों को अनुबंध की शर्तों के अनुसार अपने संसाधन बढ़ाने या मौजूदा संसाधनों से दोहरी ड्यूटी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 15 दिन के भीतर सुधार न होने पर 53 वार्डों के लिए नई टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। सफाई कंपनियों के भुगतान बढ़ाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने नगर निगम अधिकारियों को विधिक रूप से प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कंपनियों को अनुबंध के अनुसार ही कार्य करना होगा और किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शीशमबाड़ा प्लांट में कूड़े के निस्तारण में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने निकोल और एनवायरनमेंटल टेक्नो कंपनियों को भारी आर्थिक दंड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कंपनियों के उच्च अधिकारी एक सप्ताह के भीतर पेश नहीं होते हैं तो टर्मिनेशन की कार्रवाई शुरू की जाएगी।बैठक में प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा में अधिकारियों ने बताया कि एक अक्टूबर से अब तक 26,852 स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत की गई है। इसमें कंट्रोल रूम और सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त 4,072 शिकायतों का समाधान भी शामिल है। जिलाधिकारी ने संबंधित कंपनियों को मरम्मत का बैकलॉग न रखने और समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त बीर सिंह बुदियाल, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, अधिशासी अभियंता रचना पायल और संबंधित कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल थे।

## संविधान के प्रति निष्ठा और सम्मान की शपथ, लोकतंत्र की सशक्त नींव

हरिद्वार। संविधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने आज अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य संविधान के लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान के प्रति निष्ठा को प्रकट करना है। यह दिवस हमें लोकतंत्र, पंथ निरपेक्षता, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों की याद दिलाता है, साथ ही हमारे अधिकारों और कर्तव्यों का अहसास कराता है।जिलाधिकारी ने कहा कि संविधान में निहित भावनाओं का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने औपचारिक रूप से भारतीय संविधान को अपनाया, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस मनाने की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।उन्होंने यह भी याद दिलाया कि भारतीय संविधान को बनाने में डॉ. भीमराव अंबेडकर की अहम भूमिका थी, क्योंकि वे संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष थे।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पीएल शाह, दीपेंद्र सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी मनीष सिंह, लक्ष्मी राज चौहान, मुख्य वैयक्तिक अधिकारी सुदेश कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063